www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 21 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक -346 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



भाजपा व बीजू जनता दल गठबंधन पर अभी ... 02
■ राजधानी दिल्ली में अनाधिकृत अवैध पार्किंग का...
■ अवैध पार्किंग के बारे में जानकारी मांगना राजनीतिक ... 03
■ 'नेबरहुड फस्ट नीति' पर फोकस के साथ आज भूटान...
■ भारतीय अमेरिकी व्यवसायी के 3.4 लाख डॉलर के... 07
तृप्ति डिमरी ने 'भूल भुलैया 3' पर दिया अपडेट, ... 10

रमजान मुबारक

21 मार्च-10

| | | |
|---|---|---|
| खत्म सहरी | : | 5.04 |
| रोजा इफ्तार | : | 6.33 |



# लोकसभा की 102 सीटों पर नामांकन शुरू

## तमिलनाडु की 39, राजस्थान की 12 व मध्य प्रदेश की 6 सीटें शामिल

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। देश में 18वीं लोक सभा के सात चरणों में कराए जाने वाले चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को प्रारम्भ हो गई। चुनाव आयोग ने आम चुनाव के पहले चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों की कुल मिलाकर लोक सभा की 102 सीटों के लिये बुधवार सुबह अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही, इन सीटों के लिये प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने का कार्य शुरू हो गया। पहले चरण के मतदान 19 अप्रैल को कराए जाएंगे।





- छत्तीसगढ़ में पहले चरण में 1 सीट पर चुनाव
- आयोग ने बुधवार सुबह अधिसूचना जारी की
- पहले चरण में 19 अप्रैल को होगा मतदान

पहले चरण में तमिलनाडु की 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ, मध्य प्रदेश की छह, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र की पांच-पांच, बिहार की चार, पश्चिम बंगाल की तीन, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय की दो-दो सीटें और छत्तीसगढ़, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अनादमन और निकोबार द्वीप समूह, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और पुड्डुचेरी की एक-एक सीट के लिए चुनाव कराए जा रहे हैं। इस चरण में बिहार को छोड़कर सभी संबंधित राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों में नामांकन इस महीने की 27 तारीख तक भरे जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी और नाम 30 मार्च तक वापस लिए जा सकेंगे। बिहार में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 28 मार्च है और नामांकन पत्रों की जांच दो अप्रैल को की जाएगी। लोक सभा की कुल 543 सीटों के लिए आम चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में कराए जा रहे हैं। मतगणना चार जून को होगी और चुनाव प्रक्रिया छह जून तक पूरी कर ली जाएगी। विश्व में इस सबसे बड़े चुनाव पर्व में कुल करीब 97 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे।

### छत्तीसगढ़ की इकलौती बस्तर सीट भी शामिल

**रायपुर।** लोकसभा चुनावों के लिए कल पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ छत्तीसगढ़ की इकलौती सीट बस्तर पर नामांकन प्रकिया शुरू हो गई। राज्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले के अनुसार प्रथम चरण के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन दिवस में सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक दाखिल कर सकते हैं।

### मध्य प्रदेश की इन सीटों पर नामांकन

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि पहले चरण में छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है।

## भाजपा ने चुनाव आयोग से की राहुल की शिकायत



**नई दिल्ली।** भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की शिकायत की। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने चुनाव आयोग से शिकायत करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जो पोस्ट किया गया है, वह बहुत ही आपत्तिजनक है और उन्होंने आयोग से उस पोस्ट को डिलीट करने और कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा ने इसके साथ ही राहुल गांधी द्वारा शक्ति और ईवीएम को लेकर दिए गए बयान की भी चुनाव आयोग से शिकायत की है।

कांग्रेस का बढ़ता कुनबा

# एक दिन में दो पार्टियों का कांग्रेस में विलय

## पप्पू यादव व चौधरी लाल सिंह ने अपनी पार्टियों का कांग्रेस में विलय किया

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस के लिए बुधवार का दिन बेहद अहम रहा। पप्पू यादव, दानिश अली और चौधरी लाल सिंह कांग्रेस में शामिल हो गए। इतना ही नहीं, पप्पू यादव ने अपनी 'जन अधिकार पार्टी' और चौधरी लाल सिंह ने 'डोगरा स्वाभिमान संगठन' का विलय कांग्रेस में कर लिया है। पांच बार लोकसभा के सदस्य रहे बिहार के प्रमुख नेता पप्पू यादव को कांग्रेस के बिहार के प्रभारी महासचिव मोहन प्रकाश , पार्टी के संचार विभाग विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, बिहार विधानसभा में कांग्रेस के नेता शकील अहमद ने आज यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान श्री यादव और उनके पुत्र सार्थक यादव को अंग वस्त्र पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। श्री यादव के साथ ही उनके कई समर्थक कांग्रेस में शामिल हो गए। श्री प्रकाश ने श्री यादव का समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल होने पर उनका स्वागत किया और कहा कि उनके आने से कांग्रेस मजबूत होगी और इंडिया गठबंधन को भी बिहार में मजबूती मिलेगी। श्री यादव ने कहा कि वह पांच बार लोकसभा सदस्य और एक बार विधानसभा के सदस्य रहे लेकिन उनकी विचारधारा पूरी तरह से कांग्रेस की रही है।



### 2004 में भी भाजपा को हराया था : लाल सिंह

चौधरी लाल सिंह ने कहा कि यह संयोग है कि वह जिस पार्टी में खड़े होते हैं वह पार्टी सत्ता में आती है। उन्होंने कहा कि 2004 में भाजपा का शाइनिंग इंडिया नारा चरम पर था तो तब उन्होंने भाजपा को हराया गया था। उन्होंने कहा कि आज वह कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। लोग डर के मारे भाजपा में शामिल हो रहे हैं, लेकिन वह डरने वाले नहीं है।

## दानिश अली ने थामा कांग्रेस का हाथ



**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लोकसभा सदस्य दानिश अली समर्थकों के साथ बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया। उन्होंने कहा कि अमरोहा के सांसद दानिश अली के कांग्रेस में शामिल होने से देश में न्याय की लड़ाई को बल मिलेगा। उनका कहना था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उन्होंने आखिर तक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जगह-जगह सहयोग देते रहे। श्री अली ने कहा, आज जो देश की परिस्थितियां हैं,वह किसी से छुपी नहीं है। एक तरफ दमनकारी शक्तियां हैं तो दूसरी तरफ देश के वंचित, दलित और पीड़ितों को न्याय दिलाने वाली शक्ति है। इस स्थिति में दमनकारी शक्ति से लड़ना है तो राहुल गांधी के नेतृत्व में न्याय की लड़ाई में खड़ा होना पड़ेगा।

**सार संक्षेप**

### पारस का इस्तीफा स्वीकार, रिजिजू को अतिरिक्त प्रभार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पशुपति कुमार पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और किरण रिजिजू को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभालने को कहा है। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 75 की धारा दो के तहत श्री पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

### राजद में टिकट बंटवारे के लिए लालू अधिकृत



**पटना।** बिहार में बुधवार से लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। इसी बीच अब महागठबंधन में सीट बंटवारे और प्रत्याशियों के चयन को लेकर भी बैठकों का दौर जारी है। बुधवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर राजद की संसदीय बोर्ड की हुई बैठक में टिकट बंटवारे के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को अधिकृत किया गया। बैठक के बाद राजद नेता श्याम रजक ने यह जानकारी दी।

### दिल्ली में मकान मालिक ने किराएदार की हत्या की



**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में मकान मालिक ने कथित तौर पर एक किराएदार की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने बुधवार को बताया, संदिग्ध फरार है। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जॉय टिर्की ने कहा, बुधवार सुबह 7:15 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल पर करावल नगर के अंबेडकर विहार में एक घर में एक शव के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

# सपा ने छठी सूची की जारी

## पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार को उतारा

**लखनऊ,** 20 मार्च (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी ने बुधवार को एक और उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस बार फिर पार्टी ने छह उम्मीदवारों के टिकट का एलान किया है। पार्टी ने संभल से जियाउर्रहमान बर्क, बागपत से मनोज चौधरी, गौतम बुद्ध नगर से राहुल अवाना, पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार, घोसी से राजीव राय और मिर्जापुर से राजेंद्र एस बिंद को चुनावी मैदान में उतारा है। इससे पहले सपा 43 नामों का एलान कर चुकी थी, छठी सूची के बाद से अब यह संख्या 49 हो गई है। हालांकि यह संख्या वास्तविकता में 48 है, क्योंकि इंडिया गठबंधन होने के बाद वाराणसी लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में चली गई है तो पार्टी को वहां से अपना उम्मीदवार हटाना होगा।





**छठी सूची में किसे कहां से टिकट**

- संभल से जियाउर्रहमान बर्क
- बागपत से मनोज चौधरी
- गौतम बुद्ध नगर से राहुल अवाना
- पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार
- घोसी से राजीव राय
- मिर्जापुर से राजेंद्र एस बिंद

# फिर बदलेगा उत्तर भारत में मौसम

- तीन दिन बाद होगी बारिश
- आंधी-तूफान का भी अनुमान

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। अगले 24 घंटे के भीतर उत्तर भारत के कुछ राज्यों में तेजी से मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश में 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से न सिर्फ तेज हवाएं चलेंगी। बल्कि जम्मू कश्मीर लद्दाख और हिमाचल प्रदेश समेत उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में बारिश के साथ ओले भी पढ़ सकते हैं। इसके अलावा शनिवार से एक बार फिर से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ गति पकड़ेगा, जिससे इस इलाके में तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान की संभावनाए बढ़ रही हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस वक्त पश्चिमी विक्षोभ तेलंगाना में सक्रिय है। इस वजह से तेलंगाना, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मौसम बदला हुआ है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि मध्य भारत के हिस्से के अलावा उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भी अगले 24 घंटे में मौसम बदल सकता है। अनुमान के मुताबिक पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ समेत हिमाचल के कुछ हिस्सों में तेज हवाएं चल सकती हैं।

# भारत एआई में दुनिया का नेतृत्व करेगा : मोदी

**युवा इनोवेटर प्रेरक शक्ति के रूप में उभरेंगे**

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि भारत एआई के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बनेगा और इसके युवा इनोवेटर देश को आगे ले जाने के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में उभरेंगे। यहां भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, एआई में भारत का पलड़ा भारी रहेगा और हम इस अवसर को जाने नहीं देंगे।





# दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी से किया जवाब-तलब

**नई दिल्ली,** 20 (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब नीति घोटाले के मामले में समन को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब तलब किया।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने ईडी को दो सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय इस मामले में अगली सुनवाई 22 अप्रैल को करेगी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा,'पेश (ईडी के समक्ष) क्यों नहीं होते।' श्री सिंघवी ने आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह की ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए जवाब दिया कि उन्हें (मुख्यमंत्री केजरीवाल को) को आशंका है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने अदालत से गुहार लगाते हुए कहा कि उन्हें सुरक्षा दी जाए तो वह पेश होने के लिए तैयार हैं।





- केजरीवाल की याचिका पर दो सप्ताह में मांगा जवाब

## सुप्रीम कोर्ट ने भी ईडी से जताई नाराजगी

**बिना मुकदमे के हिरासत में रखने पर उठाए सवाल**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित सहयोगी प्रेम प्रकाश की डिफॉल्ट जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में आरोपियों को बिना सुनवाई के हिरासत में रखने पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि किसी आरोपी को बिना मुकदमे के हिरासत में रखना स्वतंत्रता में बाधा उत्पन्न करने जैसा है।

# देश

**उवाच**

जब आप 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की बात करते हैं और आपको उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा बिहार जैसे राज्यों में एक साथ चुनाव कराने हैं, तो आपको सेना कहां से मिलेगी।

–उमर अब्दुल्ला, नेकां के उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.0 | 16.0 |
| मुंबई | 25.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 20.0 | 19.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 28.0 |

# लाल सिंह की दस साल बाद कांग्रेस में वापसी

■ जम्मू-कश्मीर में भाजपा-पीडीपी सरकार में रहे मंत्री ■ उधमपुर सीट से चुनाव लड़ने के दिए संकेत

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में भाजपा-पीडीपी सरकार के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस से दो बार सांसद रह चुके चौधरी लाल सिंह ने लगभग दस साल के बाद फिर कांग्रेस में वापसी कर ली। कांग्रेस के जम्मू-कश्मीर के प्रभारी महासचिव भरत भाई सोलंकी पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान उन्हें अंग वस्त्र पहनकर उन्हें कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई। सोलंकी ने इस मौके पर कहा कि 2024 में बड़ा राजनीतिक बदलाव होने जा रहा है और कांग्रेस बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में आएगी।



राजनीति में जम्मू-कश्मीर की भूमिका अहम साबित होगी। उनका कहना था कि लाल सिंह चौधरी के पार्टी के साथ कांग्रेस में शामिल होने से साफ है कि जम्मू-कश्मीर में बड़ा राजनीतिक बदलाव होने जा रहा है। चौधरी लाल सिंह ने कहा कि उन्होंने वैष्णो देवी में पिट्टू वाले, घोड़े वालों पर जो टैक्स लगता था उसे माफ करवाया। उन्होंने कहा कि यह संयोग है कि वह जिस पार्टी में खड़े होते हैं वह पार्टी सत्ता में आती है। इशारों में उन्होंने उधमपुर सीट से लड़ने की बात भी कही। लाल सिंह ने कहा कि मैं जिस सीट पर लड़ने जा रहा हूं, भाजपा वहां से 370 सीट जीतने की ख्वाब देख रही हैं। लेकिन जब वह पहली सीट ही हारने वाले हैं तो 370 की गिनती कहां जाएगी। उन्होंने साफ इशारा किया कि वह उधमपुर सीट से लड़ने जा रहे हैं। हालांकि कांग्रेस की तरफ से इस सीट पर अभी उम्मीदवार की घोषणा किया जाना बाकी है। अगर कांग्रेस एक बार फिर लाल सिंह को उधमपुर सीट से मैदान में उतारती है तो इस सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो जाएगा। लाल सिंह का गृह जिले कठुआ में आधार है और इस निर्वाचन क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जिलों में कांग्रेस की अच्छी प्रतिष्ठा है। इससे डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ उनका सीधा मुकाबला होगा। जबकि, गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेस आजाद पार्टी (डीपीएपी) के उम्मीदवार गुलाम मोहम्मद सरूरी भी इस सीट से चुनाव लड़ेंगे। वह किश्तवाड़ के मूल निवासी हैं। ऐसे में इस सीट पर मुकाबला जबरदस्त होने वाला है।

लाल सिंह ने कहा कि वह डोगरा हैं और अगर दिल्ली दूर है तो वह इसलिए कि डोगरे सरहद पर तैनात हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ना ही बड़ी बात है। वहां हमले होना आम है। चौधरी लाल सिंह ने राजनीति की शुरुआत छात्र नेता के तौर पर की थी। वह तीन बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके हैं। पहली बार 1996 में कठुआ की बसोहली सीट से कांग्रेस टिकट पर विधायक बने। 2002 में भी वह यहां से जीते और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस की गठबंधन सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने। स्वास्थ्य मंत्री बनने के दौरान भी वह खूब सुर्खियों में रहे।

इसके बाद साल 2004 और 2009 में उधमपुर की सीट से जीत कर लाल सिंह लोकसभा पहुंचे। साल 2014 में कांग्रेस की तरफ से टिकट न मिलने के चलते उन्होंने कांग्रेस से नाता तोड़ लिया। इसके बाद वह कठुआ में एक समारोह में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह की उपस्थिति में औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। फिर 2014 में बसोहली से भाजपा के टिकट पर उन्होंने फिर जीत दर्ज की। तब जम्मू कश्मीर राज्य में भाजपा और पीडीपी ने मिलकर सरकार बनाई।

## डर के मारे भाजपा में शामिल हो रहे हैं लोग : लाल सिंह

चौधरी लाल सिंह ने कहा कि 2004 में भाजपा का शाइनिंग इंडिया नारा चरम पर था तो तब उन्होंने भाजपा को हराया गया था। उन्होंने कहा कि आज वह कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। लोग डर के मारे भाजपा में शामिल हो रहे हैं, लेकिन वह डरने वाले नहीं है और कभी वह डरेंगे भी नहीं और लड़ते लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ना आसान नहीं है। उन पर कई हमले हुए हैं और वह बार-बार बचते रहे हैं। एक बार के हमले में तो उनके साथ के आठ लोग मारे गए लेकिन वह बच गए। पवन खेड़ा ने कहा कि पिछले कई दिनों से लगातार विभिन्न पार्टियों के नेता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय ने देश में जो प्रभाव छोड़ा है और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पार्टी को जो मजबूत नेतृत्व मिल रहा है उससे विभिन्न दलों के सांसदों और विधायकों का विभिन्न प्रदेशों में कांग्रेस के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है और कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। देश की राजनीति करवट ले रही है और कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला दिन भर चल रहा है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बकर रसूल ने कहा कि चौधरी लाल सिंह के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में बहुत तरक्की की हुई है। जब वह स्वास्थ्य मंत्री थे और वन मंत्री थे उनके किए क्रांतिकारी कार्यों को लोग आज भी याद करते हैं और वह आज भी सुधार के प्रतीक बने हुए है।

# लोकसभा उम्मीदवारों से सवाल करेगी महाराष्ट्र की बैंक यूनियन

### आठ अप्रैल से मतदाता जागरूकता अभियान होगा शुरू

**मुंबई,** 20 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में प्रमुख बैंक यूनियनें अप्रैल में जनता के बीच मतदाता जागरूकता अभियान शुरू करेंगी और बैंकिंग सेक्टर से संबंधित अहम मुद्दों पर सभी राजनीतिक दलों के लोकसभा उम्मीदवारों से सवाल करेंगी। अप्रैल से देश के अलग-अलग राज्यों में मतदान शुरू हो रहा है। यह धर्मयुद्ध महाराष्ट्र राज्य बैंक कर्मचारी महासंघ की देखरेख में शुरू होगा। एमएसबीईएफ के महासचिव देवीदास तुलजापुरकर ने बताया हम मुंबई में एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद 8 अप्रैल से महाराष्ट्र में मतदाता जागरूकता अभियान शुरू करेंगे। एमएसबीईएफ के आयोजन सचिव एन. शंकर ने बताया, इसमें बैंक यूनियनों द्वारा ऑडियो-विजुअल शो के माध्यम से पब्लिक मीटिंग, कई भाषाओं में पर्चे बांटे जाएंगे, सामाजिक और पारंपरिक मीडिया अभियान और बैनर/पोस्टर लगाना आदि शामिल होंगे। सहकारी बैंकों को छोड़कर



वर्तमान में भारत में विभिन्न पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर के बैंकों की 80 हजार से ज्यादा ब्रांचें हैं। एमएसबीईएफ या उससे संबंधित यूनियनें 40 हजार से ज्यादा ब्रांचों में प्रभाव का दावा करती हैं, जिनमें महाराष्ट्र में लगभग 12 हजार ब्रांचें शामिल हैं। एमएसबीईएफ ने कहा कि हम सार्वजनिक चिंताओं को उठाएंगे, जिसमें चुनावी बॉन्ड, सरकार के साथ बैंकरों की मिलीभगत, बैंकों के निजीकरण की नीतियों के कारण बेरोजगारी और आम आदमी के पैसे की असुरक्षा, बड़े कॉर्पोरेट्स द्वारा जनता के करोड़ों रुपए की लूट आदि अन्य मुद्दे शामिल हैं।

## राज्य के मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाएंगी यूनियनें

एमएसबीईएफ के आयोजन सचिव एन.शंकर ने कहा कि बीते 15 सालों में बैंकिंग लगभग हर घर तक पहुंच गई है। इसलिए यूनियनें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पूरे राज्य के करोड़ों नागरिकों और मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाएंगी। उन्होंने एक संयुक्त बयान में कहा कि यूनियनें बैंकों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के अलावा, उम्मीदवारों से उनकी पार्टी की परवाह किए बिना कठिन सवाल पूछेंगी।

**सार संक्षेप**

### सीधी से भाजपा प्रत्याशी ने नामांकन भरा

**सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी डॉ. राजेश मिश्र ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकनपत्र दाखिल किया। विंध्य अंचल के सीधी से भाजपा प्रत्याशी डॉ. मिश्र के नामांकनपत्र दाखिले के दौरान उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल भी मौजूद थे। सीधी में लोकसभा चुनाव संबंधी अधिसूचना जारी होने के साथ बुधवार से ही नामांकन पत्र भरने का क्रम शुरू हुआ है, जो 27 मार्च तक चलेगा। अगले दिन इनकी जांच होगी और 30 मार्च तक नामवापसी की समयसीमा निर्धारित है। मतदान 19 अप्रैल को होगा।

### सिकंदराबाद छावनी उपचुनाव के लिए कांग्रेस को मिला उम्मीदवार

**हैदराबाद।** सिकंदराबाद छावनी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव से पहले भाजपा नेता एन. गणेश, जिन्होंने हाल ही में चुनाव लड़ा था, नाकामी के बाद कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। मल्काजगिरि लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार एटाला राजेंदर के लिए प्रचार में भाग लेने के कुछ घंटों बाद गणेश ने अपनी वफादारी बदल ली। मल्काजगिरि लोकसभा क्षेत्र के विस क्षेत्रों में से एक, सिकंदराबाद छावनी का उपचुनाव 13 मई को लोकसभा चुनाव के साथ होने वाला है। भारत राष्ट्र समिति की मौजूदा विधायक जी.लास्या नंदिता का 23 फरवरी को एक सड़क दुर्घटना में निधन हो जाने के बाद यह सीट खाली हो गई। 37 वर्षीया नंदिता को 30 नवंबर, 2023 को हुए चुनाव में चुना गया था।

### बेलगावी सीट से टिकट हासिल करने को लेकर शेट्टार आश्वस्त

**हुबली।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने बुधवार को लोकसभा चुनाव नजदीक आने पर बेलगावी संसदीय क्षेत्र से टिकट हासिल करने का भरोसा जताया। शेट्टार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि बेलगावी संसदीय क्षेत्र से टिकट मिलेगा, यह बिल्कुल तय है। उन्होंने कहा कि हालांकि वह अपनी उम्मीदवारी को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन अंतिम निर्णय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति को करना है। शेट्टार ने कहा कि अंतिम निर्णय एक बैठक के बाद किया जाएगा, जो एक या दो दिनों के भीतर होने की उम्मीद है, जहां मामले पर चर्चा की जाएगी और निष्कर्ष निकाला जाएगा। बैठक एक या दो दिन में होगी और फिर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी और भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा ने कहा था कि शेट्टार बेलगावी सीट के लिए सबसे आगे हैं।

# मध्य प्रदेश में 18 प्रत्याशियों के नाम पर आज लगेगी मुहर

### अब तक दस प्रत्याशियों के नाम का हो चुका ऐलान

**भोपाल,** 20 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की गत मंगलवार को हुई बैठक में मध्य प्रदेश की 18 सीटों के प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लगने की संभावना जताई जा रही थी। हालांकि, कुछ राज्यों के प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा के बाद बैठक टल गई। अब मध्य प्रदेश के प्रत्याशियों के नामों को लेकर 21 मार्च को बैठक होगी। अभी तक कांग्रेस सिर्फ 10 प्रत्याशियों के नाम का ही एलान कर चुकी है। प्रदेश में प्रथम चरण में छह सीटों पर मतदान होना है। इसमें सीधी, मंडला, छिंदवाड़ा, शहडोल, जबलपुर, बालाघाट की सीटें शामिल हैं। इसमें से तीन सीट शहडोल, जबलपुर और बालाघाट पर प्रत्याशियों के नाम का एलान अभी नहीं हुआ है। वहीं, भाजपा ने प्रदेश



की सभी 29 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का एलान कर प्रचार भी शुरू कर दिया है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस टिकट वितरण के साथ ही प्रचार-प्रसार में भी भाजपा से पिछड़ गई है। भाजपा प्रत्याशियों ने अपने अपने क्षेत्र में चुनाव कार्यालय शुरू करने करने के साथ ही प्रचार भी शुरू कर दिया है। दूसरी तरफ छिंदवाड़ा को छोड़ कांग्रेस के नेता मैदान से गायब दिख रहे हैं। प्रदेश के नेता पार्टी में मची भगदड़ को रोकने के लिए बैठक में ही व्यस्त है।

# पशुपति पारस के साथ जो हुआ वह गलत : राजद

**पटना,** 20 मार्च (देशबन्धु)। पशुपति पारस और चिराग पासवान के बीच का द्वंद सुर्खियों में है। सीट बंटवारे में अनदेखी के बाद नाराज पारस मोदी कैबिनेट से इस्तीफा दे चुके हैं और अब दूसरा रास्ता तलाश रहे हैं। सियासी गलियारे में इस बात की चर्चा तेज है कि पारस का अगला ठिकाना महागठबंधन हो सकता है हालांकि राष्ट्रीय लोजपा के महागठबंधन में एंट्री से पहले लालू परिवार के करीबी एमएलसी सुनील सिंह ने पारस पर तीखा तंज किया है। पूर्व सीएम राबड़ी देवी के मुहबोले भाई और आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह ने कहा है कि पारस के साथ जो हादसा हुआ वह नहीं होना चाहिए था। किसी के विश्वास पर किसी के साथ गद्दारी कर के उस पार्टी में गए और मतलब निकल गया तो पहचानते नहीं, इस तरह की उनके साथ लोगों ने कार्रवाई की लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए था, फिर भी उन लोगों ने भी इस चीज को देखा होगा कि वोट



■ लालू के करीबी नेता ने पशुपति पारस पर कसा तंज

■ फूंका हुआ कारतूस व फूंका हुआ बल्ब हैं पारस

किसके साथ है। सभी लोग जानते हैं कि ये लोग फूंका हुआ कारतूस और फ्यूज बल्ब है। वहीं सीट शेयरिंग और उम्मीदवारों के सवाल पर आरजेडी एमएलसी ने कहा कि सभी लोगों ने सर्व समिति से हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद को अधिकृत है। महागठबंधन में कितना सीट किसको देना है, किस सीट पर लड़ना है, कौन योग्य उम्मीदवार होंगे इसके लिए सभी लोगों ने सर्वसम्मति से उन्हें अधिकृत किया है। वहीं लालू प्रसाद की दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य के लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका निर्णय लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव लेंगे। माना जा रहा है कि पशुपति पारस को महागठबंधन में भी अब जगह नहीं मिलने वाली है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पशुपति पारस अब पूरी तरह से अकेले पड़ गए हैं, उन्हें अब किसी भी गठबंधन में कोई जगह नहीं मिलेगी। दूसरी तरफ, छपरा लोकसभा सीट से रोहिणी आचार्य को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर पार्टी की तरफ से दबाव बनाया जा रहा है। पार्टी के विधायक और एमएलसी रोहिणी आचार्य को छपरा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाने के लिए लालू यादव से लगातार अपील कर रहे हैं। हालांकि राजद ने पशुपति पारस की सीधे तौर पर आलोचना करने से परहेज किया है, लेकिन पार्टी के साथ उनके संभावित जुड़ाव को लेकर अटकलें तेज हैं हालांकि, सुनील सिंह ने यह स्पष्ट करने में देर नहीं की कि उनकी टिप्पणियां व्यक्तिगत थीं और राजद के आधिकारिक रुख को प्रतिबिंबित नहीं करतीं।

## एनडीए में नजर नहीं आ रही होगी पारस की अहमियत : सिंह

एमएलसी सुनील सिंह ने कहा कि एनडीए में इनकी अहमियत उनको नजर नहीं आ रही होगा, इसलिए दूध की मक्खी की तरह उनको निकालकर फेंक दिया। सुनील सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव का निर्णय सर्वोपरि है, जो व्यक्ति किसी की पार्टी के साथ गद्दारी करके, अपने भतीजे के साथ गद्दारी करके अपने सांसदों को लेकर किसी के साथ गए तो उनको तो यह परिणाम भुगतना ही था, बोया पेड़ बबूल का तो आम कहां से होय।

# भाजपा व बीजू जनता दल गठबंधन पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ : अमित शाह

### भाजपा अध्यक्ष के अंतिम फैसला लेने की कही बात

**नई दिल्ली/भुवनेश्वर,** 20 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को ओडिशा में भाजपा और बीजू जनता दल (बीजेडी) के गंठबंधन को लेकर कहा कि इस पर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। अमित शाह ने दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान गठबंधन के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि गठबंधन पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।

भाजपा अध्यक्ष अंतिम फैसला लेंगे। हालांकि, यह निश्चित है कि हम ओडिशा में अपनी ताकत में वृद्धि करने जा रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति ओडिशा के लोगों के प्यार और स्नेह को



महसूस और स्वीकार करते हैं। ओडिशा की लोकसभा सीटों के साथ-साथ राज्य विधानसभा में भी भाजपा की सीटें कई गुना ज्यादा बढ़ जाएंगी। अमित शाह ने आगे कहा कि यदि गठबंधन होता है, तो हम ओडिशा सीएम नवीन पटनायक के नेतृत्व में साझेदार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। अगर हमें अकेले लड़ना पड़ा, तो हम सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ेंगे।

## अधिराज मोहन ने थामा बीजेडी का दामन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद अधिराज मोहन पाणिग्रही ने अपने समर्थकों के साथ बुधवार को बीजू जनता दल का दामन थाम लिया। खरियार, बोडेन और सिनापाली के ब्लॉक अध्यक्ष भी बीजू जनता दल में शामिल हुए। इस मौके पर बीजद महासचिव (संगठन) प्रणब प्रकाश दास, राज्यसभा सांसद मानस रंजन मंगराज, और पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीजद नेता स्नेहांगिनी छुरिया मौजूद थे। पाणिग्रही और उनके समर्थकों का बीजद में स्वागत किया गया।

## लोस चुनाव में सहभागिता को दिव्यांग दल मुस्तैद

**उदयपुर,** 20 मार्च (एजेंसियां)। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव-2024 को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए उदयपुर जिले की दिव्यांग कर्मचारियों की टीम भी मुस्तैद है। विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव में भी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांग मतदान केंद्र स्थापित होने वाले हैं, जिनकी बागड़ोर दिव्यांग कार्मिकों के ही हाथों में होगी। इसके लिए दिव्यांग टीम पूरी तरह से तैयार है। राजस्थान दिव्यांग कल्याण संघ उदयपुर के अध्यक्ष संजय कुमार पानेरी और महामंत्री सत्यनारायण जोशी ने जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल से मुलाकात कर उन्हें दिव्यांग टीम की ओर से निर्वाचन दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन किए जाने का भरोसा दिलाया है। संघ की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में अवगत कराया कि राजस्थान विधानसभा चुनाव-2018 में प्रथम बार उदयपुर शहर में आदर्श दिव्यांग मतदान केंद्र के माध्यम से नवाचार हुआ था, जिसे निर्वाचन आयोग ने सराहते हुए पूरे देश में लागू कर दिया है। विधानसभा चुनाव-2023 में प्रशासन की ओर से दिव्यांग मतदान कर्मियों को कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी, फिर भी शारीरिक समस्याओं के कारण काफी परेशानियां हुई थी।

## ला ट्रोब यूनिवर्सिटी के नए वाइस चांसलर ने अपने भारत दौरे पर आपसी संबंधों को मजबूत बनाया

**नई दिल्ली** 20 मार्च (एजेंसियां)। भारत ला ट्रोब यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया ने अपने नए वाइस चांसलर के भारत दौरे पर अनुसंधान और शिक्षा में साझेदारी बढ़ाने की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को मजबूत बनाते हुए कुछ खास क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है। इस साल फरवरी में वाइस चांसलर बने प्रोफेसर थियो फैरेल ने पांच दिन के भारत दौरे पर उद्योग जगत, सरकार और व्यापार जगत के प्रतिनिधियों से बात की ।

भारत में ला ट्रोब का एक गौरवपूर्ण और सफल इतिहास रहा है । टर्शियरी संस्थानों और संगठनों के साथ ला ट्रोब की साझेदारी का दोनों देशों को लाभ मिला है। ला ट्रोब ने साझा शिक्षा का अवसर देकर भारत की प्रतिभाओं को बेहतर विकास करने का उनका मार्ग प्रशस्त किया है। प्रोफेसर फैरेल ने भारतीय दौरे पर ला ट्रोब के भागीदारों, उद्योग जगत और सरकार के प्रतिनिधियों के साथ कई बैठकें कीं। इनमें परस्पर हित के क्षेत्रों पर सहयोग की संभावना पर ध्यान



केंद्रित किया गया जो दोनों देशों की प्राथमिक जरूरतें पूरी करने में सहायक होगा और इसका उद्योग जगत में नवाचार और विकास के दृष्टिकोण से विशेष महत्व । प्रोफेसर फैरेल ने कहा कि ला ट्रोब के लिए प्राथमिकता के कई क्षेत्र थे जिनमें मौजूद अवसर भारत से अटूट संबंध बनाने और नई साझेदारियां करने के लिए काफी अहम हैं ।

**तैयारी** | *मध्य प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायद में जुटा निर्वाचन आयोग*

# विशेष मतदाता जागरूकता प्रचार वाहन किए गए रवाना

**भोपाल, 20 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायद में निर्वाचन आयोग ने कोशिश तेज कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को विशेष मतदाता जागरूकता प्रचार वाहन रवाना किए गए। राज्य के मुख्य निवार्चन पदाधिकारी अनुपम राजन ने जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में प्रदेश के 26 जिलों के 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत 75 फीसदी से कम था। इन विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रचार वाहन भेजे गए हैं।

बताया गया है कि चिन्हित 75 विधानसभा क्षेत्रों में एक माह तक जागरूकता प्रचार वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। लघु



■ एक महीने तक मतदाताओं को किया जाएगा जागरूक

फिल्म, स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व और लोकतंत्र में उनके वोट की कीमत की जानकारी दी जाएगी। मतदाता जागरूकता प्रचार वाहन मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, गुना, सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, कटनी, जबलपुर, भोपाल, देवास, खंडवा, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन और रतलाम जिले की विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेंगे। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छह संसदीय क्षेत्रों में मतदान होने वाले हैं। इन संसदीय क्षेत्रों में बुधवार से नामांकन पत्र भरने की शुरुआत हो गई है। राज्य में कुल 29 संसदीय क्षेत्र हैं, जहां चार चरणों में लोकसभा चुनाव होने हैं।

पहले चरण में लोकसभा क्षेत्र सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में निर्वाचन कराया जाएगा। इन संसदीय क्षेत्रों में बुधवार से नामांकन पत्र भरे जाने का सिलसिला शुरू हो गया। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। तय कार्यक्रम के अनुसार नामांकन भर चुके प्रत्याशी 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों में हुए मतदान की मतगणना 4 जून को होगी। राज्य में चार चरणों में होने वाले चुनाव के लिए पहले चरण के छह संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन भरने की शुरुआत हो चुकी है। वहीं, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को सात संसदीय क्षेत्रों, तीसरे चरण में 7 मई को आठ संसदीय क्षेत्रों और चौथे चरण में 13 मई को आठ संसदीय क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे।

वर्तमान स्थिति में मध्य प्रदेश में 5 करोड़ 64 लाख 76 हजार 110 मतदाता हैं। इसमें 2 करोड़ 90 लाख 13 हजार 307 पुरुष, 2 करोड़ 74 लाख 61 हजार 575 महिला और 1,228 अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल हैं।

उल्टा पुल्टा

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!

छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!

बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!

# राजधानी दिल्ली में अनाधिकृत अवैध पार्किंग का तेजी से चल रहा धंधा : शैली

## मेयर ने दिल्ली नगर निगम के अधीन चल रही 403 अधिकृत पार्किंग की सूची की जारी

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने राउस एवेन्यू स्थित आम आदमी पार्टी मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। मेयर ने दिल्ली में दिल्ली नगर निगम के अधीन चल रही 403 अधिकृत पार्किंग की लिस्ट जारी की। इस दौरान मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली में अनाधिकृत अवैध पार्किंग का धंधा चल रहा है। जनता से मनमाना चार्ज वसूला जा रहा है जोकि किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम इन अवैध पार्किंग के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी। मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने एक ईमेल एड्रेस भी जारी किया। उन्होंने कहा कि इन 403 अधिकृत पार्किंग के अलावा दिल्ली में चल रही अवैध पार्किंग के बारे में इस ईमेल पर शिकायत दर्ज कराएं। अवैध पार्किंग से संबंधित शिकायतों का तुरंत संज्ञान लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वैध पार्किंग से एमसीडी को राजस्व भी प्राप्त होता है, जिससे आय में वृद्धि होती है। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि रिहायशी और मार्किट एरिया में अवैध पार्किंग के अड्डे बन गए हैं। इसकी वजह से लोगों को जाम की सामना करना पड़ता है। दिल्ली की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। निगम की आप सरकार इस समस्या को लेकर संवेदनशील है। दिल्ली को इस समस्या से निजात दिलाई जाएगी।



जनता से मनमाना चार्ज वसूला जा रहा है जोकि किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : डॉ. शैली ओबरॉय

### आप पार्टी के कार्यकर्ता चला रहे अवैध पार्किंग : राजा इकबाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम में आप पार्टी के 15 महीने के शासन के दौरान हावी होते अवैध पार्किंग माफिया के मुद्दे पर निगम की आप सरकार का कड़ा विरोध किया। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के निगम में 15 वर्ष के शासन के दौरान पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से चलती थी लेकिन आप सरकार के निगम में 15 महीने के शासन में हर तरफ छोटी छोटी जगहों पर भी अवैध पार्किंग माफिया हावी है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि अधिकतर अवैध पार्किंग आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा संचालित की जा रही हैं। सरदार राजा इकबाल सिंह ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने लोकल शॉपिंग सेंटर पर स्थित पार्किंग को बंद कराया है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप पार्टी से निगम की व्यवस्था नहीं संभल रही है एवं वो अपनी हर नाकामी का दोष भारतीय जनता पार्टी पर मढ कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की मेयर साहिबा को सुचारू रूप से निगम चलाने के बारे में सोचना चाहिए।

# कार चालक ने बुजुर्ग महिला को कार से रौंदा

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के गीता कॉलोनी के झील खुरेंजा इलाके में बुधवार सुबह बेलगाम कार चालक ने घर के सामने झाड़ू लगा रही एक बुजुर्ग महिला को कार से रौंद दिया। बुजुर्ग कार और दीवार के बीच में बुरी तरह कुचल गईं। शोर-शराबा हुआ तो परिजनों के अलावा लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। आरोपी मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। परिजन बुजुर्ग महिला जानकी कुमारी (65) को नजदीकी गोयल अस्पताल, कृष्णा नगर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से ही पुलिस को हादसे की सूचना मिली। हादसा गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। गीता कॉलोनी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार कब्जे में ले ली है। बाद में पुलिस ने आरोपी युवक मुकुल राठौर (25) को गिरफ्तार कर लिया है। छानबीन के दौरान पता चला है कि आरोपी ने कुछ दिनों पहले ही कार चलाना सीखा था। बुधवार को वह अपनी दोनों बहनों को लेकर किसी काम से लक्ष्मी नगर गया था। वहां वापस लौटते समय वह गली में कार से नियंत्रण खो बैठा। कार उसके जीजा के नाम पर है। पुलिस के मुताबिक जानकी कुमारी अपने परिवार के साथ झील खुरेंजा में रहती थीं। इनके परिवार में पति सुदेश चंद बक्शी, बेटा तरुण बक्शी के अलावा दो बेटियां हैं। तरुण का प्रॉपर्टी का काम है। बुधवार को जानकी कुमारी अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थीं। इस बीच करीब 8.45 बजे सफेद रंग की टोयोटा कोरोला कार गली में मुड़ी।

# अवैध पार्किंग के बारे में जानकारी मांगना राजनीतिक ड्रामा : प्रवीण



**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि यह आश्चर्य की बात है कि मेयर के रूप में अपने कार्यकाल के संभावित अंत से कुछ दिन पहले डॉ. शैली ओबेरॉय को एहसास हुआ है कि शहर भर में अवैध पार्किंग चल रही है। यह अजीब है कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सत्ता के करीब 400 दिन बाद मेयर कह रही हैं कि दिल्ली में सिर्फ 403 वैध कार पार्किंग हैं जबकि बाकी अवैध हैं। मेयर ने एक ई-मेल आईडी जारी कर लोगों से उनके क्षेत्र में अवैध पार्किंग के बारे में जानकारी मांगी है, जो महज एक राजनीतिक ड्रामा है। उन्हें सार्वजनिक शिकायतों की आवश्यकता क्यों है, सबसे पहले उन्हें अपनी पार्टी के पार्षदों और विधायकों से अपने निर्वाचन क्षेत्रों में अवैध पार्किंगों की सूची देने और उनके खिलाफ कार्रवाई का आदेश देने के लिए कहना चाहिए। पिछले महीने मैंने खुद एमसीडी के मेयर और कमिश्नर को शिकायत के जरिए चांदनी चौक में टाउन हॉल के आसपास अवैध पार्किंग का मुद्दा उठाया था, लेकिन आज तक एमसीडी ने इस अवैध पार्किंग को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की है। आश्चर्य की बात है कि जब मेयर ने मीडिया में व्यापक रूप से छपी मेरी एक शिकायत पर कार्रवाई नहीं की तो दिल्लीवासियों को कैसे विश्वास करना चाहिए कि वह उनकी ई.मेल शिकायतों पर कार्रवाई करेंगी। दिल्ली की जनता जानना चाहती है की मेयर डॉ. ओबेरॉय बताएं कि सत्ता में उनके लगभग 400 दिनों के दौरान उनके या एमसीडी अधिकारियों द्वारा कितनी अवैध पार्किंगों पर छापे मारे गए, एमसीडी ने अवैध कार पार्किंगों के खिलाफ कितनी एफआईआर दर्ज की हैं, उनमें से कई प्रमुख पीडब्ल्यूडी सड़कों पर भी चल रही हैं। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है डॉ. शैली ओबेरॉय एक मेयर के रूप में विफल रही हैं और जैसे ही उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है वह खबरों में रहने के लिए हर दिन एक नया मुद्दा उठाने की कोशिश कर रही हैं।

## सार संक्षेप

### हरित प्रमाण पत्रों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** हाल ही में रिन्यूएबल एनर्जी सर्टिफिकेट (आरईसीएस) यानी हरित प्रमाण पत्रों की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली है। यह सर्टिफिकेट इस बात का प्रमाण हैं कि इन कंपनियों नें रिन्यूएबल एनर्जी खरीदी है। इस गिरावट का मतलब है कि सरकारी स्वामित्व वाली बिजली वितरण कंपनियां के पास मार्च 2024 के अंत से पहले बेहद कम लागत में अपने रिन्यूएबल एनर्जी गोल्स को पूरा करने का एक अच्छा मौका है। अगर इंडियन एनर्जी एक्सचेंज द्वारा दी गई एक रिपोर्ट की मानें तो 13 मार्च, 2024 को हुए एक ट्रेड सेशन के दौरान, आरईसी की कीमतें गिरकर 300 रुपए प्रति सर्टिफिकेट हो गईं, जो पहले 1000 रुपए की तुलना में 70 प्रतिशत कम है। यह गिरावट इसलिए आई क्योंकि सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन ने दिसंबर 2022 में नियम बदल दिए। उन्होंने आरईसी पर न्यूनतम और अधिकतम मूल्य सीमा हटा दी, जिससे बाजार को कीमतें तय करने का अधिकार मिल गया। यह फैसला बाजार को अधिक लचीला और आकर्षक बनाने, अधिक लोगों को रिन्यूएबल एनर्जी का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया गया था।

### ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स को मिला नंबर एक रैंक

**नई दिल्ली।** शोध-आधारित काम करने वाली, वैश्विक फार्मास्युटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ग्लेनमार्क, को प्रोएक्टिव इमोलिएंट श्रेणी में डर्मेटोलॉजिस्ट्स प्रिस्क्रिप्शन्स में और डर्मा थेरेपी निर्धारित करने में नंबर 1 रैंक मिला है। यह रैंकिंग भारत में मैट दिसंबर 2023 प्रोजेक्टेड प्रिस्क्रिप्शन्स के अनुसार के लिए आईक्यूवीआईए मेडिकल ऑडिट पर आधारित है। प्रोजेक्टेड प्रिस्क्रिप्शन्स के आंकड़े जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक की अवधि के हैं।ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के इंडिया फॉर्मूलेशन के प्रेसिडेंट और बिज़नेस हेड, आलोक मलिक ने कहा कि हम आईक्यूवीआईए के अनुसार डर्मेटोलॉजी थेरेपी में प्रिस्क्रिप्शन के अनुसार नंबर 1 रैंक पाकर बहुत खुश हैं। डर्मेटोलॉजी में हमारा स्ट्रेटेजिक फोकस और उत्कृष्टता डर्मेटोलॉजिकल देखभाल को आगे बढ़ाने और भारत में त्वचा मरीजों की व्यापक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को संबोधित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को की चाय वितरित

**नई दिल्ली।** चाय तो एक बहाना है असली बात जनता को समझाना है कि आखिर क्यो जरूरी है फिर से मोदी सरकार किस तरह विदेशी शक्तियां और भारत विरोधी मानसिकता, साजिशकर्ता, यहां तक कि राम, और सनातन संस्कृति का विरोध करने वाली विपक्षी पार्टियों ने कैसे कैसे षड्यंत्र रचे हैं ताकि मोदी सरकार को हटाया जा सके। मगर देश की करोड़ो जनता के दिलों में बैठे हुए मोदी को देश की जनता और खासकर पूर्वांचल की जनता ने ये ठाना है कि फिर से मोदी को लाना है । उक्त बातें भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्वांचल चुनाव अभियान के प्रमुख नीरज तिवारी ने आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर नमो चाय वितरण कार्यक्रम में कही। मालूम हो कि यूपी, बिहार, बंगाल, झारखंड, आसाम, पूर्वोत्तर जानें वाली अधिकांश ट्रेनें आनंदविहार रेलवे स्टेशन से आती और जाती हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान को दिल्ली के हर रेलवे स्टेशन और चौक चौराहों पर मोदी सरकार की लाभकारी योजनाओं की चर्चा और विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने के लिए नमो टी वितरण और चर्चा अभियान चलाया जाएगा। आप होली में घर जाएं तो जल्दी वापस दिल्ली आएं दिल्ली हो या यूपी, बिहार, झारखंड हो हर जगह मोदी सरकार को वापस लाने के लिए मतदान करें।

# विश्व कैंसर कांग्रेस में डॉ. दीपिका कृष्णा हुईं सम्मानित

## डॉ. तरंग कृष्णा को मिला लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। विश्व कैंसर कांग्रेस के आठवें संस्करण में जानी-मानी कैंसर विशेषज्ञ एवं कैंसर हीलर सेंटर की निदेशिका डॉ. दीपिका कृष्णा को कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान डॉ. तरंग कृष्णा को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय के कन्वेशन सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में देश-दुनिया के विशेषज्ञों ने कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने और इसको जड़ से समाप्त करने के उपायों पर चर्चा की। इस अवसर पर कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाने वाले उत्कृष्ट डॉक्टरों का सम्मान भी किया गया। इस क्रम में डॉ. दीपिका कृष्णा





और डॉ. तरंग कृष्णा को सम्मानित किया गया। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन में डॉ. कृष्णा ने 100 कैंसर पीड़ितों पर अध्ययन करके उनका इलाज किया। डॉ. कृष्णा ने बताया कि कैंसर जैसी भयावह बीमारी का नाम सुनते ही लोगों के मन में एक डर पैदा हो जाता है। लेकिन अब कैंसर लाइलाज नहीं है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने कैंसर जैसी बीमारी को लेकर डर खत्म कर दिया है। उन्होंने बताया कि 8वीं विश्व कैंसर कांग्रेस 2024 में वैश्विक स्तर पर नए विचारों और अवधारणाओं और कैंसर जीवविज्ञान और जेनेटिक्स, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद और कैंसर, अंग-परिभाषित कैंसर, ऑन्कोलॉजी उप-विशेषताओं, विकिरण ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल विषयों पर चर्चा की गई। सम्मेलन में यूएसए के विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञों के अलावा भारत से डॉ. के.एस. गोपीनाथ, डॉ. जी.के. रथ, डॉ. श्याम अग्रवाल, ललित कुमार, प्रो. हरिकृष्णन कौल, प्रो. जे.के. विश्वनाथ, प्रो. अरविंद राव, प्रो. योगेश कुमार सरीन, डॉ. शेफाली तायल, डॉ. शालिनी सैनी आदि विशेषज्ञ शामिल हुए।



■ दिल्ली-गाजीपुर सीमा पर किसानों के विरोध के चलते 37 दिनों से चली आ रही रुकावटों को जेसीबी मशीन से हटाता कर्मी। फोटो इम्तियाज खान

# नीरज चोपड़ा को बनाया ब्राण्ड अम्बेसडर

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। भारत का नंबर 1 बैटरी ब्राण्ड एवरैडी इंडस्ट्री इंडिया लिमिटेड जो पावर, परफोर्मेन्स और भरोसे का दूसरा नाम बन चुका है, ने ओलम्पिक गोल्ड पदक विजेता और दुनिया के नंबर 1 मैन्स जैवलिन स्टार नीरज चोपड़ा को अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी एवरैडी की यात्रा में उल्लेखनीय कदम है, जो नई अल्टीमा एल्केलाईन बैटरी सीरीज के लॉन्च के साथ इनोवेशन एवं उत्कृष्टता की दिशा में ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत बनाएगी। इस अवसर पर अनिरबन बैनर्जी, सीनियर वाईस प्रेजीडेन्ट एवं एसबीयू हैड, बैटरीज एवं फ्लैशलाईट्स, एवरैडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड ने कहा कि यूथ आइकन नीरज चोपड़ा के साथ साझेदारी निरंतर इनोवेशन, अधिक पावर एवं उत्कृष्टता के प्रति समर्पण के साझा दृष्टिकोण के साथ युवाओं की भावना और खेलों की दुनिया को एक दूसरे के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# भारत का प्रत्यक्ष बिक्री कारोबार 21 हजार करोड़ के पार : राव

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। कोरोना महामारी से उपजी तमाम विपरीत परिस्थितियों से उबर कर जोरदार वापसी करते हुए भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग का कारोबार वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 12 प्रतिशत की विकास दर दर्ज कर 21282 करोड़ रुपए हो गया है। प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की शीर्ष संस्था इंडियन डायरेक्ट सैलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की बुधवार को यहां जारी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। अग्रणी रिसर्च कम्पनी कंतार द्वारा संकलित यह रिपोर्ट भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने यहां एक कार्यक्रम में जारी की। राव ने इस अवसर पर आईडीएसए को यह रिपोर्ट जारी करने पर बधाई दी। रिपोर्ट के अनुसार प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग के सभी क्षेत्रों में व्यापक सुधार हुआ है तथा कुल बिक्री में वर्ष 2021-22 के मुकाबले 2252 करोड़ रुपए की वृद्धि तथा वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक के चार वर्षों में प्रत्यक्ष बिक्री कारोबार की औसतन विकास दर सीएजीआर जगभग 8.3



■ आईडीएसए की सर्वेक्षण रिपोर्ट में दी गई जानकारी

### कुल बिक्री में उत्तरी क्षेत्र का दबदबा बरकरार

रिपोर्ट के अनुसार कुल बिक्री में उत्तरी क्षेत्र ने दबदबा बरकरार रखते हुए सर्वाधिक 30 प्रतिशत तथा इसके उपरांत पूर्वी, पश्चमी, दक्षिणी तथा पूर्वोतर क्षेत्र का क्रमश: 25, 22, 15 और नौ प्रतिशत का योगदान किया है। महाराष्ट्र राज्य सर्वाधिक 12 प्रतिशत योगदान के साथ लगातार शीर्ष पर बना हुआ है जबकि उत्तर प्रदेश ने शानदार प्रदर्शन कर प्रश्चिम बंगाल के साथ 10 प्रतिशत की बराबरी हासिल करते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।

# सौरभ भारद्वाज ने एलजी को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। मेडिकल छात्राओं से यौन उत्पीड़न मामले में सौरभ भारद्वाज ने लिखी एलजी को चिट्ठी, कार्रवाई करने की मांग की। 13 एमबीबीएस छात्रों के कथित यौन उत्पीड़न मामले में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखी है और इस मामले में एक्शन लेने की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ इस मामले को लेकर सतर्कता निदेशालय ने स्वास्थ्य सचिव को चिट्ठी लिखी थी और बीते सोमवार को कई संगठनों ने अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया था। सतर्कता निदेशालय ने अपने पत्र में आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के लिए प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया था।

**रिपोर्ट** *ओएमआई फाउंडेशन की रिपोर्ट का किया अनावरण*

# श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में बताया

**नई दिल्ली, 20 मार्च (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक कोष के कार्यकारी निदेशक और भारत सरकार के 17वें मुख्य आर्थिक सलाहकार प्रोफेसर कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यन ने बुधवार को ओएमआई फाउंडेशन की रिपोर्ट सोशल प्रोटेक्शन इन इंडियाज प्लेटफॉर्म इकोनॉमी अनपैकिंग सप्लाई डायनामिक्स का अनावरण किया। 10 माह लंबे अध्ययन द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट में भारत में प्लेटफॉर्म श्रमिकों को उपलब्ध विभिन्न तरह के सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में बताया गया है।**

इसमें 10 प्रमुख प्लेटफार्म्स के बारे में विस्तृत परिदृश्य पेश किया गया है, जिनका सामूहिक राजस्व वित्तीय वर्ष 2023 में 56.4 हजार करोड़ रुपए से अधिक रहा। इन 10 प्लेटफार्म्स से 45.5 लाख से अधिक श्रमिक जुड़े हैं। इसके अलावा, इस रिपोर्ट में भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत काम करते हुए श्रमिकों के कल्याण की देखरेख करने वाली दो सरकारी संस्थाओं और दो कार्यबल प्रदाता के इंटरव्यू से मिली महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई है। ओएमआई के प्रयासों की सराहना करते हुए, प्रो. सुब्रमण्यन ने कहा कि यह रिपोर्ट प्लेटफॉर्म श्रमिकों को उपलब्ध मौजूदा सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में बताते हुए एक प्रभावशाली और सस्टेनेबल व्यवस्था के विकास की जानकारी देने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। सामाजिक सुरक्षा की ओर वैश्विक दृष्टिकोणों के तुलनात्मक विश्लेषण से भारत को अपना रास्ता खुद बनाने की जरूरत को बल मिलता है। वहीं, ओएमआई फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक, ऐश्वर्या रमन ने प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए विस्तृत और उपयोगी सामाजिक सुरक्षा को वहन करने की क्षमता के लिए नए युग की और सहयोगपूर्ण रणनीतियों पर जोर दिया।

**दस प्लेटफार्म्स से 45.5 लाख से अधिक श्रमिक जुड़े**





रिपोर्ट एक प्रभावशाली व सस्टेनेबल व्यवस्था के विकास की जानकारी देने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन : प्रो. सुब्रमण्यन

### घटिया भाषा बोल रहे इंडी गठबंधन के नेता : सुधांशु त्रिवेदी

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए शिवसेना नेता संजय राउत के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि हताशा, निराशा, कुंठा के कारण इंडी गठबंधन के नेता निचले और घटिया स्तर की भाषा बोल रहे हैं।

भारतीय रेल

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

सं.: आरएस (पोल)/58/0501/5/2024 नई दिल्ली, दिनांक 19/03/2024

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से कार्यपालक निदेशक, रेल भंडार (आर.एस.), रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड), भारत सरकार नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित करते हैं.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा सं. | 2024 460 आरआर टीसी |
| 2 | कार्य का नाम:- नए, ठोस तथा गैर-प्रत्यावर्त्य स्टील ड्रमों में पैक्ड 210/208 लीटर शुद्ध मैसर्स आईओसीएल का गियर केस ऑयल, सर्वो सिनगियर 460 आरआर अथवा मैसर्स एक्सोन मोबिल का मोबिल एस एच सी 634. | |
| 3 | अनुमानित मात्रा लीटर में | 270632 लीटर |
| 4 | बयाना | 20 लाख रु. |
| 5 | ई-निविदा को जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय | 09.04.2024 को 14.30 बजे |
| 6 | पूर्ण ब्यौरों और आगे के शुद्धिपत्र के लिए तथा ई-निविदा के लिए वेबसाइट | http://www.ireps.gov.in |
| 7 | आबंटन शीर्ष | अनुदान 01 |

881/2024

(स. के. वर्मा)
निदेशक, रेल भंडार (एम),
रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली,

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

नगर त्योहारों की तैयारी में गाजियाबाद नगर निगम की टीम जुटी हुई है। जिसमें सभी विभाग अपने-अपने से संबंधित कार्यों को बेहतर तरीके से करेंगे। नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग संबंधित कार्यों को और बेहतर करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। होली का त्योहार, नवरात्रों की तैयारी, ईद का पर्व, रामनवमी की तैयारी व अन्य आने वाले त्योहारों को शहर में धूमधाम से मनाया जा सके जिसमें स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए इसके लिए बेहतर तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं। अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त

## कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन के मलवे का नियमित कराए निस्तारण व जागरूक करें : नगर आयुक्त

### वायु गुणवत्ता सुधार के अंतर्गत सी एंड डी वेस्ट निस्तारण के लिए शहर में बनेंगे सेकेंडरी प्वॉइंट, वसुंधरा से होगी शुरुआत



**गाजियाबाद,** 20 मार्च (देशबन्धु)। वायु गुणवत्ता सुधार के अंतर्गत सी एंड डी वेस्ट निस्तारण के लिए शहर में सेकेंडरी पॉइंट स्थापित किये जाएंगे। जिसकी शुरुआत वसुंधरा जोन से होगी।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्माण विभाग की टीम से कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन मलवे के निस्तारण हेतु विस्तृत चर्चा की। जिसमें अधिशासी अभियंताओं सहित अवर अभियंता तथा टेक्निकल सुपरवाइजरों की भी क्लास लगाई, तथा नियमित जोनवार सी एंडडी वेस्ट निस्तारण की कार्रवाई करने की निर्देश दिए। गाजियाबाद नगर निगम जिस प्रकार शहर की कचरे का निस्तारण प्रतिदिन करता है। इसी प्रकार निर्माण तथा विध्वंस अपशिष्ट के निस्तारण के लिए भी कार्रवाई कर रहा है जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्माण विभाग की टीम को बैठक के दौरान निर्देश दिए हैं तथा शहर से सृजित होने वाला सीएनटी वेस्ट का नियमित निस्तारण किया जाए। साथ ही जोंनवार कार्रवाई प्रारंभ करने के लिए भी कहा गया है, जिसके लिए वसुंधरा सेक्टर 7 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सेकेंडरी पॉइंट बनाने के निर्देश दिए गए हैं तथा शहर वासियों को जागरूक करने के लिए भी कहा गया है।

मुख्य अभियंता एन के चौधरी ने बताया कि लगातार निर्माण विभाग की टीम निर्माण तथा विध्वंस अपशिष्ट का निस्तारण करने के लिए कार्रवाई कर रही है। जिसको और अधिक प्रबंध करने के लिए आज बैठक में कहा गया तथा शहर वासियों को भी जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसमें आरडब्ल्यूए पदाधिकारी का सहयोग देने के लिए कहा गया है आरडब्ल्यूए पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शहरवासियों को सी एंड डी वेस्ट के बारे में जागरूक किया जाएगा।, शहर के 5 ज़ोन के अंतर्गत सेकेंडरी पॉइंट भी बनाए जाएंगे, सेकेंडरी प्वॉइंट पर क्षेत्र का निर्माण का मालवा इकट्ठा होगा तथा प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचेगी जो की गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित है जहां वैज्ञानिक रूप से सी एंड डी वेस्ट का संचालन किया जा रहा है, 1000 किलो पर 1200 शुल्क वसूला जाता है तथा कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन मलवे का निस्तारण किया जाता है।

गाजियाबाद नगर निगम एयर क्वालिटी सुधार की तरफ अग्रसर है। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग को और अधिक बेहतर कार्य करने के लिए कहा गया है जिसमें कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट के निस्तारण की शिकायतों के अधिक से अधिक समाधान प्रतिदिन करने के लिए कहा गया है तथा गाजियाबाद 311 ऐप के माध्यम से भी प्राप्त शिकायतों पर अविलंब कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण से सृजित होने वाले मलवे का सही प्रकार से निस्तारण होना बहुत जरूरी है। जिससे एयर क्वालिटी में भी सुधार होगा।

## नगर आयुक्त ने आगामी त्योहारों को लेकर अधिकारियों सहित की योजना

### प्रतिबंधित प्लास्टिक व अवैध अतिक्रमण पर तेजी से चलेंगे अभियान, दिए निर्देश

**गाजियाबाद,** 20 मार्च (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने आगामी त्योहारों को लेकर भव्यता से तैयारी करने की प्लानिंग अधिकारियों साथ की है। नगर आयुक्त ने अधिकारियों से बैठक की गई। बैठक में सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित बिंदुओं को समझा तथा उन पर कार्रवाई प्रारंभ करने की योजना बनाई।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि नगर त्योहारों की तैयारी में गाजियाबाद नगर निगम की टीम जुटी हुई है। जिसमें सभी विभाग अपने-अपने से संबंधित कार्यों को बेहतर तरीके से करेंगे। नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग संबंधित कार्यों को और बेहतर करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। होली का त्योहार, नवरात्रों की तैयारी, ईद का पर्व, रामनवमी की तैयारी व अन्य आने वाले त्योहारों को शहर में धूमधाम से मनाया जा सके जिसमें स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए इसके लिए बेहतर तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं। गाजियाबाद नगर निगम त्योहारों

> त्योहारों के दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर दिया जाए अद्भुत संदेश : विक्रमादित्य सिंह मलिक, **नगर आयुक्त**

की तैयारी की प्लानिंग कर रहा है नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग को विशेष व्यवस्थाओं को करने के लिए कहा गया है जिसमें सड़कों को धूल मुक्त करने का कार्य, ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज की सफाई का कार्य, सड़कों पर पानी के छिड़काव का कार्य, मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक गलियों में भी बृहद सफाई अभियान का कार्य, प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य, धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई का कार्य, डस्टबिन की व्यवस्था का कार्य, सड़कों को पूर्णत: गड्ढ़ा मुक्त करने का कार्य, मंदिरों तथा मस्जिदों के बाहर पानी के टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति का कार्य, प्राचीन मंदिरों तथा प्रमुख चौराहों के सौंदर्यकरण का कार्य व अन्य स्वास्थ्य संबंधित कार्यों को सुदृढ़ता से करने के लिए निर्देश दिए गए साथ ही शहर वासियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कहा गया है।

त्योहारों की तैयारी की योजना के साथ-साथ बैठक में प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध बृहद स्तर पर अभियान, तथा अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को कहा गया है जिसमें मुख्य रूप से जोनल प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने के लिए कहा गया है, तथा बाजारों में आवागमन सरल बना रहे इसका विशेष ध्यान रखने के लिए समय-समय पर अभियान चलाने के लिए कहा गया है, जिसमें अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, महाप्रबंधक जल के पी आनंद, लेखाधिकारी डॉक्टर गीता कुमारी व अन्य संबंधित अधिकारियों की टीम उपस्थित रही।

## सार संक्षेप

### पुलिस गिरफ्त में युवक की मौत, मचा हडकंप

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-39 के हवालात में एक युवक की मौत होने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद युवक को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से दिल्ली रेफर किया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी तनवीर को नशे की हालत में अवैध शराब के 39 पव्वे के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे लॉकअप में डाल दिया था। देर रात उसकी तबियत बिगड़ गई। इसके बाद पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत को गंभीर देखते हुए उसे दिल्ली रैफर कर दिया गया। वहां चिकित्सकों द्वारा तनवीर को मृत घोषित कर दिया गया। पूरे मामले की आला अधिकारियों की ओर से जांच की जा रही है। बताया गया कि मृतक हार्ट की बीमारी से पीड़ित था। रात में तबियत खराब होने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पला चल सकेगा।

### टैंपो पलटने से एक की मौत तीन घायल

**बुलंदशहर।** चोला सवारियां को लेकर बुलंदशहर की तरफ से चोला स्टेशन की तरफ जा रहे अनियंत्रित टैंपो के पलटने से चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। टैंपो में सवार तीन महिला सवारी घायल हो गई। कोतवाली देहात के गांव चावली निवासी फारुख 18 वर्ष पुत्र जुल्ला चोला क्षेत्र में टैंपो चलाता था। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को जिला अस्पताल में उपचार हेतु भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि हादसे में घायल गांव निवासी नाजरीन,राविया व अंजलि को 108 नंबर से घायल अवस्था में उपचार हेतु बुलंदशहर भिजवाया गया है। मृतक फारुख का शव पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बीपी त्यागी कैला भट्ठा पहुंचे, रेबीज के बारे में लोगों को दी जानकारी



**गाजियाबाद।** आरजीडीएस के हेल्थ प्रभारी व वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. बीपी त्यागी यहां ने कैला भट्ठा पीएसी चौक पर पहुंचे और रेबीज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी को रेबीज के इंजेक्शन सरकारी अस्पताल में नहीं मिल रहे है। उन्होंने लोगों को रेबीज इंजेक्शन का शेड्यूल बताया व हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल में फ्री रेबीज इंजेक्शन व शिरम लगाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि अगर सरकारी अस्पताल में रेबीज का टीका नहीं लगाया जाएगा तो हर्ष ईंट हॉस्पिटल में टीके के लिए रजिस्ट्रेशन कराये।

Name Change

I, Babita W/o Ranpal Singh R/o 3rd B- 4, Nehru Nagar, Ghaziabad U.P 201001 have changed my name to Babita Singh W/o Ranpal Singh for future purposes.

## जीडीए के नवनियुक्त उपाध्यक्ष ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

### समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के दिए निर्देश



**गाजियाबाद,** 20 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के नव नियुक्त उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बुधवार को अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों की समस्यायों को गम्भीरता से ले तथा समय सीमा के अंदर हर हाल में निस्तारित कराएं। उनके पास आने वाले फरियादी पूरी तरह से संतुष्ट जाने चाहिए। वह संतुष्ट तब होंगे जब समय से उनकी समस्या का निस्तारण होगा।

आज दर्जनों की संख्या में आवंटी अपनी समस्याएं लेकर आये। उन्होंने आवंटियों की समस्यायों को बहुत ही गंभीरता के साथ सुना। इसके अलावा वत्स ने जीडीए कार्यालय के फर्स्ट फ्लोर का निरीक्षण किया और रिकॉर्ड को बेहतर ढंग से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में सफाई व्यवस्था बेहतरीन होनी चाहिए। यदि सफाई व्यवस्था को लेकर कोई कोताही मिली तो सम्बंधित के खिलाफ करवाई की जाएगी।

## निर्वाचन के सम्बंध में कंट्रोल रूम का नम्बर व मेल जारी



> मतदाता 24 घंटे अपनी शिकायत व सुझाव दे सकते हैं : **जिला निर्वाचन अधिकारी**

**गाजियाबाद,** 20 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कराने के लिए जिला प्रशासन एक्टिव मोड में आ गया है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कंट्रोल रूम चालू कर दिया गया है। मतदाता 24 घंटे कंट्रोल रूम में अपनी शिकायत या सुझाव दर्ज कर सकते हैं। बुधवार को कंट्रोल रूम का नम्बर व मेल जारी किया गया है। गाजियाबाद के मतदाता टेलीफोन नंबर- 0120-2822980, 0120-2822981, 0120-2822982, 0120-2822983और मेल आईडी controlroomgzbw2024@gmail.com है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गाजियाबाद जिले में आचार संहिता लागू हो चुकी है। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी इन्द्रविक्रम सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कंट्रोल रूम स्थापित किया है। इन नम्बरों पर आप अपने मतदाता पहचान पत्र, मतदान केन्द्र, मतदान स्थल सहित अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यदि कहीं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता नज़र आता हैं। तो आप उसकी शिकायत भी दर्ज करवा सकते हैं। हमारी टीम द्वारा इस पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। आचार संहिता लागू होने से लेकर मतगणना तक कंट्रोल रूम संचालित रहता है। मतदाता किसी भी प्रकार की शिकायत फोन नंबर पर कॉल कर दर्ज करा सकता है।

## सपा-कांग्रेस गठबंधन से डॉक्टर महेंद्र नागर का कटा टिकट

### अब राहुल अवाना को बनाया नया प्रत्याशी



**नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में सपा-कांग्रेस गठबंधन ने लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर का टिकट काटते हुए राहुल अवाना को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। राहुल अवाना नोएडा के असगरपुर गांव के है। बता दे डॉक्टर महेंद्र नागर कांग्रेस में काफी लंबे समय तक रहे। हाल ही में उन्होंने सपा का दामन थामा था। साफ सुथरी छवि होने के कारण मंगलवार को उनका कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत भी किया था। जनपद में सरगर्मी थी कि डॉक्टर महेंद्र नागर भाजपा को अच्छी टक्कर दे सकते है। टिकट कटने के बाद जहां कांग्रेस कार्यकर्ता में उत्साह कम हुआ है। वहीं सपा नेता भी दबी जुबान में कुछ भी कहने से कतरा रहे है। उनका कहना है कि शीर्ष नेताओं ने सोच समझकर ही फैसला लिया है। कार्यकर्ताओं में राहुल अवाना की छवि खास नहीं है। बताया गया कि उनका विवादों से भी गहरा नाता रहा है। दरअसल डॉक्टर महेंद्र नागर का टिकट फाइनल होने के साथ ही गौतमबुद्ध नगर में ये अटकले लगने लगी थी कि यहां से प्रत्याशी में फेरबदल किया जा सकता है। हुआ भी ऐसा ही। बुधवार शाम को सपा ने अपनी लिस्ट फाइनल की। जिसमें डॉक्टर महेंद्र नागर का टिकट काट कर राहुल अवाना को प्रत्याशी घोषित किया। राहुल के लिए सबसे बड़ी चुनौती अपने रुठे लोगों को मनाने की होगी।

## बुजुर्ग को कार समेत टोह कर ले गई क्रेन

**नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा में बुजुर्ग को कार के साथ ही टोह लिया गया। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। दरअसल नोएडा सेक्टर-50 में अवैध पार्किंग से वाहनों को उठाने वाले ठेकेदारों ने इस घटना को अंजाम दिया है। ठेकेदारों ने गाड़ी में बैठे बुजुर्ग को गाड़ी समेत टो कर लिया। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि बुजुर्ग अपनी गाड़ी में बैठे हैं और क्रेन से कार समेत उन्हें घसीटा जा रहा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह कार नो पार्किंग जोन में खड़ी थी जिसके बाद ठेकेदारों ने इस कार को टो किया। ठेकेदार ने यह भी देखने की जहमत नहीं उठाई कि कार में वरिष्ठ नागरिक बैठे हुए हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद अब ऐक्शन लेने की बात कही जा रही है। इस वीडियो को देख कर हर कई हैरान है। सड़क पर टो की गई कार क्रेन के साथ तेज रफ्तार से भाग रही है और कार के शीशे से बुजुर्ग को साफ देखा जा सकता है।

इस वीडियो के वायरल होते ही पुलिस को टैग कर कार्रवाई की मांग की जाने लगी। प्राधिकरण एनटीसी सेल ने ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए है। इससे संबंधित एक एप्लीकेशन थाना प्रभारी सेक्टर-49 पुलिस को दी गई है। एप्लिकेशन में बताया गया कि यहां पार्किंग का संचालन एमजी इंफ्रा सोल्यूशन की ओर से किया जा रहा है। अवैध वसूली के उद्देश्य से बुजुर्ग की गाड़ी को जबरदस्ती खींचकर



- वीडियो वायरल होने पर लिया संज्ञान
- पार्किंग संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

ले गए। ऐसे में संविदाकार प्रवीन गुप्ता, स्टॉफ अनुराग कुमार और विनीत कौशिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर एक्शन लिया जाए।

### पार्किंग संचालन करने वाली कंपनी पर 50 हजार का लगाया जुर्माना

बुजुर्ग को कार समेत टो करके ले जाने के मामले में प्राधिकरण ने बड़ा एक्शन लिया है। प्राधिकरण ने पार्किंग संचालित करने वाली कंपनी एमजी इंफ्रा सोल्यूशन को पहले भी चेतावनी जारी की जा चुकी है। ऐसे में अब प्राधिकरण ने कंपनी को शो कॉस नोटिस जारी करते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। नोटिस में पूछा गया कि क्यो न आपको ब्लैक लिस्ट किया जाए। इसका कारण बताए।

## 15 हजार करोड़ जीएसटी फर्जीवाड़े में दो उद्यमी गिरफ्तार

### 26 फर्जी फर्म खोलकर 26 करोड़ का किया फ्राड, दोनों आरोपी अरबपति

**नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने 15 हजार करोड़ के फर्जी जीएसटी फर्म फ्राड में दो उद्यमी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों ही इस फ्राड के मास्टमाइंड है। इसमे अजय शर्मा पुत्र रामनिवास शर्मा निवासी गुड मंडी सोनीपत हरियाणा और संजय जिंदल पुत्र राजेंद्र जिंदल निवासी गुड मंडी सोनीपत हरियाणा को गिरफ्तार किया है। ये 32 वीं गिरफ्तारी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी संजय जिंदल मेसर्स ए एस ब्राउनी मैटल एंड एलॉय प्राइवेट लिमिटेड और अजय शर्मा मेसर्स क्रिस्टल मैटल इंडस्ट्रीज के मालिक हैं। अभी तक की जांच में सामने आया कि संजय जिंदल मेसर्स ए एस ब्राउनी मैटल एंड एलॉय प्राइवेट लिमिटेड ने करीब 17 करोड़ रुपए और अजय शर्मा मेसर्स ए एस क्रिस्टल मेंटल इंडस्ट्री ने 8.5 करोड रुपए का आईटीसी का फ्रॉड किया है। इस संबंध में थाना सेक्टर-20 में एक मुकदमा दर्ज किया गया था जिसकी जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। हालांकि इस मामले में जीएसटी ने दोनों को पकड़ा था। करीब दो महीने तक जेल में रहने के बाद ये बाहर आ गए थे। डीसीपी क्राइम शक्ति अवस्थी ने बताया कि इस फ्राड में संजय जिंदल ने अपनी कंपनी की आड़ में करीब 20 फर्जी फर्म बनाई। वहीं अजय शर्मा ने छह फर्म बनाकर आईटीसी फ्राड किया। दोनों ने मिलकर करीब 26 करोड़ रुपए राजस्व का चूना लगाया। उन्होंने बताया कि ये दोनों अवैध तरीके से फर्जी जीएसटी फर्म तैयार करवाते थे और उन्ही फर्जी जीएसटी फर्मो से फर्जी इन्वॉयस कर अवैध लाभ कमाते थे। ये दोनों ही इस पूरे जीएसटी फ्राड



मामले के मास्टर माइंड है। ये दोनों अरबपति भी है। दरअसल ये दोनों ही असली बेनिफिशयरी थे।

### 2 महीने जा चुके है जेल

जीएसटी विभाग की ओर से दोनों को पहले भी जेल भेजा जा चुका है। अब नोएडा पुलिस इन दोनों को जेल भेज रही है। इन दोनों पर 25-25 हजार का इनाम रखा गया था। उन्होंने बताया कि ये दोनों ही स्क्रेप का कारोबार करते थे।

### इनके साथी ने रिमांड पर खोले राज इसके बाद पकड़ में दोनों मास्टर माइंड

दरअसल 4 मार्च को जीएसटी फर्जीवाड़े में शामिल कुणाल मेहता ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। जिसके पास से अहम दस्तावेज बरामद हुए थे। पुलिस ने इस पर 25 हजार का इनाम भी रखा था। पुलिस ने 48 घंटे की रिमांड ली। जिसके बाद उसने पुलिस को कई ठिकानों की जानकारी दी और उसे दिल्ली समेत अन्य ठिकानों पर ले भी जाया गया। फर्जीवाड़े में शामिल कई अन्य आरोपियों के बारे में भी पुलिस को कुणाल से जानकारी मिली है। जिसके बाद पुलिस ने दोनों शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## तलाक के लिए अधिवक्ता पति ने किया फर्जीवाड़ा, मुकदमा दर्ज



**गाजियाबाद,** 20 मार्च (देशबन्धु)। अधिवक्ता आशुतोष शर्मा संग अधिवक्ता वैभव शर्मा, अभय सहाय, अमित अधाना ने बताया कि मुख्य अभियुक्त करन सिंह हुंकराल ने षडयंत्र के तहत एक फर्जी किरायानामा तैयार कर गाजियाबाद न्यायालय की अधिकारिता सुनिश्चित करते हुए अवैध रूप से अपनी पत्नी के विरूद्ध विवाह विच्छेद की एक पक्षीय आज्ञप्ति सन् 2019 में प्राप्त की। अभियुक्त करन सिंह ने सौ रुपए के स्टाम्प पर किरायानामा तैयार करवाया था जिसे अन्य अभियुक्तों के साथ दिनांक 15.10.2015 में हस्ताक्षरित किया गया था जबकि किरायानामा में प्रयुक्त सौ रुपए का स्टाम्प कोषाधिकारी कार्यालय से 21.03.2016 को निर्गत किया गया था। पीड़ित शिकायतकर्ता पत्नी द्वारा जब पुलिस से शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई अभियुक्तगण के विरूद्ध नहीं की गई तब शिकायतकर्ता को न्यायालय का सहारा लेना पडा जहां मुख्य न्यायिक मजिस्टेट, गाजियाबाद ने मामले की गम्भीरता व प्रथम दृष्टया मामला अभियुक्तगण के विरूद्ध पाते हुए अभियुक्तगण के विरूद्ध सम्बन्धित थानाध्यक्ष कविनगर को एफ.आई.आर. दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान में आशा कार्यकर्ता बनाएंगी आभा आईडी

**नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। इस बार एक अप्रैल से शुरू होने वाला विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान कुछ खास रहने वाला है। इस बार दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों की आयुष्मान भारत आईडी बनाएंगी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत दस्तक अभियान 21 दिन चलाया जाएगा। अब तक इसे दो हफ्ते चलाया जाता था। दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्ता घर घर जाकर बीमारियों को लेकर स्क्रीनिंग तो करेंगी साथ ही लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचने के तरीके भी बताएंगी। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि 12 विभागों के सहयोग से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता ई कवच पर रिपोर्टिंग के साथ ही मरीज की स्क्रीनिंग के दौरान उनकी आभा आई भी क्रिएट करेंगी, साथ ही मरीज को रजिस्ट्रेशन की जानकारी देंगी। आभा आई बनने से हर मरीज की स्वास्थ्य कुंडली विभाग के पास रहेगी। इससे मरीजों के उपचार करने में सुविधा रहेगी। स्वास्थ्य विभाग के पास यह

### एक से 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान

भी जानकारी रहेगी कि मरीज का कब और कौन सी बीमारी का इलाज हुआ। उन्होंने बताया विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ अभियान की लगातार मानिटरिंग करेंगे। किस विभाग ने क्या और कितना काम किया, इस पर निगाह रखी जाएगी। माइक्रो प्लान के अनुसार ही विभागों को काम करना होगा। सभी विभाग शीघ्र ही अपने माइक्रो प्लान उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने बताया दस्तक अभियान के लिए जल्दी ही आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि घर घर जाकर लोगों से कैसे बात करनी है और किन बीमारियों की स्क्रीनिंग करनी है। मलेरिया अधिकारी ने बताया घर-घर जाकर आशा कार्यकर्ता बुखार, आईएलआई (इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस), क्षय रोग और कुष्ठ रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों के साथ ही कुपोषित बच्चों और मच्छर प्रजनन पाए जाने वाले घरों की भी सूची तैयार करेंगी इसके साथ ही ऐसे मकानों की सूची तैयार करेंगी, जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो। प्रतिदिन सभी रिपोर्ट ई-कवच पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। उन्होंने बताया बताया अभियान में संक्रमण से बचने व बुखार होने पर 'क्या करें, क्या न करें' का प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग, बैनर और पोस्टर आदि के माध्यम से प्रचार कराया जाएगा।

## एल्विश मामले से जुड़े 2 और गिरफ्तार, एक खास दोस्त तो दूसरा सपेरों का जानकर

- अब तक कुल 7 हुईं गिरफ्तारियां
- बुधवार को भी है कोर्ट में हड़ताल

**नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। एलविश यादव मामले में पुलिस ने और लोगों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस मामले में बुधवार सुबह दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिनका कनेक्शन एल्विस यादव के साथ बताया जा रहा है। ईश्वर और विनय नाम के दो लोगों को नोएडा के सेक्टर-20 थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में फिलहाल कई और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है और कई बड़े लोगों को नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया भी जा सकता है। मिली जानकारी के मुताबिक जेल में बंद एल्विश यादव के ग्रुप और साथियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस मामले में मंगलवार देर रात ईश्वर और विनय को नोएडा पुलिस ने कोतवाली सेक्टर 20 में पूछताछ के लिए बुलाया था। देर रात तक उनसे पूछताछ भी चली थी। इसके बाद बुधवार सुबह पुलिस ने आधिकारिक तौर पर उनकी गिरफ्तारी करते हुए इन्हें कोर्ट में पेश करने की बात की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले की जांच के दौरान लगातार ईश्वर नाम का जिक्र आ रहा था और सीडीआर में भी ईश्वर से बातचीत की बात सामने आई थी। बताया जा रहा है कि रेव पार्टी में सांपों के जहर की सप्लाई करने का एक बड़ा नेक्सस है। इसमें ईश्वर या अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है। डीपी विद्यासागर मिश्र का कहना है कि सांपों की जहर और सप्लाई करने के मामले में ईश्वर और विनय दो लोगों से पूछताछ के बाद बुधवार सुबह उन्हें गिरफ्तार किया गया है और कोर्ट में पेश किया जा रहा है। इन दोनों की तलाश पुलिस कर रही थी। उन्होंने बताया कि अभी इस मामले की विवेचना लगातार जारी है कई और लोगों को नोटिस देकर जल्द ही पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

उवाच

चुनाव के समय सत्ताधारी पार्टी के वर्तमान प्रतिनिधियों से किसानों ने की समस्याओं पर हर गांव में सवाल पूछे जाएंगे उन्हें किसानों के मुद्दे पर जवाबदेह बनाने की कोशिश की जाएगी महासचिव जगबीर नंबरदार ने सत्ताधारी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी के लोगों को इस बात का गुमान हो गया है कि उन्हें अब गांव के वोट की आवश्यकता नहीं है इसलिए वे किसानों की किसी भी मांग को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। **वीर सिंह नागर, किसान सभा संयोजक**

# कैपिटल ज़ोन

## लोस चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए अपने दायित्व का पालन करें : मनीष कुमार

**ग्रेटर नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन प्रक्रिया हेतु नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि चुनाव निष्पक्ष, स्वतंत्र, पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाना है, निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिन भी अधिकारियों के जो भी दायित्व निर्धारित किए गए हैं, वह उसका अक्षरस: पालन और निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियों को समय रहते पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व सौंप गए हैं, वह उन दायित्व से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की गई बुकलेट का बहुत ही गहनता के साथ अध्ययन कर लें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।



■ **जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव में लगे नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आयोग द्वारा निर्धारित किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मैनपॉवर मैनेजमेंट, ट्रेनिंग मैनेजमेंट, मैटेरियल मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट, कंप्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी एवं आईटी, स्वीप, कानून व्यवस्था, ईवीएम मैनेजमेंट, एम.सी.एम.सी, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, बैलट पेपर्स, पोस्टल बैलेट, मीडिया, कम्युनिकेशन प्लान, इलेक्ट्रॉल रोल्स, शिकायत एवं वोटर हेल्पलाइन तथा ऑब्जवर्स आदि व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित कर ली जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी भू.अ. बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी गण एवं समस्त नोडल अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम व वीवीपैट मशीन का हुआ रेंडमाइजेशन

**ग्रेटर नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में पारदर्शिता को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को ईवीएम मशीन एवं वीवीपैट मशीन का एनआईसी में प्रथम रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, अनुज नेहरा, एसडीएम दादरी विवेकानंद मिश्र, एसडीएम सदर वेद प्रकाश पांडेय, एसडीएम जेवर अभय सिंह उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि चुनाव प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष ढंग से कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से ईवीएम मशीनों का विधानसभा वार चयन होता है, जिसके लिए प्रथम रेंडमाइजेशन कार्य संपन्न हुआ साथ ही उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब भी दिया। कंप्यूटर के माध्यम से प्रथम रेंडमाइजेशन करने के उपरांत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मशीनों की विधानसभा वार सूची उपलब्ध कराई गई। प्रथम रेंडमाइजेशन



के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी संपन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बूथों की संख्या बढ़ाने हेतु निर्वाचन आयोग को भेजे गए प्रस्ताव से अवगत कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से यह भी कहा कि आप लोग भी अपने स्तर से अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करें और उनको बताएं कि प्रत्येक मतदाता वोटर हेल्पलाइन पोर्टल पर जाकर वह अपना वोटर लिस्ट में नाम एवं बूथ संख्या चेक कर सकते हैं, ताकि मतदान के दिन उनको अपने मत का प्रयोग करने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

## हलवाई की संदिग्ध हालात में मौत

**दनकौर,** 20 मार्च (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे में एक हलवाई की मंगलवार देर रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने कोतवाली पुलिस से ठेकेदार के खिलाफ मानसिक प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। जेवर के रामनेर गांव निवासी धीरज पिछले करीब 4 वर्ष से दनकौर में एक ठेकेदार के पास हलवाई का काम करते थे। मंगलवार देर रात परिजनों को ठेकेदार ने सूचना दी कि धीरज ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसका शव जिम्स अस्पताल में है। मृतक ने पिता लखपत बताया कि जब वह पहुंचे तो ठेकेदार गायब था। उसके बाद परिजन कोतवाली पहुंचे और ठेकेदार पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर किया।

■ **परिजनों ने ठेकेदार के खिलाफ की शिकायत**

पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया और प्रथम दृष्टया जांच की तो पता चला कि उसने आत्महत्या की है। वहीं, पिता का आरोप है कि उसे रुपयों की जरूरत थी। उसने ठेकेदार से अपनी सैलेरी के रुपए मांगे थे, लेकिन ठेकेदार उसे रोजाना टरका रहा था। रुपए नहीं मिलने से वह मानसिक परेशान रहने लगा था। ठेकेदार से प्रताड़ित होकर उसने आत्महत्या की है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च एंड इन्नोवेशन पर हुई चर्चा



**ग्रेटर नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। अनुसंधान का बहु-विषयक दृष्टिकोण केवल टीम-वर्क और सहयोग के बारे में नहीं है, बल्कि यह उसी आइडिया को रिप्रेजेंट करता है जिसका उद्देश्य मुद्दों को अधिक व्यापक तरीके से समझना और इनोवेशन को आसान करना है। यह बातें नॉलेज पार्क स्थित आईआईएमटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान चीफ गेस्ट रहे गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. दिनेश कुमार ने मुख्य विषय मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च एण्ड इन्नोवेशन के संबोधन के दौरान बोली। दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की शुरुआत बुधवार को कॉलेज परिसर में हुई। इस दौरान गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में जीबीयू में यूएसआईसीटी के डीन डॉ. संजय कुमार शर्मा व एमेरिटस के प्रोफेसर डॉ. आलोक प्रसाद मित्तल ने भी भाग लिया। सभी अतिथियों का स्वागत कॉलेज समूह के ग्रुप डॉयरेक्टर डॉ. के के पालीवाल और आईआईएमटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डॉयरेक्टर डॉ. एसएस त्यागी ने किया। कॉन्फ्रेंस के दौरान दिल्ली, राजस्थान, पंजाब हरियाणा, उत्तर प्रदेश इंग्लैंड, बुल्गारिया, मलेशिया, लंदन, नेपाल, फिलीपींस, अमेरिका, और जर्मनी से 300 से अधिक शोध पत्र आए जिसमें से 104 शोध पत्र पेश किए गए। विदेश से छात्र और शिक्षक ऑनलाइन मोड के रूप में जुड़े। इस मौके पर कॉलेज समूह के एडवाइजर डॉ. एम के सोनी, डॉ. तारक नाथ प्रसाद, डॉ. पूनम पांडेय, प्रोफेसर उमेश कुमार, डॉ. एपी सिंह, प्रोफेसर सत्यवीर सिंह, कनविनर प्रोफेसर नवीन राठी, सहित कॉलेज के सभी प्रोफेसर और छात्र उपस्थित रहे।

## किसानों का 155 दिनों से चल रहा धरना हुआ स्थगित

**ग्रेटर नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। जिला प्रशासन के अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर 'एक समान नीति' और 'नए भूमि अधिग्रहण कानून' के सभी लाभ दिए जाने की मांग को लेकर ग्रेटर नोएडा के रामगढ़ गांव में अंसल सुशांत मेगा पॉलिश बिल्डर से प्रभावित किसानों का पिछले 155 दिन से चल रहा धरना बुधवार हुआ स्थगित। मांगे पूरी होने तक बिल्डर का निर्माण कार्य बन्द रहने पर बनी सहमति। किसानों ने सर्व सम्मति से फैसला लिया कि यदि तय समय में उनकी मांगों को सरकार द्वारा गठित हाई पॉवर कमेटी ने पूरा नहीं कराया, तो बिल्डर के मुख्य कार्यालय पर फिर शुरू होगा धरना प्रदर्शन। संयुक्त किसान मोर्चा (भूमि अधिकार) के आह्वान पर दर्जनों किसान संगठनों के बैनर तले संयुक्त रूप से एक समान नीति और नए भूमि अधिग्रहण कानून के सभी लाभ दिए जाने की मांग को लेकर पिछले लगभग सवा 5 महीने से चल रहा धरना प्रदर्शन जिला प्रशासन के आश्वासन पर चुनाव आचार संहिता के समय और हाई पॉवर कमेटी द्वारा लिए गए समय तक के लिए स्थगित हो गया।

संयुक्त किसान मोर्चा (भूमि अधिकार) दिल्ली एनसीआर क्षेत्र एवं कई अन्य राज्यों में किसानों को नए भूमि अधिग्रहण कानून के सभी लाभ तय कराने और एक समान नीति के लाभ तय कराने के लिए संघर्ष कर रहा है।

मोर्चा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इसी कड़ी में जनपद गौतमबुद्ध नगर में बुलंदशहर विकास प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित किए गए गांवों में पुराने कानून के दौरान अंसल सुशांत (ए.पी.आई.) बिल्डर द्वारा जमीन लिए जाने से प्रभावित किसानों को ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर 64.7 प्रतिशत बढ़ा हुआ मुआवजा, 10 फीसदी प्लॉट तथा भूमिहीनों को आवासीय प्लॉट और रोजगार तथा गांवों का विकास किए जाने और 1 जनवरी 2014 के बाद देश में नया भूमि अधिग्रहण कानून लागू होने के बाद जमीन लिए जाने से प्रभावित किसानों को बाजार दर का 4 गुना मुआवजा, 20 फीसदी प्लॉट एवं रोजगार तथा पुनर्वास के सभी लाभ दिए जाने की मांग को लेकर चले धरने में 14 मार्च को जिला कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई वार्ता में किसानों की मांगों को पूरा होने तक बिल्डर का निर्माण कार्य बन्द रहने और मांगों को पूरा कराने हेतु बुलंदशहर विकास प्राधिकरण से प्राप्त होने वाले दस्तावेजों के आने के बाद मामला शासन द्वारा गठित हाई पॉवर कमेटी को भेज दिए जाने पर सहमति बनी थी। इस क्रम किसानों द्वारा हाई पॉवर कमेटी को लिखे गए पत्र के साथ अभी तक प्राप्त दस्तावेज जिला प्रशासन के अधिकारियों को सौंप दिए गए साथ ही जो डॉक्यूमेंट्स शेष रह गए हैं वो भी जल्दी ही सौंप दिए जायेंगे। जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा भरोसा दिए जाने पर आज यह धरना कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया है, किसानों ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया है कि तय समय में मांगे पूरी नहीं किए जाने पर बिल्डर के मुख्य कार्यालय पर किसान फिर से धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे।

## किसानों ने कहा, दस फीसदी भूखंड नहीं तो वोट नहीं

**ग्रेटर नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। किसान सभा की बैठक में हुए अहम फैसले बुधवार अखिल भारतीय किसान सभा की जिला कमेटी की बैठक जिला कार्यालय जैतपुर में बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान श्याम सिंह जुनपत ने की। बैठक का संचालन किसान सभा के जिला महासचिव जगबीर नंबरदार ने किया बैठक में अहम फैसलों को लेकर जिला अध्यक्ष डॉक्टर रूपेश वर्मा ने प्रस्ताव प्रस्तुत किए प्रस्तुत प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पास किया गया। प्रस्तावों पर जानकारी देते हुए डॉक्टर रुपेश वर्मा ने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है प्रचार के लिए संसद और विधायक गांव-गांव जा रहे हैं। पूरे 10 साल भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि कान में तेल डालकर सोए रहे किसान सड़क पर रहा लगातार आंदोलन करता रहा परंतु सांसद और विधायकों ने कभी भी किसानों की सुध नहीं ली इसलिए किसान सभा ने फैसला किया है कि हर गांव में किसान सभा की जिला कमेटी के लोग वोट मांग रहे सांसद और विधायकों से सवाल पूछकर उन्हें बेनकाब करेंगे, उनके किसान विरोधी




■ **हर गांव में सत्ताधारी पार्टी के प्रतिनिधियों का किसानों के मुद्दों पर किए जाएंगे सवाल**

चेहरे को जनता के सामने लाया जाएगा। प्राधिकरण के साथ हुए समझौते के अनुसार हाई पावर कमेटी की जल्द ही होने वाली बैठक में किसान सभा 10 प्रतिशत आबादी प्लाट, नए कानून को लागू करने, 120 वर्ग मीटर के न्यूनतम साइज के प्लाट, अतिरिक्त मुआवजा एवं अन्य मुद्दों पर विस्तार से अपनी बात रखेगी। किसान सभा आगामी दिनों में आबादी प्रकरणों को बोर्ड बैठक से पास कराने के लिए अधिकारियों पर दबाव डालेगी। प्राधिकरण स्तर पर शिफ्टिंग और एसआईटी जांच की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए अधिकारियों दबाव बनाए रखेगी। प्लाटों को लगाने और आबादियों की लीजबैक के लिए गांव-गांव कैंप लगवा कर आबादियों की लीजबैक के लिए प्राधिकरण पर दबाव बनाया जाएगा।

किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि चुनाव के समय सत्ताधारी पार्टी के वर्तमान प्रतिनिधियों से किसानों ने की समस्याओं पर हर गांव में सवाल पूछे जाएंगे उन्हें किसानों के मुद्दे पर जवाबदेह बनाने की कोशिश की जाएगी महासचिव जगबीर नंबरदार ने सत्ताधारी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी के लोगों को इस बात का गुमान हो गया है कि उन्हें अब गांव के वोट की आवश्यकता नहीं है इसलिए वे किसानों की किसी भी मांग को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं इसलिए गांवों में किसानों में सत्ताधारी पार्टी के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है।

## बहाई नववर्ष नवरूज पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी मनमोहक प्रस्तुति

**ग्रेटर नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। ग्रैड्स इंटरनेशनल स्कूल में बहाई नव वर्ष न्यू रूज मनाया गया है। बहाई मंदिर दिल्ली में कालकाजी स्थित कमल मंदिर के रूप में जाना जाता है, जहां न्यू रूज के पर्व धूम धाम से मनाया जाता हैं। न्यू रूज पूरा विश्व में रह रहे पारसी तथा बहाई समुदायों द्वारा मनाया जाता है। आज से बहाई कैलाएंडर के अनुसार 181 वर्ष का प्रारंभ हुआ है। इसी उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा की स्थानीय अध्यात्मिक सभा द्वारा ग्रैड्स इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम हुआ, जहां बच्चे बड़े सब मिल कर यह उत्सव




■ **ग्रेड्स इंटरनेशन स्कूल में बहाई समुदाय के लोग हुए एकत्रित**

मनाया। इस कार्यक्रम की शुरुआत कुछ प्रार्थना से शुरू हुई और आगे कुछ शुरीले गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि के रूप मे विशिष्ट शिक्षाविद और समाजसेवी डॉ. ए. के. मर्चेंट, प्रधानाचार्या अदिति बसु रॉय, उपप्रधानाचार्या मलाया पॉल थे। ग्रेटर नोएडा के थपखेरा गांव के लोगों ने भी इसमें बड़चर कर भाग लिया। डॉ. ए.के. मर्चेंट द्वारा इस त्योहार के उपलक्ष्य पर प्रकाश डाला गया।

## शैक्षणिक अनुसंधान व सहयोग के लिए जनहित कालेज ने महाराजा अग्रसेन विवि से किया समझौता

**ग्रेटर नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय और जनहित कॉलेज ऑफ लॉ ने विभिन्न शैक्षिक और अनुसंधान पहलों पर सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. पंकज नांगलिया और जनहित कॉलेज ऑफ लॉ के रजिस्ट्रार कवीन्द्र चौधरी ने हस्ताक्षर किए। एमओयू के उद्देश्यों में दोनों संस्थानों के बीच छात्र आदान-प्रदान, कर्मचारियों के आदान-प्रदान, संयुक्त शैक्षिक, अनुसंधान और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है। एमओयू तीन साल की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा, अतिरिक्त तीन साल की अवधि के लिए नवीनीकरण की संभावना होगी। सहयोग के क्षेत्रों में संकाय और कर्मचारियों का आदान-प्रदान, छात्रों का आदान-प्रदान, संयुक्त शिक्षण, अनुसंधान, सांस्कृतिक गतिविधियां, सेमिनार और सम्मेलनों का संयुक्त संगठन और पाठ्यक्रम संवर्धन में भागीदारी है।




## जीएनआईओटी संस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में मिला नैक ए प्लस ग्रेड

**ग्रेटर नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी (इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट) ने पहले चक्र में मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ए प्लस ग्रेड हासिल किया है। संस्थान के चेयरमैन के कहा कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी (इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट) ने अपने पहले चक्र में मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ए प्लस ग्रेड हासिल किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि शुरू से ही उत्कृष्टता के प्रति हमारी अग्रणी भावना और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। यह मील का पत्थर अकादमिक उत्कृष्टता के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है, और हम अपनी आगे की यात्रा जारी रखते हुए इस मानक को बनाए रखने के लिए दृढ़ हैं। संस्थान को नैक ए प्लस ग्रेड मिलने पर संस्थान के निदेशक, डीन व एकेडमी में उत्साह है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## जिम्स का प्रमुख सचिव चिकित्सा ने किया दौरा

**ग्रेटर नोएडा,** 20 मार्च (देशबन्धु)। प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेनशर्मा ने राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स), ग्रेटर नोएडा का दौरा किया। संस्थान के निदेशक ब्रिगे. राकेश गुप्ता एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, संकायाध्यक्ष डॉ. रम्भा पाठक ने प्रमुख सचिव का स्वागत किया। प्रमुख सचिव संस्थान में करीब तीन घण्टे रूके, इस दौरान उन्होंने निदेशक, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी गौतमबुद्ध डॉ. सुनील कुमार शर्मा के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने प्राधिकरण को अस्पताल के बेसमेंट के सुदृढ़ीकरण कार्य शीघ्र कराये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को टेली कन्सल्टेशन के लिए जिम्स को हब बनाए जाने के लिए कहा कि साथ ही सबसे कम मरीजों वाले एन.सी.डी. जिम्स में स्थापित कराये जान के निर्देश दिये। जिम्स में स्थापित जीनोम






सीक्वेंसिंलग/बी.एस.एल.-3/टीबी लैब पूर्ण क्षमता से चलाये जाने के लिए निर्देश दिये तथा आवश्यकता होने पर पीपीपी मॉडल पर भी संचालित किये जाने का सुझाव दिया।

■ **अस्पताल में सुविधाएं और बेसमेन्ट को ठीक कराने के लिए प्राधिकरण को दिए निर्देश**

अस्पताल में स्थापित एचएमआईएस व आईएलएस को पूर्णत: संचालित किये जाने को कहा तथा भर्ती मरीजों को वार्ड में ही भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराये जाने तथा मोबाइल पर जॉच रिपोर्ट प्रेषित किये जाने की व्यवस्था शुरू किये जाने को कहा। साथ ही स्किल लैब का उपयोग करते हुए नर्सिग व तकनीकी अटेण्डेन्ट प्रशिक्षण का सर्टिफिकेट कोर्स प्रारम्भ किये जाने का सुझाव दिया। प्रमुख सचिव ने अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से संस्थान का फीडबैक लिया और निदेशक एवं समस्त विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर संस्थान के विभिन्न मुददों पर चर्चा की।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के कम में ग्राम सालारपुर में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 132/एस.टी-एस.डी.एम./2024 दिनांक 13.02.2024 व वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 79/एस.टी.-एस.डी.एम./12 दिनांक 23.05.2012 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज कर किये जाने प्रस्तावित है।

| कम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | वारिसानों का नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सालारपुर | 226<br>209<br>609<br>243 | श्री चमन पुत्र श्री बुद्धा सिंह, नि0 ग्राम सालारपुर व श्रीमती रामदेई पत्नी स्व0 श्री बुद्धा नि0 ग्राम सालारपुर परगना दनकौर तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती सन्तोष<br>श्री प्रदीप<br>श्री नरेन्द्र<br>श्रीमती मंजू रानी<br>श्रीमती संजू रानी<br>श्रीमती सीमा रानी | पत्नी<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्री<br>पुत्री<br>पुत्री | 56 वर्ष<br>27 वर्ष<br>26 वर्ष<br>42 वर्ष<br>39 वर्ष<br>35 वर्ष | <br><br><br>विवाहित<br>विवाहित<br>विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण।

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0।
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि D01 आवासीय भूखण्डों की योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या D-225, Area-60 Sqmt., Sector-Delta-01, Allotment No.-D0132575 Greater Noida, Smt. Jahan Ara W/o Late Mohd. Saleem के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Smt. Jahan Ara की मृत्यु दिनांक 06.07.2023 को हो गयी है। मृतक आवंटी की पुत्रियों/पुत्रों Abida Parveen, Mohammad Amaan, Mohammad Arsalam, Mohammad Mehran, Tuba Saba D/S/o Late Smt. Jahan Ara W/o Late Mohd. Saleem द्वारा उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को संयुक्त रूप से पूण रूप से अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Smt. Jahan Ara W/o Late Mohd. Saleem के स्थान पर उनकी पुत्रियों/पुत्रों Ai Abida Parveen, Mohammad Amaan, Mohammad Arsalan, Mohammad Mehran, Tuba Saba D/S/o Late Smt. Jahan Ara W/o Late Mohd. Saleem R/o House No.-2755, Gali Ghante Wali, Pahari Bhojla Bazar, Chitli Qabar, Delhi-110006. के पक्ष में भूखण्ड का पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।
विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उपजिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1153/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 20.09.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1186<br>1286 | जयपाल शर्मा पुत्र श्री घनानन्द शर्मा नि. ग्राम सक्का मजरा भट्टा, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती लालवती | 70 | पत्नी |
| | | | श्री राजकुमार शर्मा | 51 | पुत्र |
| | | | श्री संजय शर्मा | 47 | पुत्र |
| | | | श्री ब्रिजेश कुमार शर्मा | 41 | पुत्र |
| | | | श्री ग्रिरीश कुमार शर्मा | 39 | पुत्र |
| | | | श्रीमती ललिता देवी | 44 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

## जापान में मालवाहक जहाज पलटने से आठ की मौत

**टोक्यो।** जापान के पश्चिमी तट पर दक्षिण कोरिया का एक मालवाहक जहाज पलट जाने से आठ नाविकों की मौत हो गई है। जापान के तट रक्षक बल ने बताया कि दक्षिण कोरिया का जहाज 'केओयंग सन' ने तूफानी मौसम के कारण लंगर डाल रखा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे के बाद एक व्यक्ति को बचा लिया गया जबकि दो अन्य लापता हैं। उनकी तलाश की जा रही है। जहाज के चालक दल ने मंगलवार को सुबह लगभग सात बजे मदद के लिए रेडियो संदेश भेजा था ।

# 'नेबरहुड फस्ट नीति' पर फोकस के साथ आज भूटान पहुंचेंगे पीएम मोदी

### भारत-भूटान स्थायी तौर पर साझेदार हैं, जो आपसी विश्वास, समझ व सद्भावना पर आधारित है : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसिया)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को भूटान के दौरे पर जाएंगे। पीएम मोदी यहां भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे के साथ बातचीत करेंगे। पीएम मोदी की यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलने की संभावना है।

रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी 21-22 मार्च 2024 के दौरान भूटान की यात्रा करेंगे। उनकी यह यात्रा भारत-भूटान के बीच नियमित रूप से होने वाली उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की नेबरहुड फर्स्ट नीति पर जोर देने की कवायद के अनुरूप है।



विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, भारत-भूटान स्थायी तौर पर साझेदार हैं, जो आपसी विश्वास, समझ और सद्भावना पर आधारित है। हमारी साझी आध्यात्मिक विरासत और दोनों देशों के लोगों के बीच मधुर संबंध हमारे असाधारण संबंधों में घनिष्ठता एवं जीवंतता का समावेश करते हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दोनों पक्षों को पारस्परिक हित के द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने, दोनों देशों के लोगों के फायदे के लिए हमारी अनुकरणीय साझेदारी को विस्तारित एवं मजबूत करझने के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगी।

### यूक्रेनी राष्ट्रपति से पीएम मोदी ने की वार्ता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में पुन: निर्वाचित होने के बाद व्लादिमीर पुतिन से फोन के जरिए बातचीत कर बधाई दी। इस दौरान दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन के बीच लड़ाई पर चर्चा की। ठीक इसके बाद पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से भी फोन पर बात किया।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने की तथ्यों की अनदेखी : चीन

**बीजिंग,** 20 मार्च (एजेंसियां)। फिलिपींस स्थित चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने बुधवार को फिलिपींस की यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री की दक्षिण चीन सागर के बारे में गलत भाषण पर संवाददाता के सवाल का जवाब दिया।

प्रवक्ता ने कहा कि हाल में दक्षिण चीन सागर की स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। चीन ने इसे नहीं भड़काया। इसकी जिम्मेदारी चीन की नहीं है। उल्लंघन और उकसावे के सामने चीन को अपनी प्रादेशिक अखंडता, प्रभुसत्ता और समुद्री अधिकार की रक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने पड़े। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपने भाषण में तथ्यों की अनदेखी कर दक्षिण चीन सागर में चीन पर कानूनी कार्रवाई का निराधार आरोप लगाया। उन्होंने फिर एक बार तथाकथित अमेरिका-फिलिपींस समान रक्षा संधि में निर्धारित कर्तव्य के बहाने चीन को धमकी दी। चीन इसका कड़ा विरोध करता है।



**दक्षिण चीन सागर की शांति व स्थिरता को खतरे में डालने वाला कोई नहीं, बल्कि अमेरिका है : चीन**

प्रवक्ता ने यह भी कहा कि दक्षिण चीन सागर में नेविगेशन की स्वतंत्रता में कोई समस्या नहीं है। अमेरिका बार-बार करता है कि वह दक्षिण चीन सागर में नेविगेशन की स्वतंत्रता की रक्षा करता है, इसका असली मकसद अमेरिकी युद्धपोत के आने-जाने की स्वतंत्रता की रक्षा करना है। अमेरिकी युद्धपोत उकसावे भरी कार्रवाई करने के लिए चीन आते हैं। यह बिलकुल प्रभुत्ववाद है। दक्षिण चीन सागर की शांति और स्थिरता को खतरे में डालने वाला कोई नहीं, बल्कि अमेरिका है।

## भारतीय अमेरिकी व्यवसायी के 3.4 लाख डॉलर के चंदे का इस्तेमाल रोका : रिपोर्ट

**न्यूयॉर्क,** 20 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनाव अभियान और डेमोक्रेटिक पार्टी के एक संगठन ने विवादों के बीच एक भारतीय अमेरिकी व्यवसायी से मिले लगभग 3,40,000 डॉलर के चंदे का इस्तेमाल न करने का फैसला किया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

पोलिटिको ने जो बाइडेन के अभियान अधिकारी के हवाले से कहा कि बाइडेन विक्ट्री फंड (बीवीएफ) चंदे की 'वैधता और स्रोत' के बारे में चिंताओं के कारण गौरव श्रीवास्तव के 50 हजार डॉलर के दान को रोक रहा है। पोलिटिको ने इसके प्रवक्ता के हवाले से बताया कि डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी (डीसीसीसी) बहुत सावधानी से गौरव श्रीवास्तव नाम के एक व्यक्ति से लगभग 2,90,000 डॉलर के चंदे को अलग कर रही है। लॉस एंजिल्स स्थित व्यवसायी, जो अपने और अपनी पत्नी के नाम से एक परमार्थ संगठन गौरव एंड शेरोन श्रीवास्तव फैमिली



फाउंडेशन चलाता है, विवादों से घिरा हुआ है। पोलिटिको ने पहले बताया था कि थिंक टैंक अटलांटिक काउंसिल ने 2022 में बाली में विश्व खाद्य सुरक्षा मंच के लिए उनसे और उनकी पत्नी से लगभग 10 लाख डॉलर लेने के बाद उनसे नाता तोड़ लिया था। अमेरिकी चुनाव कानूनों के तहत, एक व्यक्ति द्वारा उम्मीदवार को प्रत्यक्ष योगदान 3,300 डॉलर तक सीमित है, लेकिन कुछ कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करने वाली अभियान समितियों को अधिक दान स्वीकार करने की अनुमति है। बीवीएफ अपने प्राप्त योगदान को सीधे बाइडेन अभियान, डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी और राज्य पार्टी इकाइयों के बीच विभाजित करता है।

## युद्धविराम वार्ता में तेजी लाने के लिए एंटनी ब्लिंकन इस सप्ताह करेंगे मिस्र का दौरा

**तेल अवीव,** 20 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इस सप्ताह के अंत में मिस्र का दौरा करेंगे और इजरायल तथा हमास के बीच चल रही शांति वार्ता की समीक्षा करेंगे।



अमेरिका ने पहले ही इज़रायल से कहा है कि वह राफा में किसी भी जमीनी हमले का समर्थन नहीं करेगा क्योंकि इससे बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों सहित नागरिकों का जीवन प्रभावित होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पहले ही इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सीधे टेलीकॉल में राफा ऑपरेशन के संबंध में अपने देश के रुख के बारे में बता चुके हैं। इस बीच, शांति वार्ता के लिए कतर में इजरायली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया मंगलवार रात वापस तेल अवीव लौट आए हैं, क्योंकि इजरायल ने कतर और मिस्र जैसे मध्यस्थ देशों के माध्यम से हमास द्वारा रखी गई कई मांगों को नहीं माना। इज़रायल रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने दोहा में इज़रायली प्रतिनिधिमंडल से कहा है कि वे इज़रायली शर्तों पर बातचीत जारी रखें और हमास की अनुचित मांगों पर सहमत न हों। एंटनी ब्लिंकन की मिस्र यात्रा इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है और यह देखना होगा कि इजरायली पक्ष हमास द्वारा रखे गए युद्धविराम के नियमों और शर्तों पर कैसे सहमत होगा।

## पाकिस्तान में कोयला खदान विस्फोट में 12 की मौत, 8 घायल

**इस्लामाबाद,** 20 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट में 12 मजदूरों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान के माइन्स इंस्पेक्टर अब्दुल गनी बलूच ने सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को बताया कि हरनाई जिले में गुफा के अंदर जहरीली गैस जमा होने के कारण मंगलवार रात विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि जब विस्फोट हुआ तब 12 मजदूर खदान के अंदर काम कर रहे थे और फंसे हुए साथियों को बचाने की कोशिश में आठ और मजदूर खदान में घुस गए। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, कोयला खदान के और ढहने से वो भी फंस गए।

उन्होंने बताया कि बचाव दल ने अभियान पूरा कर लिया है और खदान से 12 शव और आठ घायल लोगों को निकाला है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना में बहुमूल्य जिंदगियों के नुकसान पर गहरा दुख जताया ।

## पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट पर हमला, आठ हमलावर ढेर

**ग्वादर पत्तन परिसर में घुस गए थे हमलावर**

**इस्लामाबाद,** 20 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने बुधवार को बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर पत्तन प्राधिकरण परिसर में हमले को नाकाम करते हुए आठ हमलावरों को मार गिराया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, हमलावर प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) से संबद्ध थे। बंदरगाह परिसर में प्रवेश करने की कोशिश के दौरान उन्हें मार गिराया गया। इस बीच, मकरान डिवीजन के आयुक्त सईद अहमद उमरानी ने हमले की पुष्टि की और कहा कि हमलावर ग्वादर पत्तन परिसर में घुस गए थे। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों की एक बड़ी टुकड़ी ने हमले का जवाब दिया और हमलावरों के परिसर में प्रवेश करने के प्रयास को विफल कर दिया। जब अभियान चल रहा था, स्थानीय पुलिस ने इलाके के चारों ओर घेराबंदी कर दी थी। मीडिया में इससे पहले रिपोर्ट आयी थी कि भारी गोलीबारी जारी है और इलाके में कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई है। गौरतलब है कि जनवरी में, सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान के माच और कोलपुर इलाकों में आतंकवादी हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया था जिसमें 10 से अधिक बीएलए हमलावर मारे गए थे।

## 2047 तक विकसित भारत का नेतृत्व करेंगी महिलाएं

संयुक्त राष्ट्र, 20 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने मंगलवार को महिलाओं के नेतृत्व वाली विकास पहलों पर जोर देते हुए कहा कि देश का लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत का है, जिसके लिए सभी क्षेत्रों में उनकी की पूर्ण और समान भागीदारी की आवश्यकता है। महिलाओं की स्थिति पर 68वें वार्षिक आयोग के मौके पर भारत द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि हम एक ऐसे भारत की कल्पना करते हैं जहां महिलाएं खुद से सशक्त हों। उन्होंने 2047 तक पूर्ण विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के बारे में बात करते हुए कहा कि भारत सरकार महिलाओं की सार्थक भागीदारी के माध्यम से अपार शक्ति को पहचानती है, जो महिला विकास से महिला नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करने की उम्मीद है कि महिलाएं विकास लाभों के निष्क्रिय प्राप्तकर्ताओं की बजाय योगदानकर्ताओं के रूप में विकसित राष्ट्र का नेतृत्व करेंगी।


## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए होली सीज़न के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01053 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 12:15 | बनारस | 16:05 | बुधवार | 27.03.24 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 23:55 | गुरूवार | 28.03.24 तक | |
| 01123 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 12:15 | गोरखपुर जं. | 18:55 | शुक्रवार | 29.03.24 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 01124 | गोरखपुर जं. | 21:15 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 07:25 | शनिवार | 30.03.24 तक | |
| 01103 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 22:35 | गोरखपुर जं. | 09:30 | गुरूवार | 28.03.24 तक | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 01104 | गोरखपुर जं. | 15:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.) | 00:40 | शनिवार | 30.03.24 तक | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 11:50 | बुधवार | 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05116 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:45 | छपरा | 09:30 | गुरूवार | 21.03.24 एवं 28.03.24 | |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 21:15 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 13:15 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05024 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:15 | गोरखपुर जं. | 07:30 | सोमवार | 25.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 05097 | टनकपुर जं. | 18:25 | दौरई जं. | 13:40 | शुक्र, सोम, बुध | 22.03.24 से 29.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05098 | दौरई जं. | 16:05 | टनकपुर जं. | 09:35 | शनि, मंगल, वीर | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:30 | मंगलवार | 26.03.2024 | वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान |
| 05048 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 27.03.2024 | |
| 05053 | गोरखपुर जं. | 09:30 | बांद्रा टर्मिनस | 16:00 | शुक्रवार | 22.03.24 एवं 29.03.24 | सामान्य |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनस | 21:45 | गोरखपुर जं. | 06:25 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 05005 | गोरखपुर जं. | 14:40 | अमृतसर | 09:30 | बुधवार | 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | गोरखपुर जं. | 08:50 | गुरूवार | 21.03.24 एवं 28.03.24 | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर | 09:30 | शुक्रवार | 22.03.24 एवं 29.03.24 | वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05050 | अमृतसर | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 05012 | गोमती नगर | 14:00 | छपरा | 00:05 | गुरू, शनि सोम, बुध | 21.03.24 से 27.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05011 | छपरा | 05:45 | गोमती नगर | 16:00 | शुक्र, रवि, मंगल, गुरू | 22.03.24 से 28.03.24 | |
| 05045 | लालकुआं | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लालकुआं | 04:05 | सोमवार | 25.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | गुरूवार | 21.03.24 से 28.03.24 | वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 23.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेन्ट्रल | 04:20 | शुक्रवार | 22.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर एवं वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) |
| 09195 | वडोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 09196 | मऊ | 23:00 | वडोदरा | 00:45 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | |
| 09062 | बरौनी | 12:15 | वलसाड | 03:45 | गुरूवार | 21.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 04145 | सूबेदार गंज | 21:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 08:00 | तिथियों के अनुसार | 21, 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 04146 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:00 | तिथियों के अनुसार | 21 से 25, 27 से 30.03.24 एवं 01.04.24 | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 14:10 | सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03436 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 19:00 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 26.03.24 से 02.04.24 | |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शुक्रवार | 22.03.24 एवं 29.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य |
| 08476 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | पुरी | 06:55 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 08571 | विशाखापत्तनम | 08:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य |
| 08572 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | विशाखापत्तनम | 13:30 | रविवार | 24.03.24 एवं 31.03.24 | |
| 04066 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सोमवार, गुरूवार | 21.03.24 से 28.03.24 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 11:20 | मंगलवार, शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:50 | बरौनी | 06:30 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य। |
| 04061 | बरौनी | 08:00 | दिल्ली जं. | 07:35 | सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | गुरूवार | 21.03.24 से 28.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | |
| 04060 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 10:30 | जयनगर | 15:15 | मंगलवार, शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | शयनयान व सामान्य |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 19:55 | बुधवार, शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 01664 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | सोमवार | 25.03.2024 | शयनयान व सामान्य |
| 01663 | सहरसा जं. | 09:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 13:55 | बुधवार | 27.03.2024 | |
| 04010 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | मंगलवार | 26.03.2024 | शयनयान व सामान्य |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 16:05 | गुरूवार | 28.03.2024 | |

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04068 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गुरूवार, शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 04067 | दरभंगा | 18:00 | दिल्ली जं. | 16:40 | बुधवार, शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 04004 | नई दिल्ली | 00:10 | सीतामढ़ी | 22:00 | गुरूवार, शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 04003 | सीतामढ़ी | 23:30 | नई दिल्ली | 01:30 | | | |
| 04033 | नई दिल्ली | 23:45 | श. कै. तुषार महाजन | 11:10 | शुक्रवार | 22.03.24 से 29.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04034 | श. कै. तुषार महाजन | 20:55 | नई दिल्ली | 09:30 | शनिवार | 23.03.24 से 30.03.24 | |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:10 | बुधवार, रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04076 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 20:55 | नई दिल्ली | 09:30 | गुरूवार, सोमवार | 25.03.24 से 01.04.24 | |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी | 09:45 | सोम, गुरू, शनि | 21.03.24 से 30.03.24 | 3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान |
| 04079 | वाराणसी | 18:20 | दिल्ली जं. | 08:50 | मंगल, शुक्र, रवि | 22.03.24 से 31.03.24 | |
| 01654 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 23:35 | वाराणसी | 23:55 | रविवार | 24.03.24 से 31.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य |
| 01653 | वाराणसी | 05:30 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:25 | मंगलवार | 26.03.24 से 02.04.24 | |
| 02371 | हावड़ा | 08:15 | बनारस | 21:45 | शनिवार | 23.03.2024 | प्रथम वता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य |
| 02372 | बनारस | 23:05 | हावड़ा | 12:20 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 13:20 | टूण्डला | 17:15 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04063 | टूण्डला | 17:45 | दिल्ली जं. | 22:15 | | | |
| 04923 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04924 | अम्बाला कैंट | 20:22 | सहारनपुर | 22:30 | | | |
| 04051 | दिल्ली जं. | 10:00 | पानीपत | 12:10 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04052 | पानीपत | 13:10 | दिल्ली जं. | 15:40 | | | |
| 04249 | वाराणसी | 06:25 | लखनऊ | 12:25 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04250 | लखनऊ | 16:35 | वाराणसी | 22:35 | | | |
| 04048 | नई दिल्ली | 06:20 | आगरा कैंट | 11:15 | प्रतिदिन | 21.03.24 से 24.03.24 | सामान्य |
| 04047 | आगरा कैंट | 14:30 | नई दिल्ली | 18:45 | | | |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 16:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 14:25 | शुक्रवार | 22.03.24 एवं 29.03.24 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 09004 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 17:25 | मुंबई सेंट्रल | 15:25 | शनिवार | 23.03.24 एवं 30.03.24 | |
| 04731 | श्री गंगानगर | 14:30 | आगरा कैंट | 04:05 | बुधवार | 20.03.24 एवं 27.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 04732 | आगरा कैंट | 07:05 | श्री गंगानगर | 00:50 | गुरूवार | 21.03.24 एवं 28.03.24 | |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 23:00 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 03:20 | गुरूवार | 19.03.24 एवं 26.03.24 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 15:10 | गुरूवार | 21.03.24 एवं 28.03.24 | |
| 04022 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:55 | मुजफ्फरपुर | 21:30 | गुरूवार | 21.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04021 | मुजफ्फरपुर | 23:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 23:30 | शुक्रवार | 22.03.2024 | |
| 01431 | पुणे | 16:15 | गोरखपुर जं. | 21:00 | शुक्रवार | 22.03.2024 | 3 टियर वाता., एवं शयनयान |
| 01432 | गोरखपुर जं. | 23:25 | पुणे | 06:25 | शनिवार | 23.03.2024 | |
| 01083 | छत्रपति शिवाजी(टर्मि.) | 22:35 | गोरखपुर जं. | 09:30 | शुक्रवार | 22.03.2024 | 3 टियर वाता., एवं शयनयान |
| 01084 | गोरखपुर जं. | 15:30 | छत्रपति शिवाजी(टर्मि.) | 00:40 | रविवार | 24.03.2024 | |
| 04530 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04529 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |
| 04536 | अम्बाला कैंट | 00:45 | कटिहार जं. | 05:00 | तिथि अनुसार | 22.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04535 | कटिहार जं. | 07:00 | अम्बाला कैंट | 11:15 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |
| 04538 | चंडीगढ़ | 19:15 | कटिहार जं. | 23:45 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04537 | कटिहार जं. | 04:00 | चंडीगढ़ | 09:40 | तिथि अनुसार | 25.03.2024 | |
| 04540 | अम्बाला कैंट | 20:25 | कटिहार जं. | 23:45 | तिथि अनुसार | 21.03.2024 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04539 | कटिहार जं. | 04:00 | अम्बाला कैंट | 09:00 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |
| 04534 | सरहिन्द | 13:00 | जयनगर | 19:45 | तिथि अनुसार | 22.03.2024 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 04533 | जयनगर | 23:30 | सरहिन्द | 05:15 | तिथि अनुसार | 23.03.2024 | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रादेशिकी

## मनाली में स्थापित किए गए स्ट्रॉग रूम का किया निरीक्षण

**कुल्लू।** हिमाचल के कुल्लू के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने बुधवार को मनाली विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मनाली स्थित राष्ट्रीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनाली में स्थापित किए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया तथा वहां आवश्यक तैयारियों की जानकारी हासिल की। रवीश ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी मनाली को भी आगामी लोक सभा चुनाव संबंधी सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा मतदान केंद्रों का निरीक्षण करके मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन दिए जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। सहायक रिटर्निंग अधिकारी रमण शर्मा ने जिला निर्वाचन अधिकारी को बताया कि मनाली विधानसभा क्षेत्र के तहत लोकसभा चुनाव के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं तथा मतदान केंद्रों का भी उनके द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

# हमने बसाए 22 हजार आपदा प्रभावित परिवार भाजपा बताए अपना योगदान : सुक्खू

**शिमला,** 20 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से प्रदेश के 22 हजार से अधिक आपदा प्रभावित परिवारों को बसाने का कार्य किया है। राज्य सरकार ने बिना केंद्र सरकार की सहायता के आपदा प्रभावितों के राहत एवं पुनर्वास के लिए 4500 करोड़ रुपए के विशेष राहत पैकेज जारी किया, जिससे हजारों आपदा प्रभावितों की मदद हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं को हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने अपना योगदान बताना चाहिए। हिमाचल के भाजपा नेता केंद्रीय मदद मिलने में लगातार अड़ंगे लगाते रहे, जिसके चलते हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावित परिवारों के लिए कोई भी विशेष पैकेज नहीं दिया गया है। जबकि बागी विधायकों को हिमाचल प्रदेश से बाहर महंगे फाइव स्टार होटलों में ठहराया जा रहा है, हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन की सैर कराई जा रही है तथा उनकी सुरक्षा पर भी भाजपा भारी-भरकम पैसा खर्च रही है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जब भी हिमाचल के हितों की बात आई, भाजपा नेताओं ने अपना हिमाचल विरोधी चेहरा दिखाया। प्रदेश की जनता अब भाजपा नेताओं से जवाब मांग रही है लेकिन उनसे भाजपा से जवाब देते नहीं बन रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान जब हिमाचल प्रदेश की



### आपदा प्रभावितों को नहीं दी आर्थिक मदद, बागियों पर भाजपा खर्च रही करोड़ों : सुक्खू

आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने व विशेष राहत पैकेज देने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, तो भाजपा नेता चर्चा के दौरान तीन दिन तक बड़ी-बड़ी बातें करते रहे, लेकिन जब वोटिंग की बारी आई तो हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ खड़े नहीं हुए। क्या ये लोग हिमाचल के हितैषी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार कभी किसी राजनीतिक लाभ की मंशा से काम नहीं करती क्योंकि हमारे कर्म में मानवता और सेवाभाव सर्वोपरि है। यही वजह है कि हमने आपदा प्रभावितों की मदद करने के लिए नियमों में बदलाव कर दिया और 4500 करोड़ रुपए का विशेष आर्थिक पैकेज प्रदान कर आपदा के दौरान पूर्व में प्रदान की जा रही सहायता राशि में अभूतपूर्व वृद्धि की। किसी भी प्राकृतिक आपदा के दौरान घोषित यह ऐतिहासिक राहत पैकेज है।

उन्होंने कहा कि पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घर के पुनर्निर्माण के लिए सहायता राशि को 1.30 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रुपए, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कच्चे घरों के लिए सहायता राशि को 6 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए और गौशालाओं को नुकसान होने पर सहायता राशि को 3 हजार रुपए से बढ़ाकर 50 हजार रुपए किया गया है।

## सियासत उथल पुथल के बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी शिमला पहुंची



**शिमला।** राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद सूबे की कांग्रेस सियासत में जारी उथल-पुथल के बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी शिमला पहुंची हैं। प्रियंका गांधी बुधवार को शिमला पहुंची है। शिमला के नजदीक छराबड़ा में उनका आशियाना है। माना जा रहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के बाद प्रियंका गांधी कुछ दिन विश्राम के लिए शिमला पहुंची हैं। प्रियंका गांधी चंडीगढ़ से सडक़ मार्ग से शिमला पहुंची। देश में लोक सभा चुनाव का बिगुल बज गया है। निर्वाचन आयोग ने हिमाचल की चार लोक सभा सीटों के साथ साथ 6 विधान सभा हलकों में उप चुनाव भी घोषित किए हैं। पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह लोक सभा चुनाव लडऩे से इनकार कर चुकी हैं। साथ ही कांग्रेस के बागियों के हलकों में विधान सभा उप चुनाव होने हैं। कांग्रेस बागियों को उप चुनाव में उम्मीदवार बनाए प्रतीत नहीं होता। लिहाजा माना जा रहा है कि प्रियंका गांधी प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालात के बीच लोक सभा व उप चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री व पीसीसी चीफ सहित प्रदेश कांग्रेस के कुछ नेताओं से चर्चा कर फीड बैक ले सकती हैं।

## इनकम टैक्स का समन मिलने पर भड़के कांग्रेस प्रत्याशी गोदियाल



**देहरादून,** 20 मार्च (देशबन्धु)। गढ़वाल संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल को महाराष्ट्र के ठाणे से इनकम टैक्स की ओर से समन जारी किए गए हैं। उन्हें 22 मार्च को व्यक्तिगत रूप से महाराष्ट्र के आईटी कार्यालय में तलब किया गया है। समन मिलने के बाद गणेश गोदियाल ने कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और अपनी हार को देखते हुए भाजपा सरकार घटिया मानसिकता पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए अपने प्रतिद्वंदियों को हतोत्साहित करने के लिए कुख्यात रही है, और इसी कड़ी में महाराष्ट्र के ठाणे स्थित आईटी कार्यालय से 19 मार्च को उनको, उनकी पत्नी और फर्म के नाम पर समन भेजा गया। गोदियाल ने कहा कि अब जबकि गढ़वाल के लोकसभा क्षेत्र से आ रहे तमाम सर्वे में कांग्रेस का कैंडिडेट एकतरफा बढ़त बनाए हुए हैं, उसी वक्त ठीक चुनाव के दौरान उनको उलझाने की कोशिश की जा रही है। गोदियाल ने कहा कि यह कार्रवाई इसलिए की गई है, क्योंकि भाजपा की कोशिशें परवान नहीं चढ़ पा रही हैं। मन जारी किए गए हैं और उन्हें 22 मार्च को 11.30 बजे व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने को कहा गया है। गोदियाल का कहना है कि वो भगत सिंह के अनुयायी हैं और वो सावरकर के अनुयायी हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में भारत के संविधान के विरुद्ध कोई ऐसा काम नहीं किया, लेकिन अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों को कुचलने के लिए केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करती आ रही है। उनके साथ ये सब इसलिए किया जा रहा है क्योंकि केंद्र सरकार उनको गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से जीतने नहीं देना चाहती। परंतु यह गढ़वाल की जनता की जंग है जिसको अंतिम समय तक लड़ा जाएगा।

## सार संक्षेप

### मातृशक्ति के स्वाभिमान को कुचलना चाहती है कांग्रेस : ठाकुर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राहुल गांधी द्वारा शक्ति पर दिए गए बयान पर कहा है कि सनातन की भक्ति शक्ति में है और देश की प्रत्येक माता और बहन हमारे लिए शक्ति स्वरुप है। कांग्रेस पार्टी शक्ति के बहाने मातृशक्ति के स्वाभिमान को कुचलना चाहती है। ठाकुर ने कहा कि हम बुराइयों से लड़ने के लिए शक्ति की पूजा करते हैं लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी शक्ति को ही खत्म करना चाहते हैं। उनके साथी सनातन धर्म को खत्म करने की बात करते हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी शक्ति के बहाने मातृशक्ति के स्वाभिमान को कुचलना चाहती है लेकिन ये बार बार भूल जाते हैं कि ना कोई कभी सनातन को खत्म कर पाया था, ना कर पाएगा। न कोई शक्ति को दबा पाया है और न दबा पाएगा।

### उत्तराखंड बोर्ड का परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को

**देहरादून।** उत्तराखंड में बोर्ड परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से लेकर परीक्षाफल को लेकर तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को घोषित कर दिए जांएगे। उत्तराखंड में बोर्ड परीक्षा के परिणामों को लेकर शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। शिक्षा विभाग के हजारों शिक्षक परीक्षा परिणाम को जल्द से जल्द देने के लिए मूल्यांकन की ड्यूटी पर लगाए गए हैं। प्रदेश में 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 16 मार्च को खत्म हो चुकी हैं। इसके बाद अब परीक्षाओं के मूल्यांकन के काम को लेकर तैयारी की जा रही है। राज्य में करीब 15 दिनों तक मूल्यांकन का काम चलेगा। 10 अप्रैल तक बोर्ड परीक्षा की कॉपियां चेक कर ली जाएंगी। अप्रैल महीने में ही 30 तारीख को परीक्षाफल भी जारी कर दिया जाएगा।

### ख़ाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग का इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब सर्तकता ब्यूरो ने बुधवार को पठानकोट में तैनात ख़ाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर को अलग-अलग भलाई स्कीमों के अंतर्गत सरकार की तरफ से आवंटित किए गेहूं के स्टाक को खुर्द-बुर्द करने के दोष में गिरफ्तार किया है। सर्तकता ब्यूरो के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पड़ताल के दौरान पाया गया कि उक्त मुलजिमों ने कुल 2079 क्विंटल से अधिक गेहूं के स्टाक का दुरुपयोग किया, जिससे सरकारी खजाने को लाखों रुपए का वित्तीय नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि मुलजिम के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार रोकथाम कानून की धारा 13(1), 13(2) और भारतीय दंड संहिता 409 के तहत अमृतसर रेंज में एफ. आई. नम्बर 14 दर्ज करके गिरफ़्तार कर लिया गया है। मुलजिम को कल अदालत में पेश किया जाएगा और आगे पूछताछ जारी है।

## पंजाब के सभी पुलिस निर्वाचन आयोग के डेपूटेशन पर : सिबिन

**चंडीगढ़,** 20 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बुधवार को कहा कि लोक सभा चुनाव-2024 सम्बन्धी आदर्श चुनाव आचार संहिता लगने के बाद राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों (डायरेक्टर जनरल आफ पुलिस से लेकर कांस्टेबल तक) को भारतीय निर्वाचन आयोग के डेपूटेशन पर माना जाएगा।

सिबिन सी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्धी नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपरोक्त आदेश पुलिस महानिदेशक , पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशकों, पुलिस के इंस्पेक्टर जनरल, पुलिस आयुक्तों, पुलिस उपमहानिरीक्षकों सहित सभी पुलिसकर्मियों पर लागू होगा। उन्होंने कहा कि डेपूटेशन के आदेश चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहेंगे।

## कांग्रेस पूरी तरह एकजुट : ठाकुर राम लाल

**शिमला,** 20 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री ठाकुर राम लाल ने कहा है कि जल्द ही केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश के चारों लोकसभा सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस अपनी विजय का परचम लहराएगी।

आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में मीडिया के साथ अनौपचारिक बातचीत में ठाकुर राम लाल ने कहा कि अभी छह बागी विधायकों का मामला देश की सर्वोच्च अदालत में लंबित है। उन्होंने कहा हालांकि चुनाव आयोग ने इन छह विधानसभा क्षेत्रों में भी चुनाव की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि अदालत से अंतिम फैंसला आने के बाद ही इन छह विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों व चुनाव के बारे कुछ कहा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन चुनावों के लिए भी पूरी तरह तैयार है।



ठाकुर राम लाल ने मीडिया में चल रही हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से उनकी उम्मीदवारी के एक प्रश्न के उत्तर में साफ किया कि वह पहले भी एक बार इस संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके है। उन्होंने कहा कि न तो उन्होंने पहले कभी इस संसदीय क्षेत्र से पार्टी टिकट का आवदेन किया था और न ही अब किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला पार्टी आलाकमान व सीईसी ही करती है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के सच्चे सिपाही है और उन्हें जो भी आदेश होता है उसका वह पालन करते है।

### दगाबाजी करने वाले सिखा रहे हिमाचलियत : कांग्रेस

**शिमला।** कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी व भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि अपनी पार्टी को धोखा देने वाले कुछ लोग आज हिमाचलियत का पाठ पढ़ा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश देवभूमि है और यहां के लोगों की देवी-देवताओं में गहरी आस्था है। राज्य के लोग अपनी ईमानदारी और कठोर परिश्रम के लिए जाने जाते हैं। हिमाचल के लोग ईमान की ख़ातिर अपनी जान तक पर खेल जाते हैं, लेकिन कभी दग़ाबाज़ी नहीं करते और यही असली हिमाचलियत है। उन्होंने कहा कि धोखेबाज़ों को न तो हिमाचलियत का ज्ञान है और न ही यहां की संस्कृति का, क्योंकि हिमाचल प्रदेश के लोग दगाबाज़ नहीं हैं।

## मूसेवाला के पिता को परेशान करने का आरोप

**चंडीगढ़,** 20 मार्च (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब इकाई ने बुधवार को स्पष्ट किया कि दिवंगत सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह को पंजाब प्रशासन नहीं परेशान कर रहा, बल्कि केंद्र ने पंजाब सरकार से श्रीमती चरण सिंह (दिवंगत सिद्धू मूसेवाला की मां) की इन विट्रो फर्टिलायजेशन (आईवीएफ) ट्रीटमेंट के बारे में पंजाब सरकार से रिपोर्ट मांगी है।

पार्टी ने ट्वीट किया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी-नीत सरकार ने श्रीमती चरण सिंह (दिवंगत सिद्धू मूसेवाला की मां) की आईवीएफ ट्रीटमेंट के बारे में पंजाब सरकार से रिपोर्ट मांगी है। ट्वीट में आगे कहा गया है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान प्रदेशवासियों की भावनाओं और गरिमा का हमेशा सम्मान करते हैं और यह केंद्र सरकार है, जिसने दस्तावेज़ मांगे हैं।

पार्टी ने केंद्र का पंजाब सरकार का लिखा पत्र ट्वीट के साथ नत्थी करते हुए लोगों से तथ्यों को परखने और अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील भी की है।

## हाईकोर्ट ने रुद्रपुर अतिक्रमण पर की सुनवाई

**नैनीताल,** 20 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रुद्रपुर में हुए अतिक्रमण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने अतिक्रमण को गम्भीरता से लेते हुए राज्य सरकार से प्रदेश के सभी जिलों के लिए अतिक्रमण शिकायती एप बनाने के आदेश दिए हैं। ताकि आमजन अतिक्रमण की शिकायत दर्ज करा सके।



राज्य सरकार को ऐप बनाने के दिए आदेश

कोर्ट ने एप में दर्ज शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश जारी करने के साथ ही 16 अप्रैल तक प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। कोर्ट ने यह भी बताने को कहा है कि प्रदेश में कहां-कहा अतिक्रमण है उसे भी बताएं। मामले की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 16 अप्रैल की तिथि नियत की है। सुनवाई पर कोर्ट ने कहा कि अतिक्रमण को लेकर कोर्ट में संख्याओं की संख्या में जनहित याचिकाएं लंबित हैं। जब अतिक्रमण को लेकर शिकायत की जाती है तो उसे सम्बंधित विभाग द्वारा हटा देना चाहिए। जिससे कि न्यायालय का समय बच सके। मामले के अनुसार उधमसिंह नगर रुद्रपुर निवासी शशि बंसल ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उधमसिंह नगर के रुद्रपुर में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है।जिसकी वजह से सड़कें, गलियां सकरी हो चुकी हैं। अतिक्रमण होने से आमजन को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर निगम व अन्य विभागों को उनके द्वारा हटाने के लिए प्रत्यावेदन दिया गया। लेकिन अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं हुई।

## टिहरी लोकसभा सीट पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू

### बॉबी पंवार ने लिया नामांकन पत्र

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव 2024 की रणभेरी बज चुकी है। आज से नॉमिनेशन यानी नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में उत्तराखंड की टिहरी लोकसभा संसदीय सीट के लिए देहरादून कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन कक्ष बनाया गया है। जिस पर नामांकन की व्यवस्था की गई है। यहां पर कलेक्ट्रेट परिसर को पूरी तरह से सुरक्षा के घेरे में रखा गया है। साथ ही परिसर को नामांकन कार्यालय के रूप में तब्दील कर दिया गया है।

बता दें कि आज यानी 20 मार्च से लोकसभा चुनाव नामांकन के लिए आवेदन पत्र वितरित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसके बाद अब सांसद प्रत्याशी निर्वाचन कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसी कड़ी में टिहरी लोकसभा सीट से छात्र नेता रहे और पिछले तमाम छात्र आंदोलन से चर्चाओं में आए बॉबी पंवार ने टिहरी लोकसभा सीट से दावेदारी के लिए नामांकन पत्र ले लिया है। बॉबी पंवार के सहयोगी ने बताया कि वो जल्द ही बड़े शक्ति प्रदर्शन के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। टिहरी लोकसभा सीट से बीजेपी और कांग्रेस के प्रत्याशियों को कांटे की टक्कर देंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने बताया कि आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसके तहत प्रत्याशी नामांकन पत्र सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक ले सकते हैं।

## तीन हादसों में चार लोगों की मौत

**देहरादून,** 20 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में 3 अलग अलग हादसों में 4 लोगों की मौत हुई है। जिसमें पहला हादसा बदरीनाथ हाईवे के घोलतीर शिवा नंदी के बीच बोलेरो कैंपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें दो लोग सवार थे। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मंगलवार की देर रात आपदा कंट्रोल रूम रुद्रप्रयाग को तरफ से एसडीआरएफ को सूचना मिली कि शिवनंदी के समीप एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टीम मौके पर पहुंची।

घटनास्थल पर देखा कि बोलरो कैंपर यूके 02 सीए 0826 में दो लोग सवार थे जिसमें दर पान सिंह पुत्र भीम सिंह व गंगा सिंह पुत्र अमर सिंह ग्राम जर्थी होकारा जिला पिथौरागढ़ की मौत हो गई। दूसरे हादसे में रामनगर क्षेत्र के मुख्य चौराहे लखनपुर सब्जी मंडी के समीप एक डंपर ने बाइक सवार दंपती को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी चला रहें सेवनिवृत्त बुजुर्ग शिक्षक घायल हो गए जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक एमपी इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रपाल सिंह रामनगर के भरतपुरी के निवासी है। जो कि अपनी 67 वर्षीय पत्नी ओमवती को लेकर मंगलवार को लखनपुर सब्जी मंडी गए हुए थे। तभी एकाएक अज्ञात डंपर ने पीछे से उनकी स्कूटी पर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनो अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरे और घायल हो गए , वही चालक मौके से फरार हो गया। राहगीर दोनो को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर दोनो उपचार के लिए भर्ती किया गया।




- रूद्रप्रयाग में हादसे में दो जानें,रामनगर व भीमताल में गई एक-एक जान
- घोलतीर शिवा नदी में गिरी बोलेरो, डंपर ने स्कूटी को मारी टक्कर

इस दौरान चिकित्सकों ने बुजुर्ग महिला को मृत घोषित कर दिया वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक के पैरो पर चोट आई है। वही सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। तीसरे हादसे में नैनीताल जिले के भीमताल में मंगलवार की देर रात के समय पुलिस को हल्द्वानी भीमताल मार्ग पर सुसाइट प्वाइंट के समीप पहाड़ी से दो युवको के गहरी खाई में गिरने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवकों को रेस्क्यू कर खाई से बाहर निकाला।

## तैयारी

### भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी का श्रीनगर में रोड शो के जरिए शक्ति प्रदर्शन, बोले

# प्रदेश से पलायन रोकना व रोजगार बढ़ाना होगी प्राथमिकता

- रोजगार व पलायन रोकना बताई प्राथमिकता, कांग्रेस पर कसा तंज

**श्रीनगर,** 20 मार्च (देशबन्धु)। गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी आज प्रचार प्रसार करते हुए पौड़ी जिले के श्रीनगर पहुंचे। मंगलवार को उन्होंने कोटद्वार में जनसभा और रोड शो के जरिए अपने लिए वोट मांगा। बुधवार को अनिल बलूनी ने श्रीनगर में खंडा श्रीकोट से श्रीनगर के बीच रोड शो किया। रोड शो में सैकड़ों बाइक सवार भाजपा कार्यकर्ता समेत हजारों लोग शामिल हुए। लगभग दो घंटे के रोड शो के बाद उन्होंने जनता से उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों को जीताने की अपील की।




इस दौरान कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत शामिल रहे।

रोड शो के बाद भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने कहा कि अगर वे जीतकर संसद में जाते हैं तो उनका सबसे बड़ा फोकस पलायन रोकने के संबंध में होगा। किस तरह रोजगार को बढ़ाया जाए? इसको लेकर केंद्र और राज्य सरकार मिलकर प्रदेश में कार्य करेगी। उन्होंने गढ़वाल सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के संबंध में बोलते हुए कहा कि वे किसी भी व्यक्ति पर पर्सनल टिप्पणी नहीं करेंगे। वे विकास के लिए जनता से वोट मांग रहे हैं। कांग्रेस का किला ढह चुका है। उस किले में रहने वाले लोगों मे भगदड़ मची है। कांग्रेस का दामन छोड़-छोड़कर लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। ये बताता है कि भाजपा कितनी मजबूत है और कांग्रेस पूरे देश में कमजोर होती जा रही है।

कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने उत्तराखंड में विकास की नई गाथा लिखी है। चारधाम यात्रा रूट को बेहतर बनाया गया है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का काम भी बड़ी तेजी के साथ किया जा रहा है। इसी रेल लाइन के जरिए भविष्य में यात्रा को नए आयाम मिल सकेंगे।

## काले धन के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए की व्यवस्था

**जालंधर,** 20 मार्च (एजेंसियां)। निर्वाचन आयोग के आदेश के तहत आयकर विभाग के अन्वेषण निदेशालय ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में काले धन के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। इस संबंध में, सूचना , शिकायतें प्राप्त करने के लिए पंजाब के लिए आयकर कार्यालय, चंडीगढ़ में टोल- फ्री नंबर (1800-180-2141) और एक व्हाट्सएप नंबर (75589166713) के साथ एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह चौबीसों घंटे काम करता है। लोगों को इस नंबर पर कॉल करने और चुनाव प्रक्रिया को अनुचित रूप से प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली नकदी या अन्य मूल्यवान वस्तुओं से संबंधित विशिष्ट जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में दलित ग्रामीण की हत्या में सात दोषी

**फर्रुखाबाद,** 20 मार्च (देशबन्धु)। विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट महेंद्र सिंह की अदालत ने दलित ग्रामीण की हत्या के मामले में सात ब्राह्मणों को दोषी ठहराया है। थाना राजेपुर के ग्राम कुसमापुर की कटरी में जमीन पर कब्जा करने को लेकर दलित एवं ब्राह्मणों में विवाद था। 7 अक्टूबर 2009 को दोनों पक्षों में संघर्ष के दौरान एक दूसरे पक्ष पर हमला किया गया था। इसी हमले में गंभीर रूप से घायल बालकिशन जाटव की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। बालकिशन के बेटे विपिन ने गांव कुसमापुर के 14 हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमे की सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता अशोक कटियार व अनुज प्रताप सिंह ने पीड़ित पक्ष की जमकर पैरवी की। विशेष न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने आज सात आरोपियों को दोषी दोषी पाया और अन्य आरोपियों को सबूत के अभाव में बरी कर दिया।

# लोकगीतों ने हजारों साल से हमारी संस्कृति को बचाए रखा : दुर्गा शंकर

### मुख्य सचिव ने देशज के तीसरे संस्करण का दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ

**लखनऊ,** 20 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने गोमतीनगर स्थित लोहिया पार्क में सोनचिरैया द्वारा आयोजित देशज के तीसरे संस्करण का दीप प्रज्जलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि हमारा देश विविधताओं में एकता का स्वरूप है। गांवों में किस्म-किस्म के लोक गीत, लोक नृत्य, लोक संस्कार, हैं जिन्होंने सैकड़ों-हजारों साल से हमारी संस्कृति और हम लोगों को बचा के रखा है। धीरे-धीरे चीजें खत्म होती चली जाती है, जिससे हम अपने आप को भूल जाते हैं, जब हम अपने आप को भूल जाते हैं, तो हमारी ताकत भी खत्म होती जाती है। हाल के समय में हमने अपने अपनी ताकत को पहचाना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ हमारा आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विकास भी जरूरी है, ताकि हम एक अच्छे खुशहाल इंसान बन सकें। इस कार्यक्रम को सोन चिरैया नाम दिया है, जो अत्यंत सुंदर है। ग्रेट इंडियन बस्टर्ड सोन चिरैया हिन्दुस्तान की धाती है, हमारी शक्ति है, जो हमेशा चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि देशज अर्थात देश में उपजा। देशज के माध्यम से लोक संस्कृति और लोक कला लोगों के सामने लाने का प्रयास सराहनीय है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को लोक संस्कृति और विरासत से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, सुप्रसिद्ध लोक गायिका मालिनी अवस्थी सहित लोक कलाकार एवं दर्शकगण आदि उपस्थित थे।



इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ हमारा आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विकास भी जरूरी : दुर्गा शंकर मिश्र

### भारतीय संस्कृति व सभ्यता से युवा पीढ़ी को जोड़ना चाहिए

हमारी संस्कृति, संस्कार और सभ्यता को देखें तो साल के 365 दिन हम उत्सव मनाते है। हर दिन कोई न कोई तीज त्योहार होता है। हमारा पूरा जीवन उत्सव का जीवन है, लेकिन जब हम अपने आप से दूर हो जाते हैं, तो सेलीब्रेशन के स्थान पर डिप्रेशन में चले जाते हैं। मूल प्रवृत्ति से विरत हो जाते हैं। भारत की आत्मा लोकाचार व लोक संस्कृति में है। इसे जिंदा रखने पर हमारी ताकत बढ़ेगी। भारतीय संस्कृति और सभ्यता से युवा पीढ़ी को जोड़ना चाहिए। उन्होंने मालिनी अवस्थी को शुभकामनाएं देते हुआ कि मालिनीने जिस विश्वास और निष्ठा के साथ काम शुरू किया है, उन्हें विश्वास है कि वह लोक संस्कृति और लोक व्यवहार को आगे बढ़ाने के लिए निरन्तर कार्य करती रहेंगी।

## कैंसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**मेरठ,** 20 मार्च (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में तथा विभागअध्यक्ष प्रोफेसर जितेंद्र सिंह के निर्देशन में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक कैंसर नियंत्रण चुनौती और अवसर था। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर आरसी गुप्ता , अतिथि के रूप में डॉक्टर नवीन कुमार एम्स, डॉक्टर सुधीर तंवर, डॉ. विनोद त्यागी, एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज, प्रोफेसर वाई विमला, उपस्थिति रहे।इस संगोष्ठी का शुभारंभ सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने तकनीकी और वैज्ञानिक विकास की अधूरी पहुंच के बारे में चर्चा करते हुए कहा की कैंसर के उपचार में नवीनतम तकनीकों और वैज्ञानिक अविष्कारों की जरूरत है, लेकिन इनका लाभ सभी तक पहुंचाने में कई बार दिक्कतें आती हैं। प्रोफेसर आरसी गुप्ता जी ने कहा प्राकृतिक संतुलन का महत्व हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैसे ही हम प्राकृतिक तत्वों से दूर होते जाते हैं, हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विज्ञान ने साबित किया है कि जो लोग अधिकतर समय प्राकृतिक वातावरण में बिताते हैं,उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से दूर रहने की संभावना अधिक होती है।डॉ सुधीर तवर ने अपने व्याख्यान में कहा कैंसर एक गंभीर और संक्रामक रोग है जिसका सामान्य रूप से उपचार बड़े परिश्रम और संघर्ष की आवश्यकता का सामना करता है।

## निर्वाचन व्यय को अलग से खोला जाएगा बैंक खाता : मीणा

**मेरठ,** 20 मार्च (देशबन्धु)। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने एलडीएम केनरा बैंक को पत्र प्रेषित करते हुए बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र के पत्र दिनांक 15 मार्च के साथ संलग्न भारत निर्वाचन आयोग के पत्र सं. दिनांक 15-10-2013 के द्वारा निर्वाचन अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के प्रयोजन हेतु अलग से बैंक खाता खोले जाने के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से राज्य के किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) या डाकघर में खोला जा सकता है। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय से संबंधित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली राशि 10 हजसा से अधिक नहीं है, तो ऐसे व्यय को उक्त बैंक खाते से निकासी करके नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है। आयोग के निर्देश के कम में स्टेट लेवल बैकर्स कमेटी द्वारा प्रदेश के समस्त बैंको को निर्देश परिचालित किये गये है कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन के प्रयोजनार्थ अलग से बैंक खाता खोलने की सुविधा देगे एवं खाता खोलते समय ही 200 प्रतिपर्णो की चेक बुक (नान पर्सनलाइज) उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होने एलडीएम केनरा बैंक को पत्र प्रेषित कर कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्र दिनांक 15-10-2013 में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने हेतु जनपद स्थित समस्त बैंक की शाखाओं को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

### विभिन्न सामग्रियों की रेट लिस्ट निर्गत

दीपक मीणा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पत्र सं.-897 दिनांक 21-12-2023 द्वारा निर्गत निर्देशों के कम में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों द्वारा प्रचार प्रसार हेतु प्रयुक्त विभिन्न सामग्रियों की रेट लिस्ट निर्धारण किये जाने के संबंध में तैयार की गयी रेट सूची को जारी किये जाने से पूर्व विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 19-02-2024 को बैठक आहूत की गयी। उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचारोपरान्त इस कार्यालय के पत्रांक 24 दिनांक 27-02-2024 के द्वारा रेट लिस्ट निर्गत कर दी गई है।

## सार संक्षेप

### मनोविज्ञान विभाग में कार्यशाला का आयोजन

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में कंप्यूटराइज्ड टूल्स फोर डाटा एनालिसिस इन सोशल साइंसेज विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आरंभ हुआ। जिसमें अध्यक्ष के रूप में कला संकायाध्यक्ष प्रो् संजीव कुमार शर्मा ने कहा की आज प्रौद्योगिकी का जमाना है पर हमें विशिष्ठता पर ध्यान देना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉक्टर नीरज पंवार असिस्टेंट प्रोफेसर क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर ने कहा कि हमारे देश में ज्यादातर शोध में शोधार्थी गैरप्रतिभागी डाटा लेकर शोध होते हैं पर प्रतिभागी डाटा वाले ज्यादातर शोध विदेशों में होते हैं तभी वे अलग अलग विषयों पर गहराई से ज्ञान प्राप्त कर पाते हैं। उन्होंने कहा क्वांटिटेटिव विश्लेषण हमे किसी विषय के आपसी सम्बन्ध बताते हैं पर आपसी संबंध की कई विषयवस्तु छूट जाती हैं। मुख्य अतिथि प्रो0 दिनेश कुमार ने कहा की टूल कोई भी हो पर हमे उसका उचित प्रयोग आना चाहिए नहीं तो डाटा का अनुचित प्रबंध अर्थ का अनर्थ कर सकता है।

### प्राइमरी स्कूलों में छह फीसदी बालकों ने परीक्षा छोड़ी

**मवाना।** मवाना ब्लाक व नगर क्षेत्र में स्थित प्राइमरी व जूनियर हाई स्कूलों में बुधवार से परीक्षाएं शुरू हो गई है। मवाना ब्लाक व नगर में परिषदीय स्कूलों की संख्या एक सौ हैं। आज दो पालियों में हुई परीक्षा में छह फीसदी बालक गैर हाजिर रहे,जबकि 94 प्रतिशत बालकों ने परीक्षाएं दी। ये परीक्षा बुधवार 20 मार्च से शुरू होकर 24 मार्च 2023 तक चलेगी। रोजाना दो शिफ्ट में परीक्षाएं होंगी। परीक्षा दो पालियों में सुबह 9:15 से 11: 45 बजे और दोपहर 12:15 से 2: 45 बजे तक परीक्षाएं संचालित होगी। मवाना ब्लाक के किशनपुर बिराना गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय, कक्षा 1- 8 तक सभी छात्र छात्राएं 229 परीक्षा में उपस्थित रहें। प्रधान अध्यापक नरीज कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में कक्षा 2 की हिंदी, कक्षा 3 की सामाजिक विषय तथा कक्षा 4 से 8 में गणित की परीक्षा हुई। इसी क्रम में, द्वितीय पाली में कक्षा 3 से 8 तक में कला की परीक्षा हुई।

## विश्व गौरैया दिवस पर किया गया जागरूक

**मेरठ,** 20 मार्च (देशबन्धु)। विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर विनायक विद्यापीठ के बीएफए विभाग द्वारा गौरैया के लिए कई प्रकार के घोंसले बनाकर इनको पेड़ पर लटकाए गए । विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप की एकेडमिक निदेशक डॉ. अनुप्रीता शर्मा ने इस कार्य के लिए बीएफए विभाग की सराहना की ओर कहा कि आज पेड़ पौधों की कमी के कारण गौरैया अपना घोंसला नहीं बना पाती। उन्होंने कहा कि वैसे तो इस प्रकार के घोंसले उनको रास नहीं आते, वे खुद बनाए घोंसले में ही रहना पसंद करती है, लेकिन फिर भी बीएफए विभाग द्वारा किया यह कार्य प्रशंसनीय है, वही निदेशक विकास कुमार ने भी बीएफए विभागाध्यक्ष इंदू प्रजापति को इस कार्य के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे गर्मी के मौसम में हमे छत पर पक्षियों के लिए पानी से भरा कसोरा और दाना भी रखना चाहिए।



## बैंक ऑफ बड़ौदा ने सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**मेरठ,** 20 मार्च (देशबन्धु)। बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड के अंतर्गत माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने हेतु माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन एच. एस. सिंह, उप कुलपति, माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अनुभूति सिंह, कृषि संकाय, अनमोल त्यागी, कला संकाय, अमन वर्मा, वाणिज्य संकाय, वैशाली बालियान, शिक्षा संकाय, आयुषी वशिष्ठ, विधि संकाय तथा आकृति अग्रवाल, विज्ञान संकाय को सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, वित्तीय अधिकारी, माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर, अरुण कमार यादव, परीक्षा नियंत्रक, माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर तथा हरीश कुमार अरोड़ा, बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय प्रमुख, मेरठ के कर कमलों से सम्मानित किया तथा इसी क्रम में विगत 19 मार्च को क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ के द्वारा बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड के अंतर्गत एसएमएमएच मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर के सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक, खेलकूद व अल राउंडर विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने हेतु एसएमएमएच मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन डॉ. सुधीर राठी, प्राचार्य, एसएमएमएच मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें एसएमएमएच मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर के विद्यार्थी दीपशीखा नारायण को शैक्षणिक में सर्वश्रेष्ठ होने, ईशिता मिद्धू को खेलकूद में सर्वश्रेष्ठ होने तथा आनोश अरोड़ा को सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर होने हेतु डॉ. देवेंद्र कुमार बोहरा, प्रभारी प्राचार्य, एसएमएमएच मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर, वीरेंद्र कुमार, सीएमएस, डॉ. अमित मोहन प्रभारी शैक्षणिक तथा हरीश कुमार अरोड़ा, क्षेत्रीय प्रबंधक, मेरठ क्षेत्र के कर कमलों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ से सुमित यादव, वरिष्ठ प्रबंधक, आरबीडीएम शाखा के स्टाफसदस्य तथा विश्वविद्यालय कॉलेज के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे तथा विश्वविद्यालय कॉलेज के कर्मचारियों को बैंक के विभिन्न उत्पादों जैसे सरकारी कर्मचारी वेतन खाता, गृह ऋण एडवांटेज, आईपीजी, पे पॉइंट तथा विद्यार्थियों हेतु बॉब ब्रो खाता से संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई।




## छात्रों ने किया चौधरी चरण सिंह विवि में शैक्षणिक भ्रमण

**मेरठ,** 20 मार्च (देशबन्धु)। पादप संरक्षण विभाग ने केंद्रीय गेहूं एवं जौं अनुसंधान संस्थान, करनाल के दो दिवसीय दौरे के साथ एक समृद्ध शैक्षणिक यात्रा शुरू की। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पौधों की सुरक्षा के क्षेत्र में हो रहे अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचारों की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना था। डीन एग्रीकल्चर प्रो. शैलेंद्र शर्मा के दिशा निर्देशन में व विभाग पादप संरक्षण के शिक्षक डॉ अजय कुमार और डॉ अंकित काजला के नेतृत्व में, छात्रों ने उन्नत कृषि पद्धतियों जैसे, कीट प्रबंधन, रोग नियंत्रण और फसल सुधार रणनीतियों में नवीनतम तकनीकों के बारे में जानकारी हासिल किया। संस्थान के निदेशक प्रो. ज्ञानेंद्र सिंह ने संस्थान में चल रहे नवीन नवाचारों एवं पूर्ण रचना के बारे में सभी विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा बताया कि यह संस्थान देश के अग्रणी संस्थानों में से एक है।

## डीएम ने एआरओ व क्षेत्राधिकारी संग की बैठक



**मेरठ,** 20 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित समस्त एआरओ व क्षेत्राधिकारी के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा रूटचार्ट, कम्यूनिकेशन प्लॉन, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर चर्चा की गई। उन्होने समस्त संबंधित अधिकरियो को वल्नरेबिलिटी मैपिंग से संबंधित वीएम-2, वीएम-3 आदि का विवरण संकलित कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कांत त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, समस्त एआरओ, समस्त सीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। दीपक मीणा ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171-ख के अनुसार, जो कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में कोई परितोषण देता है या लेता है तो वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय होगा। उसके अतिरिक्त भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171-ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट पहुंचाने की धमकी देता है, वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय होगा।

### विधिक साक्षरता एवं जागरूता कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी एक्शन प्लान 2022-2023 के अनुपालन में आज बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एंव जागरूता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महिला शरणालय, मेरठ में किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को शिक्षा के महत्व एवं शिक्षा के अधिकार विषय पर कानूनी जानकारी प्रदान की गयी। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में उपस्थित बच्चों को हरीराम, अपर जिला न्यायाधीशध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजीत कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी मेरठ तथा रीमा राठी, सहायक अधीक्षिका, राजकीय महिला शरणालय, मेरठ द्वारा सम्बोधित किया गया। वक्ताओं द्वारा उपर्युक्त विषय पर कानूनी रूप से जानकारी दी गयी तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया।

## एआई के लिए बैकबोन का काम करती है क्लाउड कम्प्यूटिंग : नितिन कुमार



**मेरठ,** 20 मार्च (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के सर छोटूराम अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान के इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विभाग में ष्क्लाउड कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजीष् विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार के कन्वीनर इंजीनियर प्रवीण कुमार ने रोजगार परक तकनीक क्लाउड कम्प्यूटिंग टेक्नोलॉजी का महत्व बताया। इंजिनियर प्रियंक सिरोही ने अतिथियों का परिचय कराया। सेमिनार में मुख्य वक्ता एवं पब्लिसिस सेपियंट कंपनी के मैनेजर,इंजीनियर कुमार नितिन कुमार ने पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को आज की प्रचलित जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी जैसे चौट जीपीटी इत्यादि में क्लाउड कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी के रोल के बारे में विस्तार से बताया ,उन्होंने कहा की वर्तमान की इन जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी मे क्लाउड कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी बैकबोन का काम करती है। सेमिनार में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर नीरज सिंघल ने आयोजको, अतिथि एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से हमारे विद्यार्थी इंडस्ट्री में प्रयोग की जाने वाली लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के बारे में जानकर रोजगार व स्टार्टअप्स के क्षेत्र में लाभ ले सकते हैं । कार्यक्रम में डॉ के पी सिंह,डॉ मानव बंसल, डॉक्टर लक्ष्मी शंकर सिंह , इंजिनियर अर्पित छाबड़ा ,डॉक्टर स्वाति सिंह ,डॉ पंकज कुमार ,इंजीनियर कवि भूषण इंजीनियर मिलिंद ,इंजीनियर जीएसकांत ,रितु शर्मा , मनी सिंह ,प्रदीप कुमार,हरि गोस्वामी, सूरज ,भवेंद्र राजेश, पुष्पेंद्र ,विलायत अली ,एश्वी चौधरी, प्राची , आयुष राठौर, आर्यव वार्ष्णेय,जय ,इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।



### सूचना

मैंने अपने भाई एजाज व उसकी पत्नी साजिदा से उनके गलत आचरण के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। उनके कृत्यों के लिए में या मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं है।

**-आस मोहम्मद पुत्र इस्लाम, निवासी मोहल्ला धर्मपुरी ईदगाह रोड, सरधना ( मेरठ )**

### सूचना

मैंने अपने पुत्र मुर्शद अली उर्फ बनीश, पुत्रवधू असमा परवीन को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके कृत्यों के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं है।

**-अंजुम परवीन पत्नी जुल्फुकार, मोहल्ला कमरा नवाबान, सरधना ( मेरठ )**

### सूचना

मैंने अपने पुत्र रशीद और पप्पू और उसकी पत्नी साइन को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल चल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। अपने सभी कृत्य और लेनदेन के लिए वे स्वयं जिम्मेदार हैं।

**-फैमीदा पत्नी इरफान, निवासी मोहल्ला बूढ़ाबाबू, सरधना ( मेरठ )**



**आयोजन** *श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के 88 छात्र-छात्राओं का ऑटोमोबाईल कंपनी में चयन*

## ऑफर लैटर पाकर खुशी से झूमे छात्र, शिक्षकों का लिया आशीर्वाद

**मेरठ, 20 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाईल कम्पनी जे.एफ रैने लिमिटेड द्वारा ''कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव-2024'' का आयोजन किया गया, जिसमें गजरौला एवं मेरठ परिसर के 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तीन राउण्ड के कठिन साक्षात्कार के बाद कम्पनी ने 88 छात्र-छात्राओं को जॉब के लिए चयनित कर संस्थान प्रबन्धन के साथ मिलकर उनको ऑफर लेटर प्रदान किए।**

वेंक्टेश्वरा समूह संस्थापक अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी एवं संस्थापक अध्यक्ष के प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा वेंक्टेश्वरा के छात्र-छात्राएं देश-विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे है। हम अपने यहां अध्यनरत् छात्र-छात्राओं को शानदार, सुरक्षित एवं स्थायी कैरियर देने के लिए दृढ़संकल्पित है।



- संस्थान प्रबन्धन के साथ मिलकर कंपनी के अधिकारियों ने दिए ऑफर लैटर
- स्किल्ड युवाओं के लिए नौकरीयों के लाखो अवसर : डॉ. सुधीर

वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव-2024 का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा, कुलपति डॉ. ए.के. शुक्ला, जे.एफ रैने लिमिटेड के एच.आर. प्रबन्धक श्री प्रताप सिंह, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट निदेशक डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत आदि ने सरस्वती माँ के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि वैश्विक मंदी एवं कोरोना महामारी के बाद भी देश के 'स्किल्ड युवाओ' विशेष रूप से इंजीनियरिंग सेक्टर में ढेरो रोजगार सम्भावनाएं है। प्रधानमंत्री के 'स्किल इण्डिया-डिजीटल इण्डिया' जैसी कल्याणकारी शानदार योजनाओ से प्रेरणा लेकर देश निरन्तर विकास की ओर अग्रसर है। हम अपने यहाँ अध्ययनरत् सभी छात्र-छात्राओ को एक सुरक्षित कैरियर देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे इंजीनियरिंग एवं बी.टेक. (ऑटोमोबाइल) के छात्र-छात्राऐ देश विदेश मे उच्च पदो पर कार्यरत है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, इन्जीनियरिंग डीन डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, सलाहकार आर.एस. शर्मा, मारूफ चौधरी, मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह, अरूण गोस्वामी, एस.एस. बघेल, डॉ. विवेक सचान, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

### कृष्ण देह तो राधा आत्मा हैं का किया व्याख्यान

**मवाना,** 20 मार्च (देशबन्धु)। हस्तिनापुर रोड स्थित वैकेंट हाल में भक्ति प्रकृति सेवा संस्थान मवाना के तत्वावधान में आयोजित श्रीमदभागवत कथा के छठें दिन बुधवार को मोहन गोकुल धाम पीठाधीश्वर कृष्णा संजय महाराज ने बताया कि कृष्ण देह तो राधा आत्मा हैं। इसका व्याख्यान करते हुए महाराज श्री ने बताया कि विद्वान और पंडित लोग कहते हैं जिस समाधि भाषा में भागवत लिखी गई और जब राधाजी का प्रवेश हुआ तो व्यास इतने डूब गए कि राधा चरित लिख ही नहीं सके।

सच तो यह है कि ये जो पहले श्लोक में वंदना की गई, इसमें श्रीकृष्णाय में श्री का अर्थ है कि राधाजी को नमन किया गया। बात ये है कि जब राधाजी से कृष्णजी ने पूछा कि इस साहित्य में तुम्हारी क्या भूमिका होगी।

## ब्रेक लेने का अपना सपना भूल गया हूं : पंकज त्रिपाठी

**मुंबई।** हाल ही में 'मर्डर मुबारक' में दिखाई देने वाले एक्टर पंकज त्रिपाठी ने कहा कि बेहतर प्रोजेक्ट्स में काम करने की उनकी जो इच्छा थी वह तो पूरी हो गई है, लेकिन वह छुट्टियों का आनंद नहीं ले पा रहे हैं। मौजूदा समय में भारतीय सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों में से एक पंकज ने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'फुकरे', 'न्यूटन', 'बरेली की बर्फी', 'मिमी', 'लूडो', 'मैं अटल हूं', 'स्त्री', 'मिर्जापुर' और 'मर्डर मुबारक' सहित कई अन्य फिल्मों में काम किया है। क्या पंकज अपना सपना जी रहे हैं? इस पर उन्होंने कहा कि नहीं, इतना काम करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि उस सपने के साथ-साथ मेरा एक और सपना भी था, जिसके बारे में मैं पूरी तरह से भूल चुका था।

## तृप्ति डिमरी ने 'भूल भुलैया 3' पर दिया अपडेट, कहा कुछ नया होने वाला है



**मुंबई,** 20 मार्च (एजेंसियां)। अपने लाजवाब अभिनय और हुस्न के दम पर 'नेशनल क्रश' का दर्जा हासिल करने वाली एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूल भलैया 3' को लेकर लेटेस्ट जानकारी साझा की है। इस फिल्म में उनके साथ रुपहले पर्दे पर सह-अभिनेता कार्तिक आर्यन भी अपनी जबरदस्त एक्टिंग का जलवा बिखेरते हुए नजर आएंगे। यह फिल्म कैसी होगी? इस बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि इसमें आपको कई रहस्यमय दृश्य के साथ-साथ कई डरावने और कॉमेडी भरे सीन्स भी देखन को मिलेंगे। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इसमें कोई दो मत नहीं है कि यह फिल्म बिल्कुल ताजातरीन होगी। हालांकि, फिल्म के बारे में अन्य जानकारियों का इंतजार है।

फिल्म में विद्या बालन भी हैं। हिंदी हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी फिल्म भूल भुलैया का यह तीसरा पार्ट है। इसका पहला भाग प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित किया गया था और 2007 में रिलीज़ हुआ था।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञों का आंखों को लेकर खुलासा

# धूम्रपान व शराब के सेवन से दृष्टि क्षमता में कमी

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। अगर आप धूम्रपान के साथ-साथ शराब पीने के भी आदी हैं, तो अब आपको सावधान हो जाने की जरूरत है। अगर आप ऐसा करते रहेंगे, तो भविष्य में आप देखने की क्षमता खो सकते हैं। डॉक्टरों ने यह खुलासा किया है।

धूम्रपान से दिल, लीवर और फेफड़े तो खराब होते ही हैं, लेकिन अब डॉक्टरों ने खुलासा कर दिया है कि इसका नकारात्मक असर आपकी दृष्टि क्षमता पर भी पड़ सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि धूम्रपान और अत्यधिक शराब पीने से दृष्टि क्षमता में कमी, मोतियाबिंद होता है।

डॉ. धीरज गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार - नेत्र विज्ञान, मारेंगो एशिया हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने बताया कि धूम्रपान के कारण 'आंखों सहित पूरे शरीर में रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं'।

उन्होंने कहा कि इस संकुचन से मैक्यूलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद जैसी स्थितियों के विकसित होने का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा, धूम्रपान से आंखों की धमनियों में रुकावट हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप गंभीर दृष्टि हानि या अंधापन भी हो सकता है।




सेंटर फॉर साइट नई दिल्ली के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक डॉ. महिपाल सिंह सचदेव ने कहा कि धूम्रपान से मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी, मोतियाबिंद और उम्र से संबंधित धब्बेदार अधपतन (एएमडी) का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, यह आंखों में रक्त के प्रवाह को कम कर देता है, जिससे दृष्टि संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

दूसरी ओर, विशेषज्ञों ने कहा कि शराब का सेवन ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंचा सकता है, जो आंख से मस्तिष्क तक दृश्य जानकारी प्रसारित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

डॉ धीरज ने कहा कि लगातार शराब के सेवन से ऑप्टिक तंत्रिका में ह्रास हो सकता है, जिसके चलते स्थायी आंशिक या पूर्ण अंधापन हो सकता है। ऑप्टिक तंत्रिका को यह क्षति अल्कोहलिक ऑप्टिक न्यूरोपैथी जैसी स्थिति के रूप में प्रकट हो सकती है, जो धुंधली दृष्टि, ब्लाइंड स्पॉट और यहां तक कि कलर विजन में हानि जैसे लक्षण पैदा कर सकती है।

कुल मिलाकर, अच्छा नेत्र स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए धूम्रपान और शराब दोनों के सेवन में कटौती की आवश्यकता है। विशेषज्ञों ने आंख की समस्या का शीघ्र पता लगाने और बेहतर उपचार में मदद करने के लिए नियमित नेत्र परीक्षण की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। डॉ. धीरज ने कहा कि आंखों के अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए धूम्रपान और शराब का सेवन कम करना या उससे दूर रहना आवश्यक है।

## बाहुबली अशोक महतो ने की शादी



### शादी के बाद लालू यादव से लिया आशीर्वाद

**पटना,** 20 मार्च (एजेंसियां)। 90 के दशक में सुर्खियां बटोरने वाले बिहार के बाहुबली अशोक महतो को नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'खाकी द बिहार चैप्टर' ने चर्चाओं में ला दिया था। एक बार फिर अशोक महतो चर्चा में हैं। अब, 55 साल की उम्र में अशोक महतो ने शादी रचा ली है। अशोक महतो ने 46 साल की अनीता से शादी की। फिर, शादी के बाद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात करने पहुंच गए। उन्होंने कहा कि वो लालू प्रसाद यादव का आशीर्वाद लेने आए हैं।

जब अशोक महतो से मीडियाकर्मियों ने उनकी पत्नी के बारे में सवाल किया कि क्या मैडम चुनाव लड़ेंगी? इस पर उन्होंने कहा कि अगर जनता की कृपा रही, तो वो चुनाव लड़ेंगी। अभी इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। अब सबकुछ जनता की कृपा पर निर्भर है। फिलहाल, उन्होंने इस बारे में मीडियाकर्मियों को ज्यादा कुछ नहीं बताया। सिर्फ इतना ही कहा कि इस बारे में बाद में बात करेंगे। अशोक महतो बिहार के बाहुबलियों की सूची में शामिल हैं। उन पर कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी जिंदगी के कुल 17 साल सलाखों के पीछे बिताए। बीते दिनों अशोक महतो को लालू यादव ने चुनाव लड़ने का भी न्योता दिया था, लेकिन उनके ऊपर आपराधिक मामले दर्ज होने की वजह से उन्हें इस बात का एहसास काफी पहले ही हो चुका था कि वो चुनाव लड़ने में अयोग्य हैं।

## अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा पति व बेटी मालती के साथ रामलला के दर्शन करने पहुंचीं



**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अपने पति सिंगर निक जोनस के साथ रामनगरी अयोध्या पहुंचीं। जहां वह अपने परिवार के साथ भगवान रामलला के दर्शन करेंगी। अयोध्या पहुंची प्रियंका का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस के साथ बेटी मालती मैरी जोनस भी है। इसके अलावा प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा भी उनके साथ रामलला के दर्शन करने पहुंची हैं। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती के साथ मुंबई में एक इवेंट में शामिल होने के लिए भारत आई हैं। वीडियो में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ट्रेडिशनल लुक में दिखाई दे रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा लेमन कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं, वहीं पति निक जोनस ऑफ व्हाइट कलर के कुर्ता-पजामा में नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की मां मधु ने लाल कलर की साड़ी में पहनी हुई हैं।

# एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेन्स स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा

### एसआरएम द्वारा आयोजित सम्मेलन ने भारत में एंटीबायोटिक दवाओं के दुरूपयोग पर डाली रोशनी

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेन्स एएमआर दुनिया भर के स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है, जो एंटीबायोटिक एवं अन्य एंटीमाइक्रोबियल दवाओं की क्षमता को चुनौती देता है। इस तरह के रेजिस्टेन्स में पैथोजन रोग पैदा करने वाले जीवाणु उपचार के लिए प्रतिरोध उत्पन्न कर लेते हैं, ऐसे में संक्रामक बीमारी से लड़ना मुश्किल हो जाता है, जिससे बीमारी लम्बे समय तक बनी रहती है। इससे न सिर्फ इलाज की लागत बढ़ती है बल्कि मृत्युदर में भी बढ़ोतरी होती है। एसआरएम युनिवर्सिटी दिल्ली-एनसीआर द्वारा ए.एम.आर पर आयोजित तीसरे अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने इस मुद्दे से निपटने के लिए आधुनिक रणनीतियों पर चर्चा की। सम्मेलन का उद्देश्य था आपसी सहयोग एवं बहु-आयामी दृष्टिकोण के द्वारा ए एम आर के कारण होने वाली चुनौतियों को हल करना तथा आधुनिक दवाओं की खोज एवं वैक्सीन के विकास के लिए अवसरों का पता लगाना। कार्यक्रम का उद्घाटन हरियाणा के राज्यपाल बंदारू दत्तात्रेया ने किया, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विश्वस्तरीय स्वास्थ्य संगठन के निर्देशों के अनुरूप ए.एम.आर के मुद्दे को हल करने की तात्कालिकता तथा आठ देशों की विश्वस्तरीय भागीदारी पर रोशनी डाली। राज्यपाल ने ए.एम.आर से निपटने के लिए आधुनिक दृष्टिकोण तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जैसे प्रयासों को समर्थन प्रदान करने और राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों को हासिल करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। प्रोफेसर डॉ. परमजीत एस. जसवाल, वाईस चांसलर, एसआरएम युनिवर्सिटी ने सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले सभी उपस्थितगणों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य फार्मास्युटिकल कंपनियों, शोधकर्ताओं एवं अकादमिकज्ञों के साथ साझेदारी के माध्यम से एंटीमाइक्रोबियल रेज़िस्टेन्स के विकास को रोकना और इसके बारे में जागरुकता बढ़ाना है। इस अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य प्रवक्ता के रूप में रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर एडा योनथ का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।




## अभिनेत्री सारा अली खान को 20वीं सदी का रूसी इतिहास बेहद पसंद



**मुंबई,** 20 मार्च (एजेंसियां)। अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' में दिखाई देने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने कहा है कि उन्हें 20वीं सदी का रूसी इतिहास और रूसी साहित्य पसंद है।

इतिहास की छात्रा रहीं एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी पीरियड फिल्म की रिलीज से पहले बताया कि उन्हें सोवियत संघ के पतन और रूस में व्लादिमीर लेनिन के उत्थान तक 100 वर्षों के भीतर क्या- क्या ऐतिहासिक क्षण घटित हुए, इस बारे में बहुत दिलचस्पी है।

उन्होंने कहा कि मुझे 20वीं सदी का रूसी इतिहास बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह जानना बहुत दिलचस्प है कि वे व्लादिमीर लेनिन, जोसेफ स्टालिन, निकिता ख्रुश्चेव और मिखाइल गोर्बाचेव के समय सोवियत संघ के पतन तक कैसे पहुंचे, ये सब 100 सालों में हुआ है। इसे इस तरह से देखना बहुत दिलचस्प है। वास्तव में, निकिता ख्रुश्चेव ही वह व्यक्ति थे जिन्होंने अपने पूर्ववर्ती जोसेफ स्टालिन के अपराधों की निंदा की और उनकी नीतियों को हटाया और अपनी नीति लाए। उन्होंने रूसी साहित्य के प्रति अपने प्रेम के बारे में भी बताया और सूची में शीर्ष पर रहने वाले फ्योडोर दोस्तोवस्की के साथ अपने पसंदीदा लेखकों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मुझे रूसी साहित्य भी बहुत पसंद है। फ्योदोर दोस्तोवस्की का क्राइम एंड पनिशमेंट, उपन्यास अन्ना कैरेनिना मेरा पसंदीदा है।

## सेनसोडायन का वर्ल्ड ओरल हैल्थ डे के अवसर पर गुड़गांव में निशुल्क डेंटल कैंप

गुड़गांव 20 मार्च (एजेंसियां)। अग्रणी ओरल केयर ब्रांड, सेनसोडायन भारत में 12 मार्च से 31 मार्च, 2024 के बीच फ्री डेंटल कैंप लगा रहा है। ये कैंप हर साल 20 मार्च को मनाए जाने वाले वर्ल्ड ओरल हैल्थ डे के अवसर पर सेनसोडायन के सबी सेंसेटिव टू ओरल हेल्थ अभियान के अंतर्गत लगाए जा रहे हैं। इन कैंपो द्वारा सेनसोडायन का उद्देश्य भारतीयों को प्रोएक्टिव ओरल केयर का महत्व समझाना और उन्हें फ्री डेंटल केयर प्रदान करना है। हाल ही में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 60 प्रतिशत लोगों को ओरल हैल्थ की समस्या है। जबकि डेंटल केयर प्राप्त करने की कोशिश केवल 5 प्रतिशत लोग ही करते हैं, और दाँतों के लिए कोई बीमा भी नहीं होती है। सेनसोडायन इस समस्या के समाधान के लिए विभिन्न शहरों और गाँवों में 500 से ज्यादा फ्री डेंटल कैंप लगा रहा है। गुड़गांव में लगाए जा रहे डेंटल कैंप में ओरल हैल्थकी विभिन्न समस्याओं, जैसे सेंसिटिविटी, मसूढों की समस्याओं, कैविटी, और दाँत की ऊपरी परत के घिसने का समाधान प्रदान किया जाएगा। इन कैंपो में लोगों को ओरल केयर की दिनचर्या में सरल उपाय शामिल करने की शिक्षा दी जाएगी ताकि वो अपनी ओरल हाईज़ीन बनाकर रख सकें। जागरुकता बढ़ाने के लिए सेनसोडायन ने भारत में डेंटल क्लिनिक्स के आसपास लगभग 5000 फार्मेसी के साथ साझेदारी की है, और वहां क्यूआर कोड लगाए हैं, जिनकी मदद से ग्राहक नजदीकी निशुल्क डेंटल कैंप्स का पता लगा सकते हैं।




# पुंछ का ट्यूलिप गार्डन देख खिले लोगों के चेहरे



**पुछ,** 20 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में कृष्ण चंद्र पार्क में बागवानी विभाग की ओर से बनाए गए ट्यूलिप गार्डन में रंग-बिरंगे फूलों को देखकर लोगों के चेहरे खिल गए हैं।

पुंछ के कृष्ण चंद्र पार्क में फ्लोरिकल्चर विभाग की ओर से बनाए गए इस ट्यूलिप गार्डन में करीब दो कनाल भूमि पर इस वर्ष छह किस्म के 15 हजार के करीब ट्यूलिप पौधे लगाए गए हैं।

मंगलवार को इस खूबसूरत गार्डन को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। इस अवसर पर फ्लोरिकल्चर विभाग की ओर से कृष्ण चंद्र पार्क में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुंछ जिला विकास उपायुक्त यासीन मोहम्मद चौधरी ने बतौर अतिथि शिरकत की। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में फ्लोरिकल्चर विभाग के उच्च अधिकारियों सहित कई विभागों के अधिकारियों ने इसमें हिस्सा लिया। पुंछ जिला विकास उपायुक्त यासीन मोहम्मद चौधरी ने इस खूबसूरत ट्यूलिप गार्डन का उद्घाटन कर इसे आम लोगों के लिए खोला। इस गार्डन को देखने के लिए कृष्ण चंद्र डिग्री कालेज पुंछ के छात्र बड़ी संख्या में यहां पहुंचे। पुंछ के लोगों ने इन रंग बिरंगे फूलों की खूबसूरती का आनंद लिया। ट्यूलिप गार्डन को देखने आए लोगों का कहना है कि हम पहले कश्मीर में इस प्रकार के ट्यूलिप के फूलों को देखा करते थे, लेकिन अब पुंछ में भी यह फूल देखकर अच्छा लग रहा है। गार्डन देखने आई कॉलेज की छात्रा अनुष्का बाली ने कहा कि हमें यहां आकर बेहद अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि हम इस तरह का गार्डन पहले श्रीनगर में देख चुके हैं। हमें अंदाजा नहीं था कि इस तरह का गार्डन यहां भी है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर इसका ध्यान रखना होगा। वहीं डिग्री कॉलेज स्टूडेंट नुसरत नईम का कहना है कि यहां बेहद खूबसूरत ट्यूलिप लगाए गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह श्रीनगर के ट्यूलिप गार्डन की तरह यहां के ट्यूलिप का भी आनंद लें। साथ ही छात्रा ने गार्डन को बनाने के लिए जिला विकास उपयुक्त को धन्यवाद दिया।

■ छह किस्म के 15 हजार के करीब लगाए गए ट्यूलिप पौधे

एक अन्य स्टूडेंट मोहम्मद रहमान ने कहा कि कश्मीर की तरह ही पुंछ में भी ट्यूलिप गार्डन खुलने से वह बेहद खुश हैं। पुंछ जिला विकास उपायुक्त यासीन मोहम्मद चौधरी ने कहा कि दो साल पहले हमने ट्रायल के तौर पर ट्यूलिप लगाए थे। इसके बाद यहां दो कनाल का ट्यूलिप गार्डन तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक जॉगिंग पार्क तैयार किया जा रहा है, हमारी यही कोशिश रहेगी कि जिले के विकास के साथ शुद्ध वातावरण का माहौल बनाया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिले के अन्य पार्कों पर भी काम किया जाएगा।

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| मारुति | 2.97 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.16 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.09 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.83 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.27 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 1.98 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.76 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.53 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.23 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.21 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## ऊर्जा सुरक्षा के लिए बढ़ते सोलर वेस्ट की रिसाइक्लिंग जरूरी : सीईईडब्ल्यू

- लक्ष्य को पाने के लिए भारत बढ़ा रहा अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमता
- भारत की सोलर वेस्ट 2030 तक बढ़कर 340 किलोटन हो जाएगा

**नई दिल्ली**, 20 मार्च (एजेंसियां)। नेट-जीरो लक्ष्य को पाने के लिए भारत अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ा रहा है। इससे मौजूदा और नई सौर ऊर्जा क्षमता से निकलने वाला सोलर वेस्ट 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंच सकता है। यह 720 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल को भरने के बराबर होगा। इसके मद्देनजर सोलर वेस्ट की रिसाइक्लिंग के लिए एक सशक्त व्यवस्था बनाए जाने की महत्ती आवश्यकता है।

काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की ओर से जारी एक नए अध्ययन 'इनेबलिंग अ सर्कुलर इकोनॉमी इन इंडियाज सोलर इंडस्ट्री: असेसिंग द सोलर वेस्ट क्वांटम' में यह बात कही गई है। अध्ययन के अनुसार, इस सोलर वेस्ट का ज्यादातर हिस्सा पांच



राज्यों- राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु- से आएगा। भारत की मौजूदा सौर ऊर्जा क्षमता से निकलने वाला सोलर वेस्ट 2030 तक बढ़कर 340 किलोटन हो जाएगा। इसमें लगभग 10 किलोटन सिलिकॉन, 12-18 टन चांदी और 16 टन कैडमियम व टेल्यूरियम शामिल है, जो भारत के लिए महत्वपूर्ण खनिज हैं। बाकी 260 किलोटन सोलर वेस्ट इस दशक में स्थापित होने वाली नई सौर ऊर्जा क्षमता से आएगा। यह भारत के लिए सोलर सेक्टर में सर्कुलर इकोनॉमी के एक अग्रणी केंद्र के

> भारत की जी20 प्रेसीडेंसी ने एक सर्कुलर इकोनॉमी को सतत विकास के लिए एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया था : **नीरज कुलदीप**

रूप में उभरने और सोलर सप्लाई चेन में लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए अच्छा अवसर है। भारत ने 2030 तक लगभग 292 गीगावॉट सौर क्षमता हासिल करने की योजना बनाई है, इसलिए पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक कारणों से सोलर पीवी वेस्ट का प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाएगा। सीईईडब्ल्यू के इस अध्ययन ने पहली बार विनिर्माण को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों से निकलने वाले सोलर वेस्ट का आकलन किया है, जो आंकड़ों से निर्देशित सोलर वेस्ट प्रबंधन नीतियां बनाने के लिए बहुत जरूरी जानकारी है। भारत पहले से सोलर वेस्ट से निपटने के लिए कई उपायों को लागू कर रहा है। पिछले साल पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) ने सोलर पीवी सेल्स और मॉड्यूल वेस्ट के प्रबंधन के लिए ई-वेस्ट (मैनेजमेंट) रूल्स-2022 जारी किया था। ये नियम सोलर पीवी सेल्स और मॉड्यूल के उत्पादकों पर विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (ईपीआर) ढांचे के तहत उनके सोलर वेस्ट के प्रबंधन की जिम्मेदारी डालते हैं।

सीईओ डॉ. अरुणाभा घोष ने कहा कि भारत को न केवल एक पर्यावरणीय अनिवार्यता, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने व एक सर्कुलर इकोनॉमी विकसित करने की एक रणनीतिक जरूरत के रूप में, सोलर वेस्ट के समाधान के लिए पूर्व-सक्रियता के साथ कदम उठाने चाहिए।

## एयरटेल की कंपनी के आईपीओ के लिए सेबी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली**, 20 मार्च (एजेंसियां)। बाजार में जल्द ही एक और टेलीकॉम कंपनी की एंट्री होने वाली है। भारती एयरटेल की सब्सडियरी भारती हेक्साकॉम को आईपीओ के जरिए धन जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है।

ओएफएस के तहत, टेलीकॉम कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड द्वारा 10 करोड़ इक्विटी शेयर बेचे जाएंगे। हेक्साकॉम के आइपीओ में कोई नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा और यह पूरी तरह से ऑफर-फॉर-सेल पर आधारित होगा।

ओएफएस के जरिए कंपनी की इकलौती पब्लिक शेयरहोल्डर, टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड अपने 10 करोड़ शेयरों को बेचेगी। यानी की आईपीओ से मिलने वाली पूरी धनराशि कंपनी के पास न जाकर, टेलीकॉम कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के पास जाएगी। सेबी ने इसके आईपीओ आवदेन पर 11 मार्च को ऑब्जर्वेशन लेटर जारी किया था।

कंपनी राजस्थान और पूर्वोत्तर में टेलीकॉम सेवाएं मुहैया कराती है। भारती एयरटेल के पास कंपनी की 70त्न इक्विटी शेयर पूंजी है और टेलीकम्युनिकेशन कंसल्टेंट्स ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से सरकार के पास 30प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह ग्राहकों की संख्या के मामले में टॉप ग्लोबल मोबाइल ऑपरेटरों में से एक है और वित्त वर्ष 2023 तक राजस्व के




> **कंपनी राजस्थान व पूर्वोत्तर में मुहैया कराती है टेलीकॉम सेवाएं**

मामले में भारत का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड कम्यूनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर है।

एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल, बीओबी कैपिटल मार्केट्स, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और आईआईएफएल सिक्योरिटीज इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं। कंपनी ने एफवाई 23 में 549.2 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 67.2 प्रतिशत की गिरावट है। वित्त वर्ष 2012 में इसका लाभ 1,951.1 करोड़ रुपए था। सितंबर वित्त वर्ष 24 को समाप्त छह महीने की अवधि में, शुद्ध लाभ साल-दर-साल 64.6 प्रतिशत गिरकर 69.1 करोड़ रुपए हो गया।

## सूरजमुखी तेल महंगा, मूंग व उड़द दाल सस्ती

**नई दिल्ली**, 20 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी तेल महंगा हो गया जबकि मूंग दाल और उड़द दाल सस्ती रही वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 60 रिंगिट उबलकर 4357 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.06 सेंट की तेजी के साथ 48.20 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सूरजमुखी तेल में 74 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मूंग दाल 100 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। वहीं, चना, दाल चना, मसूर दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

## स्टार्टअप के लिए उच्चतम बाजार पूंजीकरण से अधिक महत्वपूर्ण है सुशासन : बिखचंदानी

**नई दिल्ली**, 20 मार्च (एजेंसियां)। बायजूज जैसी कुछ भारतीय डिजिटल कंपनियां, जिनकी वैल्यूएशन एक समय 22 अरब डॉलर थी, कॉरपोरेट गवर्नेंस के मुद्दों में उलझ गई हैं। उद्योग के शीर्ष नेताओं का कहना है कि उच्चतम बाजार पूंजीकरण पर पहुंचने की तुलना में ईमानदारी और सुशासन के साथ एक साफ-सुथरी कंपनी चलाना अधिक महत्वपूर्ण है।

अनुभवी निवेशक और इन्फो एज के संस्थापक संजीव बिखचंदानी ने फिनटेक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी क्रेड के संस्थापक कुणाल शाह के साथ बातचीत में कहा कि कंपनी के नेतृत्वकर्ता की भूमिका स्टॉक बेचने की नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने की है कि जब कोई और अपना स्टॉक




> सुशासन के साथ एक साफ-सुथरी कंपनी चलाना उच्चतम बाजार पूंजीकरण से भी अधिक महत्वपूर्ण है : **संजीव बिखचंदानी**

बेचना चाहता है, तो पर्याप्त खरीदार हों।

उन्होंने शाह से कहा कि एक नेता को सभी शेयरधारकों के लिए कंपनी बनाने की ज़रूरत होती है, और यह सुनिश्चित करना होता है कि हर कोई अमीर हो, न कि केवल खुद।

शाह ने कहा कि संस्थापकों को सह-संस्थापकों, सहकर्मियों और शेयरधारकों से बात कर विश्वास बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विश्वास के सिद्धांत सत्यनिष्ठा, निरंतरता, सक्षमता, परोपकार हैं। सभी की मौजूदगी विश्वास की गारंटी नहीं देती, लेकिन किसी की अनुपस्थिति अविश्वास पैदा करती है। उनके मुताबिक, एक व्यक्ति की गलती पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर असर डालती है।

उद्योग के दिग्गजों ने तर्क दिया कि 10 वर्षों में कई अधिक लाभदायक और बड़ी भारतीय इंटरनेट कंपनियां होंगी। हम सभी पारिस्थितिकी तंत्र के भागीदार हैं और क्षमता, निर्णय, व्यवहार की हर त्रुटि हम सभी को प्रभावित करती है।

## सकारात्मक रुझान के बीच गिरावट से उबरा बाजार

**मुंबई**, 20 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष कर संग्रह में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से उत्साहित निवेशकों की ऊर्जा, दूरसंचार, तेल एवं गैस और पावर समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली से पिछले दिवस के भूचाल से उबरकर आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 89.64 अंक चढ़कर 72,101.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 21.65 अंक बढ़कर 21,839.10 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.05 प्रतिशत उठकर 37,762.13 पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.14 प्रतिशत गिरकर 41,487.14 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3903 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1609 में लिवाली जबकि 2180 में बिकवाली हुई वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 27 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 23 में गिरावट रही।

विश्लेषकों के अनुसार, अनुकूल वैश्विक धारणा और ठोस प्रत्यक्ष कर संग्रह से उत्साहित होकर भारतीय बाजारों में तेजी आई और मामूली बढ़त के साथ बंद हुई। साथ ही मजबूत एफआईआई और डीआईआई निवेश प्रवाह ने बाजार को बनाए रखा। इस वर्ष 17 मार्च तक देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़कर 18.9 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। बाजार की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, जून में




- सेंसेक्स 89.64 अंक चढ़कर 72,101.69 पर
- निफ्टी 21.65 अंक बढ़कर 21,839.10 पर बंद
- बीएसई के 3903 कंपनियों के शेयरों में हुआ कारोबार

ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम हो गई है। लचीली अर्थव्यवस्था के कारण अमेरिकी फेड द्वारा वर्ष के उत्तरार्ध में दर में कटौती शुरू करने में देर करने की संभावना है। इसके साथ ही अल्पावधि में प्रीमियम मूल्यांकन के कारण घरेलू स्तर पर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों के लार्जकैप से पिछड़ने की संभावना है। इससे बीएसई के 13 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान सीडी 0.30, ऊर्जा 1.09, एचएमसीजी 0.47, दूरसंचार 0.61, यूटिलिटीज 0.45, ऑटो 0.47, तेल एवं गैस 1.07, पावर 0.92, रियल्टी 0.52 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.10 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.06, जापान का निक्केई 0.66, हांगकांग का हैंगसेंग 0.08 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.55 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.24 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 25 अंक बढ़त लेकर 72,036.86 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 71,674.42 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में मारुति 2.97, पावरग्रिड 2.16, नेस्ले इंडिया 2.09, एसबीआई 1.83, रिलायंस 1.27, टेक महिंद्रा 0.89, एलटी 0.36, एशियन पेंट 0.28, भारती एयरटेल 0.20, एनटीपीसी 0.14, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.09 और आईसीआईसीआई बैंक 0.07 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टाटा स्टील 1.98, टाटा मोटर्स 1.76, एक्सिस बैंक 1.53, एचडीएफसी बैंक 1.23, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.21, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.85, एचसीएल टेक 0.77, इंफोसिस 0.44, विप्रो 0.24 और टीसीएस के शेयर 0.18 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## विश्व सुगम्यता दिवस मनाने की तैयारी

- स्वयं व आईसीएमआर के प्रशिक्षण शिविर का होगा आयोजन
- संयुक्त पहल का उद्देश्य है सार्थक परिवर्तन लाना व समावेशिता को बढ़ावा देना

**नई दिल्ली**, 20 मार्च (एजेंसियां)। सुगम्यता संगठन स्वयं लगातार दूसरे वर्ष 27 मार्च को विश्व सुगम्यता दिवस को चिह्नित करने और मनाने के लिए तैयार है। इस वर्ष स्वयं भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के साथ साझेदारी करते हुए कार्यशालाओं और संवेदीकरण प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन कर रहा है। संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि एम्स, सफदरजंग वीएमसीसी और लेडी हार्डिंग जैसे दिल्ली के मेडिकल कॉलेजों में सभी को प्रभावित करने वाले कार्यशालाओं के माध्यम से, 600 से अधिक छात्रों, नर्सों और चिकित्सा चिकित्सकों को सहायक उपकरणों का उपयोग करने और कम गतिशीलता वाले व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षित करेंगे।

स्वयं और आईसीएमआर मिलकर उन व्यापक चुनौतियों का समाधान करने की कोशिश करेंगे जो सुगम्यता की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में बाधा डालती हैं। इसके अतिरिक्त, दोनों संयुक्त रूप से सुगम्यता और सहायक उपकरणों पर चर्चा करने के लिए एक मंथन सत्र का आयोजन कर रहे हैं, जो विका

स्वयं सुगम्यता पर जागरूकता अभियान चलाने के लिए रेड क्रॉस (आईसीआरसी) की अंतरराष्ट्रीय समिति के साथ सहयोग करने के लिए भी तैयार है। पूरे भारत में 90 से अधिक आईसीआरसी भागीदारों तक पहुंच के साथ, संयुक्त पहल का उद्देश्य सार्थक परिवर्तन लाना और समावेशिता को बढ़ावा देना है।

स्मीनू जिंदल ने सहयोग पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व सुगम्यता दिवस के इस दूसरे वर्ष के उत्सव पर, हम पुष्टि करते हैं कि सुगम्यता सभी के लिए एक मौलिक अधिकार है। इस चल रहे जागरूकता अभियान के माध्यम से, हम सभी के लिए समान अवसर प्रदान करने के लिए संसाधनों के समान उपयोग की कामना करते हैं।

## सार संक्षेप

### अमेजन डॉटइन ने की वाटर वीक की घोषणा

**बेंगलुरु।** ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन डॉटइन ने वाटर वीक की घोषणा की है जो 24 मार्च 2024 तक चलेगा और इस दौरान ग्राहक ऑफर के साथ वॉटर प्यूरीफायर की खरीददारी कर सकते हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ये प्यूरीफायर स्वच्छ और सुरक्षित पानी प्राप्त करने का एक सुविधाजनक समाधान पेश करते हैं। वॉटर वीक के दौरान ग्राहक रिवर्स ऑस्मोसिस और अल्ट्रावॉयलेट वॉटर प्यूरिफायर पर ऑफर पा सकते हैं। इन वॉटर प्यूरीफायर में हॉट वॉटर डिस्पेंसर, स्टेनलेस स्टील टैंक, अंडर काउंटर मॉडल जैसे नए जमाने के कई फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा, वॉटर वीक के दौरान ग्राहक लिवप्योर, एक्वागार्ड, एचयूएल प्योरइट और अर्बन कंपनी जैसे टॉप ब्रांडों के वॉटर प्यूरीफायर पर न्यूनतम 30 प्रतिशत की छूट के साथ-साथ एसबीआई क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन पर 10 प्रतिशत की छूट, 2000 रुपए तक बायबैक लाभ और मुफ्त इंस्टॉलेशन का फायदा उठा सकते हैं।

### एवरेडी ने नीरज चोपड़ा को बनाया ब्रांड अम्बेसडर

**नई दिल्ली।** देश के अग्रणी बैटरी ब्राण्ड एवरेडी इंडस्ट्री इंडिया लिमिटेड ने ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता एथलीट नीरज चोपड़ा को अपना नया ब्रांड अम्बेसडर नियुक्त किया है।
इस नए समझौते को लेकर एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं एसबीयू हेड बैटरीज एवं फ्लैशलाइट अनिरबन बनर्जी ने कहा कि नीरज चोपडा की उत्कृष्ट यात्रा, आधुनिक बैटरी एवं लाइटिंग समाधानों के साथ लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और ब्राण्ड के विकास एवं विस्तार के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। एक साथ मिलकर हम वर्तमान एवं भविष्य को नई ऊर्जा देना चाहते हैं, साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर कल का निर्माण करना चाहते हैं। नीरज चोपड़ा ने कहा कि एवरेडी के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, यह एक ऐसा ब्राण्ड है जो दशकों से भारतीय परिवारों का अभिन्न हिस्सा बना हुआ है। इसे नवाचार, भरोसे और गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। ऐसे ब्राण्ड के साथ जुड़ना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है जो मेरे मूल्यों-परफोर्मेन्स, स्थायित्व एवं भरोसे को साझा करता है।

### 10 वाहन निर्माताओं पर 7.6 मिलियन डॉलर का जुर्माना

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई सरकार ने बुधवार को कहा कि उसने अपर्याप्त सुरक्षा मानकों वाली कारें बेचने के लिए 10 विदेशी और घरेलू वाहन निर्माताओं पर कुल 10.3 बिलियन वॉन (7.6 मिलियन डॉलर) का जुर्माना लगाया है। इनमें नौ विदेशी कंपनियां हैं, जिनमें वोक्सवैगन ग्रुप कोरिया, मर्सिडीज-बेंज कोरिया, फोर्ड सेल्स एंड सर्विस कोरिया, पोर्श कोरिया और बीएमडब्ल्यू कोरिया शामिल हैं। इसमें दक्षिण कोरिया की हुंडई मोटर कंपनी भी शामिल है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने कहा कि जुर्माना पिछले साल जनवरी से जून तक कंपनियों के मॉडलों में खराबी पर आधारित था।

## इंडस ऐपस्टोर पर 10 लाख से अधिक इंस्टाल

**बेंगलुरु**, 20 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय ऐप प्लेटफॉर्म फोनपे के इंडस ऐपस्टोर एक महीने के भीतर 10 लाख से अधिक इंस्टॉल किए गए हैं।

कंपनी ने कहा कि इंडस ऐपस्टोर को तेजी से अपनाना उन विकल्पों के लिए बाजार की तैयारी को इंगित करता है जो भारतीय डेवलपरों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं और भारतीय दर्शकों की भाषाई और सांस्कृतिक प्राथमिकताओं को पूरा करते हैं।

> **इंडस ऐपस्टोर में है विभिन्न श्रेणियों के ऐप की विस्तृत श्रृंखला**

इंडस ऐपस्टोर में विभिन्न श्रेणियों के ऐप की एक विस्तृत श्रृंखला है, लेकिन सबसे अधिक डाउनलोड की जाने वाली और लोकप्रिय श्रेणियों में फाइनेंस, गेम, सोशल, एंटरटेनमेंट, टूल्स, कम्युनिकेशन और शॉपिंग शामिल हैं। इसके 45 प्रतिशत यूजर टियर 2 शहरों से हैं, जो बड़े महानगरों के बाहर ऐप के प्रति व्यापक आकर्षण को दर्शाता है। इंडस ऐपस्टोर की हिंदी, मराठी, बंगाली, गुजराती, तेलुगु और अन्य भाषाओं में उपलब्धता ने जबरदस्त जुड़ाव पैदा किया है, स्वदेशी भाषा में ऐप अनुभवों की मांग को पूरा किया और समावेशिता की भावना को बढ़ावा दिया है। भारतीय और वैश्विक दोनों प्रमुख डेवलपरों, डेवलपर की सफलता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पहचानते हुए, तेजी से इंडस ऐपस्टोर पर अपने ऐप सूचीबद्ध कर रहे हैं।

## भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री कारोबार 21 हजार करोड़ रुपए के पार : रिपोर्ट

### भारत में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग कोरोना की चुनौतियों से उबर कर फिर तेजी की राह पर

**नई दिल्ली**, 20 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री (भारत में डायरेक्ट सेलिंग) उद्योग कोरोना महामारी के दौर की चुनौतियों से उबर कर फिर तेजी की राह पर है और इसका कारोबार वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 21282 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया। इंडियन डायरेक्ट सैलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की सर्वेक्षण रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। यह रिपोर्ट बाजार अनुसंधान फर्म कंतार द्वारा संकलित की गई है। आईडीएसए के एक आयोजन में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए इसके लिए आईडीएसए को बधाई दी।

रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की कुल बिक्री में वर्ष 2021-22 के मुकाबले वर्ष 2022-23 में 2252 करोड़ रूपए की वृद्धि दर्ज की गई है। आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने बताया कि इस उद्योग के कारोबार में वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक के चार वर्षों के दौरान वर्ष-दर-वर्ष औसतन 8.3 प्रतिशत की संचयी वार्षिक दर




> भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग तेजी एक मजबूत बाजार के रूप में उभर रहा है जिसमें प्रगति की असीम क्षमताएं निहित हैं : **विवेक कटोच**

(सीएजीआर) से वृद्धि की है। आईडीएसए अध्यक्ष को विश्वास है कि भारत अनुमानों से पूर्व ही प्रत्यक्ष बिक्री में विश्व के पांच शीर्ष बाजारों में जल्द अपनी जगह बना लेगा। वर्ष 2022 में भारत का स्थान 11वां था।

रिपोर्ट के अनुसार कुल बिक्री में उत्तरी क्षेत्र ने सर्वाधिक 30 प्रतिशत का योगदान किया। पूर्वी, पश्चमी, दक्षिणी तथा पूर्वोतर क्षेत्र का योगदान क्रमशः 25, 22, 15 और नौ प्रतिशत है। राज्यों में महाराष्ट्र 12 प्रतिशत योगदान के साथ लगातार शीर्ष पर बना हुआ है जबकि उत्तर प्रदेश शानदार प्रदर्शन कर दस प्रतिशत की भागीदारी के साथ पश्चिम बंगाल के साथ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।

रिपोर्ट के अनुसार प्रत्यक्ष बिक्री बाजार में वेलनेस और न्यूट्रास्युटिकल उत्पाद लगातार उपभोक्ताओं के पसंदीदा बने हुए हैं। सौंदर्य प्रसाधन और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद इस वर्ग में दूसरे स्थान पर है। दोनों वर्गों का कुल कारोबार में क्रमशः 73.5 और 11.3 प्रतिशत योगदान रहा है। इस दौरान लगभग दो लाख और प्रत्यक्ष विक्रेता इस कारोबार से जुड़े और यह संख्या वर्ष 2021-22 के 84 लाख के मुकाबले बढ़ कर लगभग 86 लाख पहुंच गई है। इनमें लगभग 63 प्रतिशत पुरुष और 37 प्रतिशत महिलाएं हैं।

आईडीएसए के अध्यक्ष कटोच ने कहा कि भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग तेजी एक मजबूत बाजार के रूप में उभर रहा है जिसमें प्रगति की असीम क्षमताएं निहित हैं।

# खेल जगत

## केएल राहुल अभ्यास मैच के बाद लखनऊ पहुंचेंगे: लैंगर



**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 के आगाज से पहले केएल राहुल अपनी टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ शामिल होने के लिए उड़ान में देरी के कारण बुधवार को अभ्यास मैच के बाद लखनऊ के साथ जुड़ेंगे। टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा, 'राहुल आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे, जिससे टी20 विश्व कप के लिए भी वो अपनी दावेदारी मजबूत कर सकें।' दाहिने क्वाड्रिसेप्स में चोट से उबर रहे केएल राहुल लंबे ब्रेक के बाद कमबैक करने के लिए पूरी तरह फिट हैं। वह जनवरी में हैदराबाद टेस्ट के बाद पूरी भारत-इंग्लैंड शृंखला से चूक गए। जून में पुरुष टी20 विश्व कप में भारत की टीम में जगह बनाने पर नजर रखते हुए, राहुल के लखनऊ के लिए या तो बल्लेबाजी की शुरुआत करने या मध्य क्रम में खेलने की अटकलें लगाई जा रही हैं। 'केएल राहुल को बुधवार शाम को अभ्यास मैच खेलना था लेकिन फ्लाइट लेट होने के कारण वो इसमें शामिल नहीं हो पाएंगे।

### दुनिया के तमाम दिग्गज क्रिकेटर आने वाले हैं नजर

# आईपीएल का 17वां सीजन कल से होगा शुरू

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल का 17वां सीजन 2 दिन बाद 22 मार्च से शुरू होगा। क्रिकेट के इस कॉकटेल में दुनिया के तमाम दिग्गज क्रिकेटर नजर आने वाले हैं। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला सीएसके और आरसीबी के बीच चेन्नई में खेला जाएगा। आइए लीग के आगाज से पहले हम टूर्नामेंट की टॉप-5 टीमों पर एक नजर डालते हैं। आईपीएल का मजा इस बार डबल होने वाला है, क्योंकि यह सीजन चाहे भारतीय हो या विदेशी हर खिलाड़ी के भविष्य को लेकर काफी मायने रखेगा। आईपील के तुरंत बाद 1 जून से टी20 विश्व कप खेला जाना है। यानी खिलाड़ियों के पास वर्ल्ड कप की तैयारी और अपनी-अपनी राष्ट्रीय टी20 टीम में जगह बनाने का ये आखिरी मौका होगा। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि इस बार सभी टीमों के बीच टक्कर कांटे की होने वाली है। हम इस आर्टिकल में उन टॉप-5 टीमों पर नजर डालते हैं, जिन्होंने आईपीएल 2023 की अंक तालिका में टॉप-5 में जगह बनाई थी। चलिए जानते हैं कि आईपीएल 2024 के लिए उनकी तैयारी कितनी अच्छी है।

#### चेन्नई सुपर किंग्स

चेन्नई की टीम ने आईपीएल 2023 का खिताब अपने नाम किया था। अहमदाबाद में बारिश के कारण तीन दिनों तक चले रोमांचक फाइनल में सीएसके ने गुजरात टाइटंस को हराकर अपना पांचवां खिताब जीता। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे अपना छठा खिताब हासिल करने का लक्ष्य रखेंगे, क्योंकि एमएस धोनी शायद आखिरी बार पीली जर्सी में नजर आएंगे। सीएसके ने रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल, शार्दुल ठाकुर, समीर रिजवी और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम में शामिल करके अपनी टीम में ऑलराउंडर खिलाड़ियों का मजबूत स्क्वाड अपने साथ रखा है, लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही, वे प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से परेशान हैं। डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट के कारण लगभग बाहर हो गए हैं, जबकि शिवम दुबे साइड स्ट्रेन की चोट से जूझ रहे हैं। ऋतुराज गायकवाड़ चोट के बाद लौटे हैं, जबकि अजिंक्य रहाणे घरेलू सत्र में बल्ले से सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। लेकिन चेपॉक की स्पिन-अनुकूल परिस्थितियों में पनपने के लिए सीएसके के पास कई इन फॉर्म खिलाड़ियों, स्पिन आक्रमण और धोनी का शानदार नेतृत्व है।

#### गुजरात टाइटंस

आईपीएल 2022 के विजेता और आईपीएल 2023 उपविजेता टीम गुजरात टाइटंस एक बड़े बदलाव के साथ नए सीजन में उतरेगी। टीम के नेतृत्व में एक बड़ा बदलाव आया है। पिछले दो सीज़न में शानदार प्रदर्शन करने वाले हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस में चले गए हैं। गुजरात ने अब नेतृत्व की बागडोर पिछले सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले (17 मैचों में 890 रन) शुभमन गिल को सौंपी है। गिल के लिए यह भूमिका नई होगी, साथ ही वो आईपीएल में पहली बार कप्तानी करते नजर आएंगे।

टीम को एक और झटका तब लगा जब शीर्ष तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अपने घायल टखने की सर्जरी के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए। शमी आईपीएल 2023 में 28 विकेट के साथ हाईएस्ट विकेट टेकर थे। उन्होंने पावरप्ले (17 विकेट) में गुजरात को सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

हालांकि, एक तरफ अनिश्चितता के साथ, सेट-अप में नए खिलाड़ियों के लिए अवसर हैं। अफगानिस्तान के सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर अज़्मतुल्लाह उमरज़ई और ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन के साथ-साथ उमेश यादव, एम शाहरुख खान जैसे भारतीय खिलाड़ी रोमांच बढ़ा सकते हैं। साथ ही गुजरात को मुश्किलों से बाहर निकालने का माद्दा भी रखते हैं। पीठ की सर्जरी के बाद राशिद खान प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापस आ गए हैं जबकि राहुल तेवतिया, विजय शंकर, आर साई किशोर, बी साई सुदर्शन और डेविड मिलर ने आईपीएल 2023 के बाद अपने करियर में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जो गुजरात के लिए महत्वपूर्ण है। उम्मीद है कि ये टीम आईपीएल प्लेऑफ में प्रवेश की हैट्रिक जमाए।

#### लखनऊ सुपर जाइंट्स

गुजरात के साथ-साथ आईपीएल की दूसरी नई टीम लखनऊ ने लगातार दूसरी बार प्लेऑफ़ में जगह बनाई। हालांकि वे कभी भी एलिमिनेटर से आगे नहीं बढ़ पाए। आईपीएल 2024 से पहले, लखनऊ के सामने केएल राहुल की उपलब्धता और उनकी भूमिका को लेकर बड़ा सवाल है, जिसका टीम को जवाब ढूंढना होगा।

राहुल दाहिनी क्वाड्रिसेप्स चोट के कारण वह हैदराबाद टेस्ट के बाद पूरी भारत-इंग्लैंड शृंखला से चूक गए। इसके अलावा, विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में जून में पुरुष टी20 विश्व कप टीम पर नज़र रखते हुए, राहुल के या तो सलामी बल्लेबाज़ी करने या मध्य क्रम में खेलने की अटकलें हैं। लखनऊ के पास क्विटन डी कॉक, काइल मेयर्स और देवदत्त पडिक्कल जैसे शीर्ष क्रम के पर्याप्त बल्लेबाज हैं, जिन्हें आरआर से ट्रेड किया गया था। हालांकि लखनऊ के पास निकोलस पूरन और आयुष बडोनी के रूप में अच्छे बल्लेबाज हैं, लेकिन कुणाल पांड्या, मार्कस स्टोइनिस और दीपक हुडा के पिछले कुछ महीनों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के कारण राहुल मध्यक्रम में भी खेलते हुए दिख सकते हैं।

लखनऊ ने शिवम मावी, डेविड विली, अरशद खान, शमर जोसेफ और युवा ऑलराउंडर अर्शिन कुलकर्णी को शामिल करके अपने तेज गेंदबाजी स्टॉक को बढ़ाया है। लेकिन उनके पास एक अनुभवी तेज गेंदबाज की कमी है, जिसके लिए नए मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, लांस क्लूजनर और एडम वोजेस के साथ-साथ राहुल एंड कंपनी को प्लेऑफ में प्रवेश की हैट्रिक बनाने की जरूरत है।

#### मुंबई इंडियंस

अपना आईपीएल 2024 अभियान शुरू करने से बहुत पहले, मुंबई हार्दिक पांड्या को खरीदने और उन्हें रोहित शर्मा के स्थान पर कप्तान बनाने के कारण चर्चा में रही, जिस पर हर तरफ से अलग-अलग रिएक्शन आए। टीम ने गेराल्ड कोएत्ज़ी और दिलशान मदुशंका के रूप में अपने विदेशी तेज गेंदबाजी अटैक को भी मजबूत किया है, जो पिछले कुछ समय से चोटों से जूझ रहे थे। मोहम्मद नबी, रोमारियो शेफर्ड और श्रेयस गोपाल को शामिल करके, एमआई अभी भी आईपीएल 2024 में सबसे अच्छी तरह से संतुलित टीमों में से एक दिखती है। इस टीम में रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, तिलक वर्मा, कुमार कार्तिकेय, नेहल वढेरा और पीयूष चावला जैसे खिलाड़ी भी टीम को बैलेंस करते हैं। हालांकि, मुबई के सामने सूर्यकुमार यादव (जिनकी अभी तक वापसी की तारीख तय नहीं हुई है)। साथ ही जेसन बेहरनडोर्फ की कमी भी टीम को खलेगी, लेकिन उम्मीद है कि एमआई नए कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ अपना छठा आईपीएल खिताब जीतने के लिए दमदार प्रदर्शन करेगी।

#### राजस्थान रॉयल्स

आईपीएल 2008 चैंपियन राजस्थान रॉयल्स टूर्नामेंट की बेस्ट टीमों में आती है। साल 2022 सीजन में राजस्थान ने फाइनल में जगह बनाई, हालांकि गुजरात के खिलाफ उन्हें हार झेलनी पड़ी। इस सीजन नीलामी में, उन्होंने पॉवेल, नंद्रे बर्गर, टॉम कोहलर-कैडमोर को शामिल करने के साथ-साथ ट्रेड के माध्यम से शुभम दुबे, आबिद मुश्ताक और आवेश खान को भी शामिल किया। शुरुआत के लिए, राजस्थान के पास यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर, संजू सैमसन, शिम्रोन हेटमायर, रियान पराग और ध्रुव जुरेल जैसे धाकड़ बल्लेबाजों के साथ-साथ स्पिनर के रूप में रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल का नाम शामिल हैं।

## अक्षय कुमार, सोनू निगम, एआर रहमान और टाइगर श्रॉफ उद्घाटन समारोह में प्रदर्शन करेंगे




**चेन्नई,** 20 मार्च (एजेंसियां) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने स्टार कलाकारों - अक्षय कुमार, सोनू निगम, एआर रहमान और टाइगर श्रॉफ की चमकदार लाइनअप का अनावरण किया, जो 22 मार्च को यहां एमए चिदम्बरम स्टेडियम में उद्घाटन समारोह में प्रदर्शन करेंगे। । कैश-रिच लीग का 17वां सीजन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगा। मैच से पहले, बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ, गायक सोनू निगम के साथ-साथ संगीत उस्ताद एआर रहमान उद्घाटन समारोह में प्रस्तुति देते नजर आएंगे। समारोह का प्रसारण शाम 6:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स पर किया जाएगा, जबकि मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा।

## पंत, रचिन रवींद्र और कमिंस समेत इन खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें







आईपीएल का मंच एक बार फिर सज चुका है, जहां दुनिया भर के दिग्गज क्रिकेटर अपना हुनर पेश करने के लिए तैयार हैं। इस बार, टूर्नामेंट में कुछ बड़े नाम पिछले सीज़न बाहर रहने के बाद वापसी करेंगे। वहीं, कुछ ऐसे नाम भी हैं जो आईपीएल की दुनिया में पहली बार कदम रखेंगे। भारतीय और विदेशी दोनों दलों के खिलाड़ियों पर नजर रख रहा है। चलिए एक नजर उन खिलाड़ियों पर डालते हैं, जो इस बार चर्चा में रहने वाले हैं।

**ऋषभ पंत:** बाएं हाथ का ये विकेटकीपर-बल्लेबाज दिसंबर 2022 में एक जानलेवा कार दुर्घटना से उबरने के बाद क्रिकेट के मैदान पर कमबैक करने के लिए तैयार हैं और उन्हें दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान भी बनाया गया है। खेल से लगभग 14 महीने दूर रहने के दौरान, पंत कई सर्जरी, दाहिने घुटने की चोट, कठोर पुनर्वास, थेरेपी और एनसीए में एक विशेष कैंप को पार करते हुए यहां तक पहुंचे हैं। इन तमाम चुनौतियों से जूझते हुए पंत अब क्रिकेट में दमदार कमबैक करने की कगार पर है। उनके क्रिकेट में वापस आने के साथ, यह देखना दिलचस्प होगा कि पंत बल्लेबाजी और संभवत: विकेटकीपिंग के साथ-साथ लंबे समय तक बाहर रहने के बाद दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी का भार कैसे संभालते हैं। इसके अलावा, अगर वह आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो उन्हें टी20 विश्व कप की टीम में भी जगह मिल सकती है।

**श्रेयस अय्यर:** दाएं हाथ का यह बल्लेबाज पीठ के निचले हिस्से की समस्या के कारण आईपीएल 2023 में नहीं खेल सका। अय्यर अब इस सीज़न में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान के रूप में लौट आए हैं, लेकिन उनके लिए बीते कुछ महीने ख़राब रहे हैं।

अय्यर ने भारत में विश्व कप 2023 में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन टी20 और टेस्ट टीमों में अपनी जगह बरकरार नहीं रख सके, और घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग न लेने के कारण उन्हें बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध भी नहीं मिला। हालांकि उन्होंने मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी फाइनल में 95 रनों की पारी खेली, लेकिन अय्यर पीठ में दर्द फिर से उभरने के कारण पिछले दो दिनों में क्षेत्ररक्षण नहीं कर सके और यह देखना बाकी है कि वह केकेआर के लिए आईपीएल 2024 में बल्ले और नेतृत्व भार का सामना कैसे करते हैं।

**पैट कमिंस:** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए आईपीएल 2023 से हटने का फैसला किया। यह एक ऐसा कदम था जिसका फायदा कमिंस को मिला क्योंकि उन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती, एशेज बरकरार रखी और वनडे विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। पिछले साल दुबई में आईपीएल नीलामी में, कमिंस की कीमत आसमान छूने के कारण सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 20.5 करोड़ रुपए की मोटी रकम देकर अपने साथ जोड़ा, जिससे वह लीग के इतिहास में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए।

**रचिन रवींद्र:** बाएं हाथ का ये बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजी भी करने में माहिर है। इस युवा खिलाड़ी ने वर्ल्ड कप के दौरान भारत में अपनी छाप छोड़ी। रचिन ने 64 की औसत से 578 रन के साथ टूर्नामेंट के चौथे हाईएस्ट रन स्कोरर के रूप में अपना नाम दर्ज कराया। उन्होंने तीन शतक और दो अर्धशतक भी बनाए, जिसमें अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में नाबाद 123 रन की पारी भी शामिल है।

**अज़्मतुल्लाह उमरज़ई:** अफगानिस्तान के 23 वर्षीय सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के रिप्लेसमेंट के रूप में गुजरात टाइटन्स के सेट-अप में फिट हो सकते हैं।

# धोनी बहुत पहले समझ गए थे, क्रिकेट महत्वपूर्ण है लेकिन यह सब कुछ नहीं है: जहीर खान

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की क्रिकेट से परे रुचियों पर अपने विचार व्यक्त किए हैं और कहा है कि विश्व कप विजेता कप्तान ने बहुत पहले ही समझ लिया था कि 'क्रिकेट... महत्वपूर्ण है लेकिन यह सब कुछ नहीं है।' धोनी 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण में सीएसके का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 42 वर्षीय खिलाड़ी 2008 में लीग के उद्घाटन संस्करण के बाद से टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। जहीर ने जियोसिनेमा के लीजेंड्स लाउंज के एपिसोड में कहा, 'जब आप खेल रहे हों, तो (खेल से) स्विच ऑफ करना बहुत महत्वपूर्ण है। क्रिकेट ही सब कुछ नहीं है। हर क्रिकेटर को अंतत: इसका सामना करना पड़ता है। जब आप खेल से दूर हो जाते हैं, तो आपके पास बहुत सारे विकल्प नहीं होते हैं। मैंने कई एथलीटों को रिटायर होने के बाद संघर्ष करते देखा है क्योंकि उन्होंने खेल को अपना सब कुछ दे दिया और जब उन्होंने इसे छोड़ा, तो उन्हें नहीं पता था कि क्या करना है।' न्होंने कहा, 'इस अर्थ में, एमएस धोनी को बहुत पहले ही समझ आ गया था कि उन्हें क्रिकेट का शौक है और यह उनके जीवन का अभिन्न अंग है। लेकिन यह सब कुछ नहीं हो सकता। वह खेल के बाहर भी चीजें करते रहते हैं। उदाहरण के लिए, उनकी रुचि बाइक में। वह हमेशा उन पर शोध करते रहते हैं।' धोनी की कप्तानी में, सीएसके ने खेले गए चौदह सीज़न में बारह बार आईपीएल प्लेऑफ़ में जगह बनाई, जिससे आईपीएल ट्रॉफी के लिए लगातार चुनौती देने वाले के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई। धोनी की अगुवाई वाली टीम ने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने (5 बार) का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस (एमआई) के साथ साझा किया है। इस बीच, पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने सीएसके में उत्तराधिकार योजना पर बोलते हुए कहा कि वह धोनी को अगले पांच साल तक आईपीएल में खेलते देखना पसंद करेंगे।

रैना ने कहा, 'सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनका अगला कप्तान कौन होगा? भले ही धोनी कप्तानी छोड़ भी दें, वह डगआउट में रहेंगे, चाहे यह मानसिक मजबूती कोच के रूप में हो या सिर्फ उनकी उपस्थिति के लिए।



विश्व कप विजेता कप्तान ने बहुत पहले ही समझ लिया था कि 'क्रिकेट, महत्वपूर्ण है लेकिन यह सब कुछ नहीं है।' 42 वर्षीय खिलाड़ी 2008 में लीग के उद्घाटन संस्करण के बाद से टीम का नेतृत्व कर रहे हैं : **जहीर खान**

## 'मैंने धोखा नहीं दिया': सिमोना हालेप ने कैरोलिन वोज्नियाकी की वाइल्डकार्ड टिप्पणी पर पलटवार किया



**नई दिल्ली**, 20 मार्च (एजेंसियां)। दो बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन और पूर्व विश्व नंबर 1, रोमानियाई सिमोना हालेप ने कैरोलिन वोज्नियाकी टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की है जिसमें उन्होंने कहा था 'डोपिंग के लिए सकारात्मक परीक्षण किए गए खिलाड़ियों को वाइल्डकार्ड से सम्मानित नहीं किया जाना चाहिए।'

हालेप, जो डब्ल्यूटीए टूर से 18 महीने की अनुपस्थिति के बाद एक्शन में लौटीं, को सीएएस द्वारा टेनिस से उनके चार साल के प्रतिबंध को घटाकर नौ महीने करने के बाद मियामी ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड प्राप्त हुआ। पूर्व ग्रैंड स्लैम विजेता को बुधवार को शुरुआती दौर में पाउला बडोसा के हाथों 1-6, 6-4, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। हालेप को वाइल्डकार्ड दिए जाने पर वोज्नियाकी ने डोपिंग पर अपने रुख पर प्रकाश डाला और कहा कि डोपिंग के लिए सकारात्मक परीक्षण करने वाले खिलाड़ियों को बाद में वाइल्डकार्ड से सम्मानित नहीं किया जाना चाहिए। वोज्नियाकी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे सिमोना हमेशा से पसंद रही है। हमारे बीच हमेशा अच्छे संबंध रहे हैं। मैं डोपिंग और उस सब के बारे में कैसा महसूस करती हूं, इस बारे में मैं पहले भी बहुत मुखर रही हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि डोपिंग पर भी मेरा नजरिया एक जैसा है। मैं हमेशा एक साफ-सुथरा खेल चाहती हूं, जो सभी के लिए निष्पक्ष हो। मुझे लगता है कि यह निश्चित रूप से अब भी मेरी राय है।' 'फिर से, यह सीधे सिमोना पर नहीं है, लेकिन अगर कोई जानबूझकर धोखा देता है, अगर किसी ने डोपिंग के लिए सकारात्मक परीक्षण किया है... मैं समझती हूं कि एक टूर्नामेंट एक बड़ा सितारा क्यों चाहता है, लेकिन यह मेरा व्यक्तिगत विश्वास है, और यह किसी पर आघात नहीं है , लेकिन यह मेरा व्यक्तिगत विश्वास है कि मुझे नहीं लगता कि लोगों को बाद में वाइल्डकार्ड से सम्मानित किया जाना चाहिए।

## सार संक्षेप

### मुक्केबाजी: तीसरे सब जूनियर नेशनल में हरियाणा, पंजाब की शानदार शुरुआत

**नई दिल्ली**। ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रही तीसरी सब जूनियर नेशनल मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दिन हरियाणा के छह लड़के और पंजाब की चार लड़कियां जीत के साथ अगले दौर में पहुंच गए। हरियाणा के लिए, उदय सिंह (37 किग्रा) ने झारखंड के योराज पर 5-0 की शानदार जीत के साथ दिन की विजयी शुरुआत की। अपना दबदबा जारी रखते हुए, देव (43 किग्रा) और संचित जयनी (46 किग्रा) ने भी क्रमशः मिजोरम के वीएल रोहलुजुआला और महाराष्ट्र के सनी यादव के खिलाफ 5-0 से समान जीत हासिल की। रवि सिहाग (49 किग्रा), लक्ष्य (52 किग्रा), नमन (58 किग्रा) हरियाणा के अन्य मुक्केबाज थे, जिन्होंने अपने-अपने मुकाबलों में जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। लड़कों के वर्ग में पंजाब, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के चार-चार मुक्केबाजों ने भी दूसरे दौर में प्रवेश किया। इस बीच, जूनियर लड़कियों के मुकाबलों में पंजाब की मुक्केबाजों ने अपना दबदबा बनाया और चार में से तीन में आरएससी (रेफरी स्टॉप्स कॉन्टेस्ट) जीत हासिल की।

### एसीबी ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार से क्रिकेट बोर्डों पर अपनी नीतियां न थोपने का आग्रह किया

**नई दिल्ली**। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अफगानिस्तान के खिलाफ निर्धारित तीन मैचों की टी20 सीरीज को स्थगित करने के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के फैसले पर निराशा व्यक्त की है। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों में गिरावट का हवाला देते हुए इस साल अगस्त में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली पुरुषों की टी20 सीरीज को स्थगित कर दिया है। इस पर एसीबी ने जवाब दिया, 'अफगानिस्तान में खेल के महत्व और अफगान राष्ट्र की खुशी और आनंद से इसके संबंध को देखते हुए एसीबी क्रिकेट को राजनीतिक प्रभाव से अलग रखने की वकालत करता है।'

## श्रेयंका पाटिल ने विराट कोहली से मुलाकात को अपने जीवन का सबसे यादगार क्षण बताया



**नई दिल्ली,** 20 मार्च (एजेंसियां)। 2024 महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) खिताब विजेता टीम की सदस्य श्रेयंका पाटिल ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अनबॉक्स इवेंट में स्टाइलिश बल्लेबाज विराट कोहली से मुलाकात के बाद खुशी व्यक्त की। श्रेयंका आरसीबी महिला टीम का हिस्सा थीं जिसने फाइनल में दिल्ली कैपिटल (डीसी) को आठ विकेट से हराकर अपना पहला डब्ल्यूपीएल खिताब जीता था। श्रेयंका ने 3.3-0-12-4 के आंकड़े के साथ मेग लैनिंग, मिन्नू मणि, अरुंधति रेड्डी और तानिया भाटिया के प्रमुख विकेट लिए। श्रेयंका ने सोशल मीडिया एक्स (पहले ट्विटर) पर विराट कोहली के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की और इसे 'अपने जीवन का यादगार क्षण' बताया। 'उनका क्रिकेट देखना शुरू कर दिया। उनके जैसा बनने का सपना देखते हुए बड़ी हुई। और कल रात, मेरे जीवन का वह क्षण था। विराट ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हाय श्रेयंका, अच्छी गेंदबाजी, वह वास्तव में मेरा नाम जानते हैं।' श्रेयंका ने पूरे सीज़न में अपने असाधारण प्रदर्शन के लिए पर्पल कैप भी जीती। 8 मैचों में, ऑफ-ब्रेक गेंदबाज ने 7.30 की इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए, जिसमें 2 बार चार विकेट लेने का कारनामा भी उनके नाम पर है।

# भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें एफआईएच हॉकी 5 विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 20 मार्च (देशबन्धु)। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें बुधवार को जारी पहली एफआईएच हॉकी 5 विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही जबकि नीदरलैंड की पुरुष और महिला हॉकी शीर्ष पर हॉकी पहले स्थान पर हैं। पहली एफआईएच 5 विश्व रैंकिंग टीमों के पहले हॉकी 5 पुरुष और महिला विश्व कप और महाद्वीपीय चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर जारी की गई है।




■ पाक एफआईएच हॉकी 5 विश्व रैंकिग में नौवें स्थान पर

■ नीदरलैंड की पुरुष और महिला हॉकी टीमें शीर्ष पर

नीदरलैंड की पुरुष हॉकी टीम यूरोपीय चैंपियनशिप जीतने के बाद हॉकी 5 विश्व कप जीतने के बाद 1750 अंकों के साथ शीर्ष पर है। वहीं भारत (1400 अंक) की पुरुष हॉकी टीम एशियाई चैंपियनशिप जीतने के बाद हॉकी 5 विश्व कप में पांचवें स्थान पर, मलयेशिया (1400 अंक) की टीम एशियाई चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने के बाद हॉकी 5 विश्व कप में रजत जीत कर तथा ओमान (1400 अंक) िएशयाई चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहने के बाद हॉकी 5 विश्व कप मे कांसा जीत कर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। वहीं पाकिस्तान (1150 अंक) की पुरुष हॉकी टीम हॉकी 5 विश्व कप में चैलेंजर ट्रॉफी जीत कर नौवें और ऑस्ट्रेलिया(1100 अंक) दसवें वें स्थान पर है। वहीं नीदरलैंड की महिला टीम हॉकी 5 महिला विश्व रैंकिंग में यूरोपीय चैंपियनशिप और हॉकी 5 विश्व कप 1750 अंकों के साथ शीर्ष पर है। भारत की महिला हॉकी टीम हॉकी 5 विश्व कप में रजत एशियाई चैंपियनशिप चैंपियनशिप जीत कर कुल 1500 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। हॉकी 5 विश्व कप की कांस्य पदक विजेता पोलैंड(1450 अंक) महिला टीम तीसरे स्थान पर है।

एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने पहली हॉकी 5 विश्व रैंकिंग की घोषणा के बाद कहा, 'ओमान में पहले एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप से तस्वीर साफ है कि वैश्विक हॉकी समुदाय ने हॉकी 5 फॉर्मेट का दिल खोल कर स्वागत किया है। कम ढांचे और वित्तीय साधनों के हॉकी 5 दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहा है।